YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-194 | सोमवार, 18 अगस्त 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सपा बहादुर अखिलेश यादव, राजद के लाल तेजस्वी यादव और कांग्रेस के पंजा बहादुर राहुल गांधी तीनों लोकतंत्र के बजाय 'अराजकता' के प्रतीक बन चुके हैं। यह वे नेता हैं जो अन्य देशों में बैलट के इस्तेमाल का हवाला देकर अपने देश की ईवीएम का मखौल बनाकर बुलेट से बैलट में यकीन करते हैं। **स्वतंत्र देव**

**जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 3 जगह बादल फटा, 7 लोगों की मौत** 11

**ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से लौटे शुक्ला का स्वदेश आगमन पर भव्य स्वागत** 11

# वोट चोरी का आरोप संविधान का अपमान : ज्ञानेश कुमार



- सूची में हेराफ़ेरी का आरोप लगाने वाले सात दिन में सबूत दें, नहीं तो देश से माफी मांगे: चुनाव आयोग
- बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर फैलाया जा रहा भ्रम
- चुनाव आयोग के लिए कोई भी दल पक्ष या विपक्ष नहीं, सभी समकक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर कथित गड़बड़ी के आरोपों को लेकर शपथ पत्र के साथ सात दिन के अंदर सबूत पेश करने, अन्यथा देश से माफी मांगने के लिए कहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यहां विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ल्ल कोई किसी सूची में डेढ़ लाख मतदाताओं के नाम फर्जी होने का आरोप लगा दे, तो क्या आयोग बिना हलफनामे उनको नोटिस जारी कर देगा और उन्हें उप मंडलीय अधिकारी (एसडीएम) के दरवाजे पर चक्कर लगाने के लिए विवश करेगा। उन्होंने कंग्रेस नेता श्री गांधी द्वारा कर्नाटक और महाराष्ट्र की सूचियों में गड़बड़ी के लगाये गये आरोपों को लेकर पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा, मतदाता सूची में हेराफ़ेरी का आरोप संगीन है और ऐसे विषय में बिना हलफनामे के आयोग कोई कार्रवाई नहीं कर सकता है।

### अन्य राज्यों में एसआईआर की घोषणा उचित समय पर

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की तिथि उचित समय पर घोषित की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, '' पश्चिम बंगाल और दूसरी जगहों पर एसआईआर की तारीख हम ( दोनों चुनाव आयुक्तों के साथ) आने वाले समय में मिल करेंगे। उसकी घोषणा उचित समय पर की जाएगी। उनके साथ चुनाव आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त डा विवेक जोशी उपस्थित थे।

चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी की उपस्थिति में श्री कुमार ने श्री गांधी के आरोपों पर कहा, सात दिन में हलफनामा दें, नहीं तो देश से माफी मांगे। अन्यथा यही माना जाएगा कि ये आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु के भारतीय नागरिक को ही वोट देने का अधिकार है तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित किये गये हैं, जिनका कोई उल्लंघन नहीं कर सकता है। श्री कुमार ने कहा कि कुछ लोग चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रख कर मतदाताओं को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्ल चुनाव आयोग मतदाताओं के अधिकार की रक्षा के लिए चट्टान की तरह ● शेष पेज 11 पर

# संविधान के झंडाबरदार ही देते रहे बाबा साहब की भावनाओं को दगा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कंग्रेस का नाम लिये बिना उस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि संविधान के झंडाबरदार बनने वाले कुछ लोगों ने किस तरह से संविधान को कुचला है उसे सुनकर लोग सन्न रह जायेंगे जबकि उनकी सरकार पिछली सरकारों की गलतियों को सुधारने में लगी है।



श्री मोदी राजधानी में 11 हजार करोड़ रुपये की राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कंग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी के भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर संविधान की अवेहलना करने के आरोपों का उनका नाम लिये बिना करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और संविधान की बात करने वाले लोगों ने ही बाबा साहब की भावनाओं को दगा दिया। उन्होंने कहा, ये लोग जो सर पर संविधान रखकर ● शेष पेज 11 पर

# सी.पी. राधाकृष्णन होंगे राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार: नड्डा



नयी दिल्ली। महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। इस आशय का फैसला रविवार शाम को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति लिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे. पी. ● शेष पेज 11 पर

समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
रिद्धि पांडेय
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महराजगंज


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
शिबू खान
सेखन पुरवा धौरहरा लखीमपुर खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
अनुपम दीक्षित
प्रधान प्रतिनिधि रामलोक विकासखंड धौरहरा खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
रिजवान
ठेकेदार फतेपुर भाजपा समाजसेवी धौरहरा लखीमपुर खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
रिजवान
सभासद मोहल्ला आजाद नगर वार्ड नंबर 15 नगर पंचायत धौरहरा लखीमपुर खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
संजय रावत
जिला पंचायत सदस्य विकासखंड दरियाबाद बाराबंकी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
राधेश्याम मिश्रा
(पूर्व नौसैनिक)
ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड - दरियाबाद, बाराबंकी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
राजेश मौर्या
प्रधान, ग्राम पंचायत चंदपुरा विकासखंड रमिया बेहड़ खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
मुनीम
प्रधान प्रतिनिधि निवासी ग्राम बिंजहा विकासखंड रमिया बेहड़ खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
राजेन्द्र प्रसाद
प्रधानाचार्य पथरावा कड़ा, कौशाम्बी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
सरवन कुमार
सभासद फतहनगर नगर पंचायत धौरहरा खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
शैलेंद्र सिंह
पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा महादेवा प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत मड़ना रामनगर बाराबंकी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
जानकी प्रसाद वर्मा
मेंमोरिया महिला महाविद्यालय कोटवा सड़क बाराबंकी
प्रबंधक चन्द्रशेखर वर्मा ब्लॉक प्रमुख बनीकोडर


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
प्रीति वर्मा
ग्राम प्रधान जेठ़ौती कुर्मियान ब्लॉक दरियाबाद बाराबंकी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
भारत प्रकाश
स0 अध्यापक संविलयन विद्यालय अमुरा, मंझनपुर, कौशाम्बी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
नृपेंद्र कुमार चतुर्वेदी
वन क्षेत्राधिकारी वन रेंज धौरहरा दुधवा बफर जोन लखीमपुर खीरी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
श्री राम बाबू द्विवेदी
वरिष्ठ भाजपा नेता रामनगर बराबंकी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
श्रीमती अंजुम
प्रधान मथुरा नगर दरियाबाद


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
मोहम्मद जिलानी
कोटेदार जेठौती कुर्मियान दरियाबाद बाराबंकी


समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनंत शुभकामनाएं
शनि राज वर्मा
पत्रकार कौशाम्बी


आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तीर्थ रानी
(प्रधान)
नरेन्द्र वर्मा (प्रधान प्रतिनिधि)
होलागढ़, लखीमपुर खीरी


अमर मणि त्रिपाठी 'शुभ' का नीट 2025 में शानदार रैंक मिलने से एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) जोधपुर में एमबीबीएस हेतु नामांकन होने पर कोटिशः शुभकामनाएं
शकुंतला त्रिपाठी (दादी), शिवानन्द मणि त्रिपाठी (बड़े ताऊ), धर्मेश मणि त्रिपाठी(छोटे ताऊ), रमेश मणि त्रिपाठी (पिता) व अर्नव मणि त्रिपाठी(छोटा भाई) सहित पूरा मणि परिवार व मित्रगण

मूल निवासी - सिहोरिया वर्तमान निवासी- सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम,जेल बाई पास रोड, पादरी बाजार,गोरखपुर


प्रियंका निरंजन
जिलाधिकारी, जनपद गोंडा
समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

अंकिता जैन
मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोंडा



अतुल कुमार तिवारी
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद गोंडा

बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई-हैदरगढ़, बाराबंकी
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के शुभ अवसर पर क्षेत्र के सभी किसान भाईयों, प्रसासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों एवं अन्य सभी सम्मानित नागरिकों को हार्दिक बधाई
बी. के. यादव

# यूपी सरकार मीडिया कर्मियों को हर सम्भव सहायता व सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री नन्दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पत्रकारों की सबसे प्रभावी संस्था इलाहाबाद न्यूज रिपोर्टर्स क्लब (प्रेस क्लब) द्वारा पत्रकार परिवार मिलन समारोह का आयोजन केपी कम्युनिटी सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों और उनके परिवारों के लगभग एक हजार सदस्य शामिल हुए।समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के औद्योगिक विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी रहे। इस दौरान चित्रकला, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रि भोज का भी आयोजन हुआ।अपने संबोधन में मंत्री नन्दी ने कोरोना काल से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक पत्रकारों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और देश के विकास में मीडिया का योगदान अमूल्य है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि योगी सरकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को हर सम्भव सहायता और उचित सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है।मंत्री नन्दी ने क्लब अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष रतन कुमार दीक्षित और सचिव मुनेंद्र वाजपेयी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. के.डी. त्रिपाठी, बसपा नेता चौधरी सईद अहमद, डॉ. पंकज जायसवाल और डॉ. रंजना त्रिपाठी सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।समारोह का संचालन राजीव रंजन मिश्र ने किया जबकि संयुक्त सचिव अनंत राम कुशवाहा ने आभार प्रकट किया।

# राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा अकबरपुर, स्वतंत्रता दिवस पर उमड़ा देशप्रेम का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नगर पालिका कार्यालय पर चेयरमैन ने फहराया तिरंगा, अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने बताई आजादी के नायकों की संघर्षगाथा**



अकबरपुर अम्बेडकरनगर : स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समूचा जनपद देशभक्ति की उमंग और आजादी के उल्लास में सराबोर रहा। नगर पालिका परिषद की व्यापक तैयारियों ने नगर के कोने-कोने को तिरंगाई रंग में रंग दिया। जगह-जगह पर तिरंगा झंडा और आकर्षक सजावट ने शहर को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

आजादी के मधुर गीतों और देशभक्ति पर आधारित झांकियों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों तक हर किसी के हृदय में देशप्रेम का ज्वार उमड़ पड़ा। तय कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका परिषद कार्यालय पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश वर्मा ने शान से राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी श्रीमती बीना सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी हमें सहज रूप से नहीं मिली, बल्कि इसके पीछे असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों का अथक संघर्ष, बलिदान और त्याग जुड़ा हुआ है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि आज के समय में देश सेवा का सबसे बड़ा माध्यम स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समरसता है। बीना सिंह ने यह भी बताया कि हर घर तिरंगा अभियान नगर पालिका की सक्रिय भागीदारी और आम नागरिकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। समारोह में नगर पालिका टीम सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति कार्यक्रम को और भव्य बना रही थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेई शैलेन्द्र सिंह, जलकल प्रभारी जसवंत सिंह यादव, अनूप सोनकर, ओम कार नाथ तिवारी , मोहम्मद इसराइल, रोहित सिंह, शेर अली, सौरभ पांडेय, पवन विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी मौजूद रहे। नगर पालिका द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व ही नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराने का अवसर भी है।

## धारदार हथियार से युवक की हत्या, शव नहर में फेंका

**प्रयागराज।** मऊआईमा थाना क्षेत्र के बालाडीह गांव में अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से युवक का गला रेतकर हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।


## जन्माष्टमी की रात 15 लाख की चोरी

प्रयागराज। जन्माष्टमी की रात अतरसुइया थाना क्षेत्र के मीरपुर इलाके में चोरों ने हंडिया कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता के घर धावा बोलकर करीब 15 लाख रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया।जानकारी के अनुसार, पूरा परिवार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने बाहर गया था। इसी दौरान घर खाली पाकर चोरों ने ताले तोड़ डाले और कीमती जेवरात व नकदी चुरा ले गए।घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

## शराब पीने से मना किया तो दबंगों ने पीटा

सरोजिनी नगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के आजाद नगर चिल्लावां निवासी आलोक तिवारी पुत्र स्वर्गीय ताराचंद ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत देकर अपने साथ हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आलोक तिवारी के अनुसार शुक्रवार करीब 8 से 9:00 बजे के बीच अपने भाई मनीष तिवारी के साथ अंग्रेजी शराब ठेके के बगल में कबाब पराठा खा रहे थे तभी अचानक से दो लोग बगल में आकर दारु पीने लगे जब उन्होंने कहा कि थोड़ा दूर हटकर दारू पी लो तो इसी बात पर वह लोग उग्र होकर मां बहन की गाली देते हुए मारने पीटने लगे तथा अपने अन्य साथियों अंकुर गुप्ता पुत्र कल्लू गुप्ता, अरुण पुत्र नौमी लाल, अली पुत्र रहीम अहमद दगा, रितेश पुत्र जुगुल एवं गुल्ला व दो अज्ञात निवासी चिल्लावां यह सभी लोग मिलकर मारने पीटने लगे तथा मेरे ऊपर शराब भी फेंकने लगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपी द्वारा उसे मारते-मारते नाली में गिरा दिया गया जिस कारण उसका मोबाइल खराब हो गया इसी बीच उसका भाई मनीष तिवारी बचाने लगा तो उसे भी मां बहन की गाली देते हुए मारने पीटने लगे। इसके बाद दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित के अनुसार उसे व उसके भाई को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल व आरोपियों की छानबीन कर रही है।

## भावांजलि कार्यक्रम हुआ संपन्न



गोरखपुर । 17 अगस्त 2025 को कवयित्री डॉ सरिता सिंह के नेतृत्व में श्राद्धांजलि सभा सम्पन्न हुआ । अभिनेता मानवेंद्र त्रिपाठी के पिता एवं गौरव त्रिपाठी जी के दादा रेलवे से सेवानिवृत नरमु के पदाधिकारी स्वर्गीय सतीश चंद्र त्रिपाठी जी की स्मृति में , पिछले वर्ष आर्थिक रूप से पिछड़े साहित्यकारों के कल्याण के लिए एक एक योजना पिछले साल बनाई गई जिसका यह दूसरा वर्ष है पिछले वर्ष यह सम्मान निर्मल कुमार निर्मल को दिया गया था इस वर्ष वरिष्ठ साहित्यकार प्रेमलता रसबिंदु जी को यह सम्मान देकर उनको संबल प्रदान किया गया , । भावांजलि के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ प्रतिभा गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ , एडवोकेट पूजा गुप्तासमाजसेवी एवं डॉ सत्यमवदा शर्मा, डॉ सरिता सिंह,अरुण ब्रह्मचारी, अरविंद अकेला दयानंद त्रिपाठी व्याकुल सुनील मणि त्रिपाठी , सुमित शर्मा पैडमैन , वाई के पांडे, एवं त्रिपाठी जी के परिजन उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संयोजन व संचालन कवयित्री सरिता सिंह ने किया।

## सताव ब्लॉक में पूर्व ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



रायबरेली। आजादी के 79 अमृत महोत्सव के उपलक्ष में उमेश प्रताप सिंह ने सताँव ब्लॉक में निकाली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा । उमेश प्रताप सिंह ने इस भव्य तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। तत्पश्चात गुरुबक्सगंज में क्षेत्र के सम्मानित लोगों के मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस मनाया । तिरंगा यात्रा सहजौरा, ताला, होते हुए गुरबक्शगंज तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हजारों लोगों ने बाइक और फोरव्हीलर से शामिल होकर देशभक्ति का ऐतिहासिक दृश्य रचा। यात्रा में सजी हुई जेसीबी पर तिरंगे की शान और पुष्पवर्षा ने माहौल को रोमांच से भर दिया। विशाल तिरंगा यत्रा,हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोग।

## पीड़ित परिवार से की मुलाकात

रायबरेली। विकासखंड सताँव के ग्राम कोरिहर में ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा शोक संवेदनाएं व्यक्त की। हरचंदपुर ब्लॉक के अघौरा क्षेत्र में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना घटी इस दुर्घटना में तीन युवक चपेट में आ गए । रिंकू पासवान (नान्हा) की मौके पर ही मृत्यु विजय पासी और मोनू पासी (पुत्र स्व. सुखलाल) गंभीर रूप से घायल प्रमुख ने अपने निजी खर्चे से ?1,00,000 एक लाख रुपए की सहायता राशि दिवंगत रिंकू के परिवार को सौंपी 20,000,20,000 की मदद दोनों घायलों को दी। परिवार को ढाढ़स बंधाया और हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। श्री सिंह ने कहा कि राजनीति को सेवा का माध्यम मानता हूँ, और दु:ख की घड़ी में साथ खड़ा रहना ही मेरा धर्म है। हम दिवंगत आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

## सर्वोदय विद्यालय के मरम्मत कार्य में अनियमितिता पर जेई की सेवा समाप्त

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक) गोपालपुर, भोजीपुरा बरेली का रविवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रहे भवन मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का अभाव दिखने पर नाराज राज्यमंत्री ने आउटसोर्सिंग पर कार्यरत जूनियर इंजीनियर (जेई) माज खान की सेवा तत्काल समाप्त करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मरम्मत कार्य को तय मानकों के अनुसार समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश भी दिए। असीम अरुण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वोदय विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा एंव सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 1.5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से विद्यालय भवन को नया स्वरूप देने का कार्य किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों को फर्नीचर से लेकर भोजन तक सभी व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिलें। उन्होंने बताया कि भोजीपुरा सर्वोदय विद्यालय में टाइल्स लगाने के कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित जेई को हटा दिया गया है।

# झांकी देखकर पूरा परिसर जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शनिवार की रात मोहनलालगंज थाना परिसर में भव्य आयोजन किया गया। मोहनलालगंज कोतवाल दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुए इस विशेष कार्यक्रम में धार्मिक आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे थाना परिसर को रोशनी और फूलों से सजाया गया था।रात 12 बजते ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी प्रस्तुत की गई। प्रतीकात्मक रूप से बंदीगृह के ताले खोले गए और में बालगोपाल यह झांकी देखकर पूरा परिसर जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा।प्रधान और सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए कार्यक्रम में सहभागिता की।पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। थानाध्यक्ष दिलेश कुमार सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। पुलिस बल को भी इन्हीं आदर्शों पर कार्य करना चाहिए। लोगों ने पहली बार कोतवाली परिसर में हुए इस तरह के भव्य आयोजन की सराहना की और इसे सामाजिकऽधार्मिक सौहार्द और एकता की मिसाल बताया। इस मौके पर पत्रकार राजेश सिंह भंडारी धीरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व प्रधान कूड़ा राघवेंद्र यादव भाजपा मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला किसान मोर्चा अध्यक्ष अभय सिंह योगेंद्र सिंह छोटू सिंह एडवोकेट जसवीर सिंह सौरव सिंह पत्रकार मुकेश द्विवेदी चौकी इंचार्ज खजौली संजय वर्मा अतुल सिंह दीपेंद्र प्रधान प्रतिनिधि कुढ़ा उमेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि खुजौली राजकुमार, सत्येंद्र कुमार पाल साधन सहकारी समिति अध्यक्ष आशीष सिंह समेत क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# फरार मुल्जिम के घर 82 के तहत पुलिस ने चस्पा की नोटिस

**हाजिर न होने पर होगी कुर्की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव,प्रयागराज। खीरी थाना क्षेत्र के पूरादत्तू ग्राम में शनिवार को पोक्सो एक्ट के फरार मुल्जिम के घर 82 के तहत खीरी पुलिस के द्वारा नोटिस चस्पा किया गया। नोटिस चस्पा हो जाने के बाद यदि अभियुक्त थाना या न्यायालय में हाजिर नहीं होगा तो पुलिस के द्वारा कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। ज्ञातव्य हो कि उक्त थानांतर्गत पूरादत्तू ग्राम के जय चौहान उर्फ अजय पुत्र नंदलाल का पुत्र दिलीप चौहान उम्र लगभग 10 वर्ष के साथ उक्त ग्राम का रहने वाला मोनू उपाध्याय उर्फ सतीश पुत्र राम निहोर उपाध्याय दिनांक 01.06.2025 को दिलीप चौहान के साथ उसकी पैंट उतारकर गलत हरकत किया था।जिसके बावत दिनांक 2.06.2025 को थाना खीरी में जय चौहान उर्फ अजय चौहान पुत्र नन्दलाल के लिखित तहरीर पर थाना खीरी में मु0अ0सं0 73/25 अंतर्गत धारा 351(3) उगट्ट व ? पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मोनू उपाध्याय उर्फ सतीश पुत्र राम निहोर उपाध्याय लगातार फरार चल रहा है और पुलिस से अपने आप को छुपा रहा है। माननीय न्यायालय स्पेशल जज पोक्सो एक्ट इलाहाबाद द्वारा जारी धारा 84 उगट्ट की तामिला हेतु उप निरीक्षक अम्बेश कुमार मिश्रा मय हमराहियान अभियुक्त मोनू उपाध्याय उर्फ सतीश पुत्र राम निहोर निवासी पुरादत्तू थाना खीरी के घर पहुंचकर नियमानुसार मोनू उपाध्याय उर्फ सतीश उपरोक्त के बारे में समक्ष गवाह रामनिहोर उपाध्याय पुत्र स्व0 रामप्यारे उम्र 63 वर्ष व महेन्द्र मिश्रा पुत्र चिन्तामणि मिश्रा निवासीगण ग्राम पुरादत्तू थाना खीरी के यहां मुनादी इस सम्बन्ध में करायी गई कि अभियुक्त मोनू उपाध्याय उर्फ सतीश उपरोक्त माननीय न्यायालय व पुलिस के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करें। तथा यह भी कराया गया कि अभियुक्त मोनू उपाध्याय उर्फ सतीश कई महीनों से फरार चल रहा है जो न्यायालय व पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा है। न्यायालय के आदेश द्वारा जारी धारा 82 द0प्र0स0 (84बीएनएसएस) को अभियुक्त के घर पर उपस्थित गवाह के समक्ष चस्पा किया गया ।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया। इस पावन क्षण के साक्षी बनने के लिए सैकड़ो की संख्या में जनपदवासी, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ, जिसके बाद जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि इसे बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए सभी लोगों को मिलकर कार्य करना है, यह हम सब का दायित्व है जनता के कल्याण के लिए जिला प्रशासन हमेशा तत्पर रहेगा। जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मी नीरज श्रीवास्तव को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर 1968 के बाद जनपद की पहली जिलाधिकारी है जिन्होंने कलेक्ट्रेट में दूसरी बार झंडारोहण किया है। इस अवसर पर समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री और राजेश ने जिला अधिकारी को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। वरिष्ठ कोषधिकारी भावना श्रीवास्तव ने देशभक्ति गीत भी सुनाया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्र सिद्धार्थ, अपर जिला अधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विशाल यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, उप जिलाधिकारी न्यायिक अभिषेक वर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# सेंट पॉल्स कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ मेधावी छात्रों का सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कैंट स्थित सेंट पॉल्स कॉलेज में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि प्रशासनिक अधिकारी, 67 यूपी बटालियन एनसीसी तथा विद्यालय के पूर्व छात्र रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद सीनियर कैंपस के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। समारोह का मुख्य आकर्षण था आईसीएसई और आईएससी वर्ग के मेधावी छात्रों का सम्मान। इस दौरान आयोजित समारोह में विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। जिनमें प्रमुख रूप से प्रभात जैन ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ छात्र ऽ आइएससी) से शर्व गर्ग को, पंकज अवस्थी ट्रॉफी (सर्वश्रेष्ठ छात्र ऽ आईसीएसई) से अलीना हयात को और नवेंदु जैन ट्रॉफी (जीनियस ऑफ द ईयर) से स्वयत्त मौर्य को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि तथा सेंट पॉल्स एलुमनाई एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा किया गए। इसमें आशीष यादव (अध्यक्ष), रवि सेठ (उपाध्यक्ष), मनप्रीत सिंह (सचिव) तथा वरिष्ठ एलुमनाई सदस्य अभिलाषा त्रिपाठी, हनीश पहूजा, आशीष गुप्ता, प्रतीक सिंह और दलजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य रेव. फादर तेज प्रकाश बारा द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर हुआ। यह दिवस एकता, अनुशासन और पॉलाइट भावना का गौरवपूर्ण प्रतीक बना।

# सिद्ध शक्ति पीठ सत्य मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य और भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सिद्ध शक्ति पीठ सत्य मंदिर में इस वर्ष का श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भक्ति, ज्ञान और कर्म के अद्वितीय संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। यह विश्व का एकमात्र मंदिर है जहां भगवान श्रीकृष्ण का ल्लिपि रूपङ्क दर्शन प्रतिष्ठित है। 31 मार्च 1972 से श्रीकृष्ण चेतना अवतार देवी मां के माध्यम से भगवान स्वयं दिव्य संदेश लिपि रूप में प्रदान कर रहे हैं, और यह प्रवाह आज भी आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी एवं दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी के कर-कमलों से निरंतर जारी है। अब तक 400 से अधिक 'वाणी खंड' प्रकाशित हो चुके हैं, जिनका अध्ययन देश-विदेश में असंख्य श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन और शांति प्रदान कर रहा है।जन्माष्टमी के अवसर पर सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर एवं विश्वात्मा मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित भव्य झांकियां सजाई गईं। इन अद्भुत सजावटों ने श्रद्धालुओं को मानो द्वापर युग में पहुंचा दिया। भगवान की अलौकिक झांकी का अनावरण दिव्य शक्ति मां पूनम जी एवं योगीराज श्री अभिनव महाराज जी ने किया।अपने प्रेरक प्रवचन में दिव्य शक्ति मां पूनम जी ने कहा भगवान श्रीकृष्ण की कृपा पाना केवल जन्माष्टमी मनाने से नहीं होता। सत्य और धर्म की रक्षा, प्राणीमात्र की सेवा, और अधर्म के विरोध में खड़ा होना ही सच्ची भक्ति है। ट्टइटए क्क्ष्फ्द्द्यधध्द्दद्ध्र क्ष्द्धद के एक्र डॉ. सुनील मोतीवाल ने भी अपने संबोधन में कहा यह जन्माष्टमी विशेष है क्योंकि यहां केवल भक्ति नहीं, बल्कि भगवान के उपदेशों पर आधारित कर्म की शिक्षा भी दी जा रही है जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# आम आढ़ती से व्यापारी ने की करोड़ों की धोखाधड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आम आढ़तियों के साथ धोखाधड़ी कर करोड़ो रूपये मारकर व्यापारी आढ़तियों को पैसे देंने के बजाय धमकियां दी रहा है। पीड़ित आढ़ती नें मलिहाबाद पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। बृहस्पतिवार को पीड़ित द्वारा पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि व्यापारी सुनील गुप्ता निवासी मिर्ज़ागंज, मलिहाबाद एवं अक्षत गुप्ता उर्फ केशू पुत्र कवी गुप्ता उर्फ़ बब्लू जो राजधानी फूट कम्पनी के नाम से आम का व्यापार करते हैं, तथा विपक्षीगण ने पीड़ित की फर्म शान फ्रूट कम्पनी नाम से लगभग 60, लाख रू0 के आम खरीदे थे। जिसमें से विपक्षीगण ने लगभग 37 लाख रूध दे दिये हैं शेष धनराशि 23 लाख रू? अभी शेष बाकी है। जब पीड़ित विपक्षीगण से अपने शेष बकाया धनराशि माँगता है तो विपक्षीगण गन्दी गन्दी आपत्तिजनक गालियाँ देते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। विपक्षीगण मंडी के काफी लोगो के करोड़ो रूपये गबन किये बैठे हैं इन लोगो से पैसे मांगने पर लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। मलिहाबाद पुलिस ने पीड़ित को कार्यवाही का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 BNSS)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त रामानुज प्रसाद पुत्र राज नारायण शास्त्री निवासी 211/A सिविल लाईन्स बैजनाथ कॉलोनी, सीतापुर ने केस नं0 25816/22 धारा 138 N.I. ACT थाना नानपारा, जनपद बहराइच के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफतारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त रामानुज प्रसाद मिल नही रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त रामानुज प्रसाद फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त रामानुज प्रसाद से अपेक्षा की जाती है कि ये इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनाँक 16.09.2025 को या उसके पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**वीरेन्द्र कुमार-IV**
**न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**बहराइच**

## न्यायालय, श्रीमान जिला अपर न्यायाधीश, ग्यारह, प0 चम्पारण, बेतिया।

प्रोबेट वाद सं0- 50/2023
सी0आई0एस0 50/2023
सम्पादक- धर्मशंकर सिंह
आवेदक : अवधेश सिंह वो0
बनाम विपक्षीगण
1. विनय कुमार सिंह, वल्द स्व0 विपिन बिहारी सिंह, साकिन-अकटाहा, पोस्ट छपौली, थाना रूद्रपुर, जिला- देवरिया, उत्तर प्रदेश
2. बृजेश्वरी शाही, पति स्व0 गोपाल शाही, सा0- कुर्सी रोड लखनउ, थाना- लखनऊ, जिला- लखनउ, उत्तर प्रदेश।
3. बिन्दु सिंह, पति अभय सिंह, सा0- साबुकपुर, पो0- साबुकपुर, थाना- बसखारी, जिला अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश।

चूँ बजरिए पेपर प्रकाशन आप सभी को सूचित किया जाता है कि प्रोबेट वाद सं0 50/23 श्रीमान जिला अपर न्यायाधीश, ग्यारह, बेतिया, प0 चम्पारण, बिहार के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आप सभी की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत एवं रजिस्ट्री के माध्यम से नोटिस भेजा गया है परंतु आप लोग उपस्थित नहीं हो रहे हैं। अतः इस पेपर प्रकाशन के माध्यम से आप सभी को पुनः सूचित किया जाता है कि नियत तिथि 18.09.2025 को सुबह 10:30 बजे अपने खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त वाद में उपस्थित होकर आप समुचित कार्यवाही करें अन्यथा वाद में उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

**आदेश से 07-08-28**
**जिला अपर न्यायाधीश, ग्यारह व्यवहार न्यायालय, बेतिया प0 चम्पारण।**

## तिरंगामय हुआ सरोजनीनगर

# हज़ारों युवाओं ने विधायक के नेतृत्व में 25 किमी लंबी बाइक रैली निकाली

**स्वतंत्रता दिवस पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया युवाओं में आत्मबल, आत्मसम्मान और आत्मगौरव का संचार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरोजिनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में भव्य 25 किमी लंबी बाइक रैली निकाली गई। बंथरा से शुरू हुई इस यात्रा में हज़ारों युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए बारिश की परवाह किए बिना देशभक्ति का अद्भुत उत्साह दिखाया। डॉ. सिंह स्वयं बुलेट पर सवार होकर युवाओं को प्रेरित करते रहे। रैली ट्रांसपोर्ट नगर, तेलीबाग, बंगला बाज़ार होते हुए डॉ. भीमराव



अंबेडकर ऑडिटोरियम, कानपुर रोड, एलडीए कॉलोनी पहुँची।

डॉ. सिंह ने कहा, ञ्युवाओं के नए विचार भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हम युवाओं को हर स्तर पर सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ङ्क उन्होंने याद दिलाया, ञ्पिछले हज़ार वर्षों में भारत पर 200 से अधिक आक्रमण हुए। जब-जब हम कमजोर हुए, हमने भारी कीमत चुकाई। आज भारत आत्मविश्वास के साथ जाग उठा है।

भारी बारिश के बावजूद यह रैली भारत के गौरव, एकता और युवाशक्ति का एक भव्य उत्सव बन गई। रैली में पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, पूर्व सांसद रीना चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पुष्कर शुक्ल, कर्नल दयाशंकर दुबे, सुनील रावत, रंजीत रावत, शिवशंकर विश्वकर्मा, विनोद मौर्य, मोहित तिवारी, के. के. श्रीवास्तव, शिव बख्श सिंह, विवेक राजपूत, शंकरी सिंह, गंगाराम अंबेडकर, कौशलेंद्र द्विवेदी, सौरभ सिंह मोनू, राम नरेश रावत, कमलेश सिंह, गीता देवी, बृजमोहन शर्मा, विमल तिवारी, लवकुश रावत तथा अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग व वेल्डिंग कारीगर ने फंदा लगाकर दी जान

सरोजनी नगर। क्षेत्र के दरोगा खेड़ा निवासी 65 वर्षीय हरिश्चन्द्र ने गुरुवार रात को अपने कमरे में पंखे से लुंगी का फंदा लगाकर जान दे दी। बताते हैं कि हरिश्चंद्र अपनी पत्नी और छह बेटों के साथ रहते थे। जिनमें से तीन की शादी हो चुकी है। गुरुवार रात खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। शुक्रवार सुबह परिजनो को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। दूसरी ओर इलाके में ही एक वेल्डिंग कारीगर ने अपने कमरे में धोती से फांसी लगा कर जान दे दी। थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा निवासी विकास गौतम ( 21 ) गुरुवार रात को शराब के नशे में घर लौटा। खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया।शुक्रवार सुबह जब उसकी मां मंजू उसे जगाने गईं, तो उन्होंने विकास को कमरे की छत में लगे छल्ले से धोती के सहारे मृत अवस्था में लटका हुआ पाया। मां की चीख-पुकार सुनकर घर के अन्य सदस्य भी वहां पहुंच गए। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## किंग ऑफ लखनऊ ग्रुप की ओर से निकाली गई भव्य तिरंगा बाइक रैली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर किंग ऑफ लखनऊ ग्रुप की ओर से भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। इस रैली की अध्यक्षता विपिन शंकर यादव, शिव प्रकाश अवस्थी, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, आंशू कनौजिया, सचिन शंकर यादव एवं अभिषेक पांडेय ने की। देशभक्ति के जोश से ओत-प्रोत यह तिरंगा बाइक रैली दुबग्गा स्थित शहीद स्मारक से प्रारंभ हुई। रैली में शामिल बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथों में तिरंगा थामे भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। यह तिरंगा यात्रा जल निगम रोड होते हुए बालागंज चौराहे पर संपन्न हुई। रैली के दौरान जगह-जगह लोगों ने युवाओं का स्वागत किया और तिरंगे को सलामी दी। आयोजकों ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस की महत्ता को युवाओं तक पहुँचाना और हर दिल में तिरंगे के प्रति सम्मान जगाना है।

# सपा सांसद व पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने शोकाकुल परिजन से की मुलाकात

**क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में हुई थी घटनाएं, दी सांत्वना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। निगोहां व नगराम थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों अलग-अलग गांवों में नगराम के विशुनपुर मजरा अनैया खरगापुर और निगोहा के भैरमपुर मजरा मीरखनगर में अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मौत की खबर मिलते ही सपा सांसद आर.के. चौधरी व पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर पीड़ित परिवारों से मिलने इन गांवों में पहुंचे और दुख की इस घड़ी में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। पहला हादसा नगराम के विशुनपुर मजरा अनैया खरगापुर गांव में हुआ, जहां रामदास रावत की सर्पदंश से मौत हो गई। सांसद ने मौके पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढाढ़स बंधाया और उपजिलाधिकारी से बात कर तत्काल सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सांसद चौधरी निगोहा के भैरमपुर मजरा मीरखनगर



पहुंचे, जहां दो अन्य दर्दनाक घटनाएं सामने आईं। शैलेन्द्र कुमार धीमान की पुत्री महेक की करंट लगने से मौत हो गई, वहीं रानी सोनी के पुत्र यश सोनी का असमय निधन हो गया। सांसद ने दोनों परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की और उन्हें इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, गजराज रावत, बूथ प्रभारी संतोष रावत, संतराम रावत, हरीशंकर रावत, मोहम्मद अनीद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। गांवों में मातमी सन्नाटा पसरा रहा और लोगों ने सांसद द्वारा व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने के प्रयास की सराहना की।

# ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया 79 वा स्वतंत्रता दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ । राजधानी के ग्रामीण अंचलों में आजादी का पर्व 79 वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सभी सरकारी व अर्ध सरकारी संस्थानो ० स्कूलों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई वही ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं ने जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली, तिरंगा यात्रा का ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर जगह जगह स्वागत कर सभी का उत्साहवर्धन किया तिरंगायात्रा के दौरान देश भक्ति के जश्न में डीजे पर थिरकते युवाओं द्वारा जय हिंद , जय भारत , वंदे मातरम ,भारत माता की जय ,के जयकारो से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा । वही गोपाल खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिकाओ , ग्रामीणों एवं बच्चों की मौजूदगी में पत्रकार एकता वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सिंह भंडारी व प्रधानाचार्या माया दीक्षित ने ध्वजा रोहण कर तिरंगे को सलामी दी वही राष्ट्र गान के बाद बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम ० देश भक्ति के गीत नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी




का मन मोह लिया वही कार्यक्रम के तत्पश्चात मेधावी बच्चों को मेडल ० उपहार देकर मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य माया दीक्षित ,कल्पना सिंह ज्योति दीक्षित ,प्रियंका श्रीवास्तव , चंद्रबाला , मीनाक्षी , रीना यादव एवं पत्रकार हिमांशु सिंह, एडवोकेट बलराम सिंह ,शुभम सिंह, लाली सिंह समेत बच्चों के अभिभावक गण मौजूद रहे ।वही नगर पंचायत मोहनलालगंज मऊ में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति में सभापति कुंवर रंजीत बक्श सिंह व उप सभापति धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी एवं मौके पर मौजूद समिति के सदस्यों ० किसानों ० ग्रामीणों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर पूर्व उपसभापति विनोद गुप्ता , सदस्य जंगली प्रसाद् , दिलीप कुमार ,गंगा प्रसाद सहित ग्रामीण ० किसान मौजूद रहे । वहीं भौंदरी सहकारी समिति पर सभापति देशपाल सिंह ने ध्वजारोहण कर मौजूद समिति के सदस्यों ० किसानों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी ।

# फरीदीपुर जलभराव: नेता आए-गए, जनता बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज लखनऊ। राजधानी का फरीदीपुर क्षेत्र बीते कई दिनों से जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो चुका है। हालात यह हैं कि बच्चों की पढ़ाई ठप है, दफ्तर जाने वाले लोग घरों में कैद हैं और स्थानीय दुकानों पर ताले लटक गए हैं। पार्षद का दौरा ऽ लेकिन सवाल जस के तस जलभराव की शिकायतों के बीच क्षेत्रीय पार्षद बादशाह ग़ाज़ी भारी लाव-लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महापौर सुषमा खड़कवाल और नगर निगम पर निशाना साधा। उनका कहना था कि बार-बार शिकायतों और बजट की सिफारिशों के बावजूद सत्ता के दबाव में कार्रवाई नहीं हो रही। लेकिन सवाल यह है कि महज बयानबाज़ी और आरोप-प्रत्यारोप से फरीदीपुर की सड़कें सूखेंगी या जनता की तकलीफ़ें कम होंगी? नाराज़ जनता ऽ हमें आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्षद तभी नज़र आते हैं जब वीडियो और ख़बरें वायरल होती हैं। उसके बाद कुछ खोखले आश्वासन, दोऽचार फोटो खिंचवाने



**सत्ता और विपक्ष की राजनीति को चलते जनता परेशान**

की रस्म अदायगी और बस। जनता का गुस्सा साफ है ऽ अब उन्हें अस्थायी राहत नहीं, स्थायी समाधान चाहिए।

कंटेनर से निकाला पानी, लेकिन पार्षद ने मौके पर कंटेनर बुलाकर पानी निकलवाने की व्यवस्था की, पर यह उपाय ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। बारिश दोबारा हुई तो हालात वहीं के वहीं।

बड़ा सवाल- क्या जनता की सेवा के नाम पर राजनीति हो रही है या राजनीति के नाम पर सेवा? फरीदीपुर के लोग अब सब्र खो रहे हैं। उनकी साफ मांग है ऽ दिखावे की राजनीति बंद हो, और जलभराव से स्थायी निज़ात दिलाई जाए।

# नगराम क्षेत्र के सरकारी व अर्धसरकारी संस्थानों में फहराया गया तिरंगा

**सीपीएल पब्लिक इंटर कालेज के 15 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

**90 प्रतिशत से अधिक हाईस्कूल में प्राप्त किया था इन छात्रों ने अंक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस नगराम क्षेत्र में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया , जगह-जगह ध्वजारोहण करने के साथ स्कूली बच्चों ने प्रभात फ़ेरी निकाल कर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। शुक्रवार को नगराम क्षेत्र में सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, विद्युत उपकेंद्र समेसी में जेई आशीष कुमार, सीएचसी नगराम में अधीक्षक



राजेश कुमार, अनैया खरगापुर स्थित मेरिज लान व पवन पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर गौरव भारद्वाज, बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने ध्वजारोहण किया , पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा ने ध्वजारोहण किया, लक्ष्मणपुर स्थित सीपीएल पब्लिक इंटर कालेज में प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात हाईस्कूल में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 15 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान विकास पटेल ने ध्वजारोहण किया , वहीं छतौनी स्थित शिव नंदन इंटर कालेज में प्रधानाचार्य एससी मिश्रा, गुमानी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में अनिल वर्मा। वहीं समेसी में ग्राम प्रधान अशोक रावत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाइक तिरंगा रैली निकाली । इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हाथ-पैर चढ़ाने वाले के इलाज से शख्स की मौत का आरोप



काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। काकोरी थाना क्षेत्र के जलिया मऊ गाँव में एक दुखद घटना सामने आई है, जहाँ 9 दिन पहले काम करते हुए घायल हुए एक राजमिस्त्री की मौत के बाद हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान उमाशंकर, पुत्र स्वर्गीय जंग बहादुर, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी जलिया मऊ के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, उमाशंकर लगभग 9 दिन पहले सहादतगंज में राजमिस्त्री का काम करते समय गिर गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें तुरंत ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा था। इलाज के बाद परिजन उन्हें वापस गाँव ले आए थे। शुक्रवार, 16 अगस्त को गांव के ही एक व्यक्ति सुखराम रावत के साढू अभिषेक, जो ऊंचा गांव हसनगंज, उन्नाव के रहने वाले हैं और हाथ-पैर चढ़ाने का काम करते हैं, ने उमाशंकर का इलाज किया। परिजनों का आरोप है कि अभिषेक ने जिस पैर में चोट लगी थी, उसे ठीक करने के लिए खींचा, जिसके बाद उमाशंकर की तबीयत बिगड़ गई और उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद, मृतक के परिजनों ने अभिषेक पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोप लगाया है। फिलहाल, उमाशंकर का शव मोर्चरी में रखा गया है और पुलिस ने पंचायत नामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम होने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नागेश कुमार ने पतंजलि योग समिति गंगागंज मे हवन-यज्ञ के बाद फहराया तिरंगा



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति गंगागंज के प्रभारी नागेश कुमार ने तिरंगा फहराया। इससे पहले वहा उपस्थित योग साधकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ किया। पतंजलि योग समिति गंगागंज के प्रभारी नागेश कुमार ने बताया कि यहां पर प्रतिदिन निशुल्क योग शिविर का आयोजन होता है, उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरूक करना है। स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है, योग से शारीरिक-मानसिक विकास होता है। वहीं योग तनाव और चिंता को दूर करता है, स्वस्थ जीवन जीने कि लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग समिति परिसर में भारत का मानचित्र बनाया गया, मानव श्रंखला में लोगों ने कतारबद्ध होकर हाथ में तिरंगा लहराते हुए वंदे मातरम एवं भारत माता के जयकारों से पतंजलि योग समिति गंगागंज परिसर गूंज उठा । इस मौके पर पतंजलि योग समिति लखनऊ प्रभारी उदय राज, एकल विद्यालय प्रमुख माधवेन्द्र सिंह, ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, योग समिति संचालक रामकुमार पाण्डेय, लल्लू राम यादव, आनन्द, कुलदीप, डॉ वीडी सिंह, अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन, अनिल वर्मा, मनोज, रवि सहित बड़ी संख्या में योग साधकों ने ध्वजारोहण में प्रतिभाग किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजनी नगर इलाके में एक 11 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका अनन्या कक्षा 6 की छात्रा थी। गुरुवार रात करीब 2 बजे उसकी तबीयत अचानक खराब गई जिस पर परिजन उसे तुरंत पास के अस्पताल ले गए। वहां से चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा के पिता जयपाल मूल रूप से उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के कांथा के रहने वाले हैं। वह अपनी पत्नी पुष्पा और तीन बच्चों के साथ सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा में किराए के मकान में रहते हैं। मौत के कारणों की जांच के लिए पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# लखनऊ मेट्रो फ़ेस-2 को मिली हरी झंडी पर गूंजा आभार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ । मेट्रो के दूसरे चरण की स्वीकृति पर राजधानी में शुक्रवार को

**बीनू शुक्ला ने कानपुर बाईपास चौराहे पर किया स्वागत**

**अंजनी श्रीवास्त ने शहीद स्मारक पर क्या स्वागत**

भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। दुबग्गा कानपुर बाईपास चौराहे पर सजे भव्य मंच से शुरू हुआ आभार समारोह शहीद स्मारक पार्क तक पहुंचते-पहुंचते विशाल जनसमर्थन रैली में बदल गया। दुबग्गा में बायपास कानपुर बाईपास कार्यक्रम की अगुवाई युवा भाजपा नेता बीनू शुक्ला ने की। मंच पर एमएलसी रामचंद्र प्रधान, महेंद्र राजपूत, राम शंकर राजपूत, बैजनाथ



रावत प्रधान, राजेश शुक्ला, अनिल कुमार पांडे, दुर्गा शंकर मिश्रा, रेहान अहमद, समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री के सुपुत्र एवं नोएडा विधायक नीरज सिंह का भव्य स्वागत हुआ। काफिला राजाजीपुरम होते हुए शहीद स्मारक पार्क पहुंचा, जहां लखनऊ पश्चिम विधानसभा के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव और उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। मंच से नीरज सिंह ने कहा लखनऊ की जनता का स्नेह और विश्वास मेरे लिए अमूल्य है मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज आलम ने अंजनी श्रीवास्तव की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि वे केवल उपविजेता नहीं बल्कि जनता के दिलों में विधायक हैं। इस मौके पर भाजपा नेता कृष्ण लोधी भी मंच पर उपस्थित रहे। नीरज सिंह ने प्रस्तावित मेट्रो के विभिन्न स्टेशनों पर ध्वजारोहण कर उन्हें चिह्नित किया। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और राजनाथ सिंह जिंदाबाद के नारों से माहौल देशभक्ति और उत्साह से सराबोर रहा।

## रिसालदार पार्क मे पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने ध्वजारोहण किया



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने रिसालदार पार्क मे ध्वजारोहण किया। पूर्व डिप्टी सीएम ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला एवं देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर देने वाले अमर शहिदों को याद किया । ध्वजारोहण का आयोजन नारायण मिश्रा और अंकित गुप्ता ने किया। मध्य विधानसभा उपविजेता रजनीश गुप्ता और पूर्व पार्षद विनोद कृष्ण सिंघल ने सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर दिलीप शर्मा, सुजीत माथुर, लालबहादुर,पीयूष,सोनी कश्यप,मनीष साहू,रोहित जयसवाल,दिनेश मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ नगराम थाना में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना परिसर में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, थाना परिसर में स्थित कैदखाना समेत मंदिर को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया और मंदिर पर कीर्तन भजन के साथ सुन्दर सुन्दर झांकियों का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी के बेटे को श्रीकृष्ण की भेष-भूषा धारण कराकर उनके किरदार को जीवंत किया। थाना प्रभारी ने सपत्नीक पूरे विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन कर भगवान को भोग लगाया, रात्रि 12 बजे जैसे ही लड्डू गोपाल का जन्म हुआ सभी कृष्ण भक्त खुशी से झूम उठे। इस दौरान पूरा थाना परिसर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। पुलिस कर्मियों ने पूजा पाठ कर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर क्षेत्रीय ग्राम प्रधान व सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

# खैराबाद में 15 अगस्त पर गूंजा वंदे मातरम

## चेयरमैन बेबी अभिषेक गुप्ता की अगुवाई में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। आज़ादी के जश्न में खैराबाद का हर कोना तिरंगे के रंग में रंगा दिखा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका खैराबाद की चेयरमैन बेबी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा ने इतिहास रच दिया। यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर 'गुरु' और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व खैराबाद के समस्त सभासद गढ़ व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। खैराबाद के नगर के मुख्य मार्गों पर कदम बढ़ाए, देश भक्ति नारे – भारत माता की जय, वंदे मातरम् – से पूरा खैराबाद गूंज उठा।

महिलाओं के हाथों में लहराते तिरंगे, बच्चों के चेहरों पर तिरंगे की पेंटिंग और युवाओं की जोशीली हुंकार ने माहौल को पूरी तरह देशभक्ति में डुबो दिया।

यात्रा के दौरान जगह-जगह पर पुष्पवर्षा हुई और लोगों ने तिरंगे को सलाम किया। इस मौके पर चेयरमैन बेबी अभिषेक गुप्ता ने कहा – ‟तिरंगा हमारी आन-बान-शान है, इसे सदैव ऊंचा रखना हर नागरिक का फर्ज है। मुख्य अतिथि राकेश राठौर गुरु ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आज़ादी का असली अर्थ है देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करना। देशभक्ति गीतों की धुन पर झूमते हुए लोगों के साथ यात्रा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां पूरे नगर ने एक स्वर में संकल्प लिया – ‟तिरंगा हमेशा ऊंचा रहेगा।

# धौरहरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की भव्य धूम मंदिरों और घरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, खीरी। धौरहरा क्षेत्र ने इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व को विशेष भक्ति और उल्लास के साथ मनाया। रात 12 बजे जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का समय हुआ, मंदिरों में घंटे-घड़ियाल और मंत्रोच्चार गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी और भजन-कीर्तन से पूरे क्षेत्र को कृष्णमय कर दिया। धौरहरा थाना परिसर स्थित मंदिर में थानाध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने पूजा-अर्चना की और भजनों की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं ईशानगर और खमरिया थाना परिसर में विद्वानों ने मंत्रोच्चार और कीर्तन के साथ रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का पावन आयोजन किया।

हलवाई मंदिर, रामनवमी मंदिर और श्री ठाकुरद्वारा राम जानकी मंदिर सहित पूरे कस्बे के मंदिरों को सुंदर सजावट से सजाया गया। श्रद्धालु पूरे दिन व्रत रहकर भक्ति में लीन रहे और रात को पूजन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण के बाल रूप की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और झांकियों ने जन्माष्टमी को एक पर्व से कहीं बढ़कर, एक भक्ति उत्सव का रूप दे दिया।

धौरहरा क्षेत्र में इस बार की जन्माष्टमी न केवल धार्मिक आस्था की प्रतीक रही, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता का भी उदाहरण बनी।

## पानी का टैंक बना काल का कुआं, दम घुटने से तीन की मौत, दो की हालत नाजुक

सकरन (सीतापुर)। सकरन थाना क्षेत्र के सुकेठा गांव में रविवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर बने पानी के टैंक की सफाई के दौरान एक के बाद एक भीतर गए ग्रामीणों की दम घुटने से मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। हर ओर चीख–पुकार गूंजने लगी। एक ही गांव में तीन अर्थियां उठने की खबर से पूरा इलाका गमगीन है।

ऐसे हुआ हादसा गांव निवासी पूरन गुप्ता के घर के बाहर बना पानी का टैंक जाम हो गया था। इसकी सफाई के लिए उसने गांव के ही अतुल (15) पुत्र सोहन को 100 रुपये देकर टैंक में उतारा। लेकिन जहरीली गैस से दम घुटने पर वह बेहोश हो गया। इसे निकालने के लिए बारी–बारी से अनिल (35), रंगीलाल (50) पुत्र चक्कर, राजकुमार (45) पुत्र श्रीराम और दीपू (26) पुत्र राजकुमार टैंक में उतरे। अंदर जाते ही एक–एक कर सभी बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने किसी तरह रस्सी व डंडों के सहारे सभी को बाहर निकाला और आनन–फानन में सीएचसी सांडा पहुंचाया।

# कोरैया जंगल के आधारपुर में बाल वाटिका का शुभारंभ, सहकारिता मंत्री बोले, गुरु का आशीर्वाद ही तय करता है भविष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। स्वतंत्रता दिवस पर ब्लॉक लखीमपुर के कोरैया जंगल के आधारपुर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बाल वाटिका का शुभारंभ एक गरिमामय आयोजन के साथ हुआ। सहकारिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ फीता काटकर बाल वाटिका का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री द्वारा बाल वाटिका परिसर में ध्वजारोहण और तिरंगे को सलामी देने से हुई। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों और बच्चों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला। शुभारंभ के बाद मंत्री राठौर ने आंगनबाड़ी में नामांकित नन्हे-मुन्नों से स्नेहपूर्वक बातचीत की, उनका नाम जाना और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने बाल वाटिका में नामांकित बच्चों को स्टेशनरी किट, कॉपी और उपहार किट भेंट की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव लाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए मंडल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर जीवन के अवसर मिल सकें। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का आशीर्वाद न केवल शिक्षा देता है बल्कि जीवन का मार्गदर्शन कर भविष्य की दिशा भी तय करता है। गुरुओं का सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है।

मंत्री राठौर ने ग्रामीणों से अपील की कि वे शिक्षा के प्रति जागरूक रहें और बच्चों को विद्यालय भेजने में कोई लापरवाही न बरतें। बाल वाटिका जैसी पहल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं और शिक्षण सामग्री से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी शहरी क्षेत्रों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने ग्रामवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

## स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज खैराबाद में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेधावी छात्रों का सम्मान

सीतापुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज, खैराबाद के प्रांगण में विद्यालय के प्रबंधक महोदय आमिर रिज़वी जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया । विद्यालय में इस अवसर पर विभिन्न देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । लघु नाटिका के माध्यम से सर्वधर्म सम्भाव का सन्देश छात्र छात्राओं द्वारा दिया गया ।

मेडिकल की गक्क्ठ परीक्षा में सफल विद्यालय के मेधावी छात्रों मोहम्मद फैजान एवं समीर अहमद खान को ख्रउउट्ट में प्रवेश प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमिय किरण अवस्थी एवं प्रबंधक आमिर रिज़वी जी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित किया । कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासिका लुबना रिज़वी, समस्त अध्यापक गण एवं अभिभावक उपस्थित रहे ।

## मासूम की मौत पर बेपरवाह सिस्टम कार से कुचले एक वर्षीय खालिद की दर्दनाक मौत, आरोपी फरार



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के पठान पुरवा गांव में रविवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। एक वर्षीय मासूम खालिद रजा, जो मुकीम खान का इकलौता बेटा था, खेलते–खेलते सड़क के किनारे जा पहुँचा और वहीं एक तेज़ रफ्तार कार ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि वह सेमरा बाजार का निवासी है। गांव वालों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग निकला। इधर मासूम को गंभीर हालत में लखीमपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग़मज़दा परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, मगर पढ़ुआ थाने के थानाध्यक्ष का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। फिर भी उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह घटना न केवल एक परिवार के सपनों को रौंद गई, बल्कि सिस्टम की सुस्त रफ्तार और लापरवाही को भी उजागर करती है। सवाल उठता है ऽ आखिर कब तक मासूमों की ज़िंदगियाँ यूं ही रफ्तार की भेंट चढ़ती रहेंगी और आरोपी बेखौफ भागते रहेंगे ।

## ग्रामीण अंचल में भी रही स्वतंत्रता दिवस उत्सवों की भीड़

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इस बार शहरों की भांति ग्रामीण अंचल में भी 79 वें स्वतन्त्रता दिवस उत्सवों की धूम रही। जहां बड़े ही उल्लास के साथ धूम धाम से विद्यालयों के बच्चों द्वारा परम्परागत तरीके से प्रभातफ़ेरियां निकाली गईं वहीं मदरसों व अन्य सामाजिक संगठन भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी बड़े ही खुशी के साथ नगर में प्रभातफ़ेरी व तिरंगा यात्रा निकाल कर स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया। पूरा क्षेत्र इस बार भी तिरंगामय दिखा। कस्बा के श्री कुंज बिहारी लाल सरस्वती ज्ञान मंदिर व आदर्श रामस्वरूप इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बड़े हुए उल्लास के साथ आजादी से वह क्रोध संचालन गीत गाते हुए नगर में प्रभात फ़ेरी निकाली। मदरसा इस्लामिया कंजुल उलूम के बच्चों व शिक्षकों ने एक ड्रेस में हाथों में तिरंगा लेकर गत वर्ष की बात इस वर्ष भी पूरे कस्बे में सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा कहते हुए भ्रमण किया। खादी ग्रामोद्योग संस्थान जहांगीराबाद के कर्मचारियों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता का जयघोष करते हुए अपने कार्यालय छठवान गांव से जहांगीराबाद तक तिरंगा यात्रा निकाली। कस्बा स्थित परिषदीय व निजी विद्यालयों एवं मदरसों में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर राष्ट्रगान गाया गया। मदरसा इस्लामिया कंजुल उलूम के हेडमास्टर हाजी मौलाना नफीसुल हक मजाहिरी के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। क्षेत्र के विद्यालयों में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## एसबी आई फाउंडेशन ने शुरू की सम्मान परियोजना

कमलापुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की स्मृति में युवाओं, महिलाओं और किशोरियों को सशक्त बनाने की दिशा में नई पहलङ्कग्राम रूढ़ा, जनपद सीतापुर, दिनांक 17 अगस्त 2025ग्राम रूढ़ा में आज का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा। गाँव की धरा उस समय भावविभोर हो उठी जब ट्टउत्र फाउंडेशन के सहयोग से सहभागी शिक्षण केंद्र द्वारा शहीद कैप्टन मनोज पांडेय की स्मृति में ‟सम्मान परियोजना का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन ट्टउत्र फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक (Managing Director) ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर सहभागी शिक्षण केंद्र के संस्थापक श्री अशोक सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने मिलकर परियोजना के विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया और गाँव को नई दिशा देने का संकल्प दोहराया।परियोजना के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं और किशोरियों के लिए शिक्षा, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित प्रशिक्षण और गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। यह पहल ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।मुख्य अतिथि, SBI फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि कैप्टन मनोज पांडेय जी का बलिदान पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा है। उनकी स्मृति में प्रारंभ की गई यह 'सम्मान परियोजना' समाज को शिक्षा और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे ले जाने में सहायक होगी। SBI फाउंडेशन ग्रामीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गौ पूजन, मुख्य विकास अधिकारी ने बांटे रेनकोट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शनिवार को पूरे जनपद में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण रहा। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने रजागंज घुंघची स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल पहुंचकर गौ पूजन किया।

सीडीओ ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गौ माताओं को गुड़, चना और फल खिलाए। उन्होंने कहा कि गौवंश हमारी संस्कृति और जीवन परंपरा का अभिन्न अंग हैं। गौ सेवा न केवल धर्म है बल्कि समाज का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आश्रय स्थलों पर गौवंश की देखभाल, आहार और चिकित्सा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस दौरान उन्होंने आश्रय स्थल में कार्यरत केयर टैंकरों (गौसेवकों) को वर्षा ऋतु को देखते हुए रेनकोट भी वितरित किए, ताकि वे प्रतिकूल मौसम में भी सेवा कार्य को सहजता से कर सकें। सीडीओ की पहल से प्रेरित होकर जिले के सभी गौशालाओं में भी जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर गौ माताओं को गुड़, चना एवं फल अर्पित किए। पूरे जनपद में दिनभर धार्मिक उत्साह बना रहा। मंदिरों में राधा-कृष्ण की झांकियों, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना के साथ पर्व हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रामा भारी में भजन संध्या संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ तथा बाबा छोटेलाल लक्ष्मी देवी सेवा समिति रामा भारी के संयुक्त तत्वावधान में भजन संध्या नन्दघर बाजे बधैया का आयोजन संपन्न हुआ। बाबा छोटेलाल बाल विद्यालय रामभारी परिसर में बबलू भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजन संध्या के मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त सहायक अभियंता इं. राजेन्द्र प्रकाश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा आज ग्रामीण क्षेत्रों में लुप्त हो रही लोक कलाओं के संरक्षण की दिशा में किया जा रहा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश का यह प्रयास सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान अरबाब अहमद ने रामा भारी जैसे ग्रामीण इलाके में इतना शानदार आयोजन संपन्न कराने हेतु उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम संयोजक साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु प्रबंधक बाबा छोटेलाल बाल विद्यालय ने अतिथियों भजन गायकों एवं बरसात के मौसम में भी बड़ी संख्या में उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रकट किया। विद्यालय के सहप्रबंधक रामनरेश पुजारी एवं बाबा छोटेलाल लक्ष्मी देवी सेवा समिति के सहसचिव रमेश चंद्र मौर्य मुन्ना ने अतिथियों का बैज अलंकरण कर व अंगवस्त्र से स्वागत किया। अतिथियों ने सभी भजन गायकों का व भजन मंडली के निर्देशक बबलू का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। भजन गायक कामेश्वर दयाल भार्गव, कमलेश कुमार भार्गव, रामप्रसाद भार्गव, मायाराम यादव, संतोष कुमार कश्यप, रामकिशोर कश्यप लफड़ा, इस्लाम अहमद ढोलकिया एव शीतल कश्यप ने विभिन्न लोक धुनों पर आधारित भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। भजन सुनकर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोता गण झूम उठे। इस अवसर पर पूर्व सदस्य क्षेत्र पंचायत राजकुमार मौर्य, मौजी राम, राजाराम जायसवाल, मानिक चंद शर्मा, रामदास गौतम, अवधेश मौर्य, अनिल मौर्य रितिक मौर्य आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

# ध्वजारोहण से लौटते समय करंट की चपेट में युवक की मौत, दो घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सदरपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जहांगीराबाद कस्बे के निकट बने सरदार वल्लभ भाई पटेल अमृत सरोवर में ध्वजारोहणकर वापस लौट रहे एक युवक की मौत हो गई तथा दो साथी घायल हो गये। ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में दानपुरवा के निकट खजुहा तालाब पर बने सरदार वल्लभ भाई पटेल अमृत सरोवर में प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी व उनके दो पुत्र मुशीर अहमद अंसारी एवं मो0 फहीम अंसारी तथा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मो0 अहरार अंसारी और जहांगीराबाद मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा रामू चौरसिया व विनय कुमार आदि लोग ध्वजारोहण करने गये हुए थे।ध्वज फहराने के बाद वापस आते समय एक बाइक पर मो0 फहीम पुत्र मुनीर अहमद अंसारी सवार हो गया। उसके हाथ में एक लोहे की राड में लगा तिरंगा झंडा था। बाइक विनय कुमार पुत्र राजू चला रहा था जबकि बीच में मो0 अहरार पुत्र खालिद बैठे हुए थे। जैसे ही बाइक दान पुरवा गांव के निकट संपर्क मार्ग पर पहुंची तभी ऊपर से निकली 11000 बिजली लाइन के तारों से फहीम के झंडे का राड छू गया । बिजली सप्लाई चालू होने से पाइप में करंट दौड़ गया और तीनों लोग छटक कर बाइक से दूर जा गिरे। करंट लगने से मोहम्मद फहीम (23 वर्ष) पुत्र मुनीर अहमद अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बाइक चला रहा विनय कुमार भी बेहोश हो गया। आनन फानन में घायल मो0 फहीम को तुरंत बिसवां और फिर खैराबाद अस्पताल लेकर जाया गया जहां बीसीएम अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि विनय कुमार का इलाज जहांगीराबाद स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है सूत्रों के अनुसार वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। मौत की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया तथा मृतक के घर पर लोगों का जमावड़ा लग गया। चारों तरफ चीत्कार ही चीत्कार सुनाई पड़ रही थी। जैसे ही शव जहांगीराबाद पहुंचा कोहराम मच गया।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां। नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान एल्पिस ग्लोबल स्कूल में आज 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। राष्ट्रीय महापर्व के इस पावन अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रंग-बिरंगा एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत माहौल दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति से मुख्य अतिथि श्री मुदित सिंघल एवं विशिष्ट अतिथि श्री अनुज सिंघल द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इसके पश्चात छात्रों ने देशभक्ति गीत एवं भाषण प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप के बच्चों की स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में वेश सज्जा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने देशप्रेम की भावना को चरम पर पहुंचा दिया। विद्यालय के डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने अपने ओजस्वी संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उन वीर सपूतों के बलिदान को याद करने का अवसर देता है, जिन्होंने राष्ट्र की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने छात्रों को देशहित में अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने अपने संदेश में सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने कर्म, ईमानदारी एवं सहयोग से राष्ट्र को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।।

# डीएम की सख्ती रंग लाई, मेडिकल कॉलेज में सीलन–नमी की जांच को लखनऊ से पहुंची तकनीकी टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मेडिकल कॉलेज देवकली में सीलन, सीपेज और निर्माण की खामियों पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की कड़ी नाराजगी के बाद शासन ने तुरंत एक्शन मोड अपनाया। गुरुवार देर शाम पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता एनके वर्मा और सतीश कुमार की अगुवाई में तकनीकी टीम कॉलेज पहुंची। उसी शाम 5:30 बजे दस्तक देने के बाद टीम ने पूरे दो घंटे तक कैंपस का कोना-कोना खंगाल डाला। दीवारों की नमी से लेकर सीपेज तक एक-एक कमी पर नोटिंग हुई। टीम ने मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था और ठेकेदार से कारण पूछे, खामियों के तकनीकी कारण समझे और निवारण का ठोस रोडमैप तैयार कराया। साथ ही निर्धारित समय सीमा में सुधार कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। तकनीकी टीम ने देखरेख के अभाव में जो समस्याएं थी, उन्हें अटेंड करने के निर्देश दिए। प्राचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने भवन निर्माण से जुड़ी समस्या को समिति के समक्ष रखा। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी खामियां समय पर दुरुस्त होंगी, हम खुद सुपरविजन करेंगे। इसके बाद टीम जिला महिला चिकित्सालय भी पहुंची और वहां भी मेडिकल कॉलेज के अफसरों और एजेंसी से सवाल-जवाब किए। देर रात तकनीकी टीम ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात की और पूरे दिन के निरीक्षण की विस्तृत जानकारी दी। टीम अब अपनी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजेगी।

# हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट परिसर में फहराया ध्वज**

**शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

**विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल, (बहजोई)। जनपद में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। देश के 79वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वज फहराया। उपस्थित अधिकारी गणों एवं कर्मचारी गणों तथा विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों प्रवेन्दर देव शर्मा एवं मोहित शर्मा को एक पुष्प एवं अंगवस्त्र तथा मिष्ठान देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन किया तथा पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कलक्ट्रेट परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों द्वारा देशभक्ति को समर्पित गायन एवं नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता,आपसी सौहार्द तथा जल संरक्षण पर बल देने की अपील की।डिप्टी कलक्टर निधि पटेल ने कहा कि अपने पद एवं अधिकार क्षेत्र के अनुसार लोगों के हित के लिए कार्य करना चाहिए।डिप्टी कलक्टर रामानुज ने संविधान के मूल अधिकारों एवं राम राज्य पर चर्चा की तथा सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने कहा कि सभी को स्वंय में सुधार करना चाहिए ।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि हमें आजादी प्रदान करने के लिए हमारे देश के अमर शहीदों द्वारा संघर्ष करते हुए यह आजादी प्राप्त करायी।संविधान द्वारा हमे राजनैतिक,आर्थिक,एवं सामाजिक न्याय प्रदान किये गये हैं यह न्याय पूर्ण रूप से सभी को प्राप्त हों ऐसा प्रयास हमे करना चाहिए।हमें देश में अपने प्रदेश को एवं जिले को प्रथम स्थान पर रखने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।असमानता को दूर करते हुए कार्य करना चाहिए । सभी भारतवासी मिल जुल कर रहे तथा समाज एवं देश को आगे लेकर चलें। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि हम जिस पद पर भी बैठे हों उससे गरीबों को न्याय प्रदान करें अपने कर्तव्यों का पालन करें यही हमारे देश के वीर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । उन्होंने प्राचीन काल के रेशम सिल्क मार्ग तथा भारत को विकसित देश के रूप में तैयार करने को लेकर चर्चा की।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र का अर्थ होता है अपना तंत्र,स्वतंत्र अर्थात भारत की व्यवस्था, स्वतंत्र अर्थात हम सबका अपना अपना कार्य,अपना अपना कर्तव्य इसे हम कहते हैं स्वतंत्रता। जो प्रकाश की पूजा करता है तथा जो ज्ञान को सर्वोच्च मानता है और जो सभी को स्वंय अर्थात अपना समझता है वह है भारत।जिलाधिकारी ने भारत एवं अभारत के अंतर को भी स्पष्ट किया।उन्होंने कहा कि भारत हमेशा कर्त्तव्यों की बात करता है जबकि अभारत हमेशा अधिकारों की बात करता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पंच यज्ञ एवं त्रिऋण की संस्कृति है।जब हम अपने कर्तव्यों से पहले अधिकार मांगने लगते हैं तब समस्याएं ज्यादा उत्पन्न होती हैं।उन्होंने कहा कि भारत के स्वभाव में प्रकृति के साथ जीना है।हमें अपने ग्रंथों को पढना चाहिए।दिव्यांगजनों की ओर भी हमें हमेशा देखना है। जिलाधिकारी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले स्कूली बच्चों को किताब देकर सम्मानित किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों कलक्ट्रेट से आशुलिपिक जिलाधिकारी कार्यालय यतीश गुप्ता,चिराग,पवन प्रताप सिंह,तथा युनूस एवं नेत्रपाल एवं मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के आशुलिपिक सुनील कुमार तथा वरिष्ठ सहायक रश्मि जैन, रोहित कुमार, राजीव सिंह,अशोक, आर ई डी विभाग के आशुलिपिक नकुल सिरोही तथा लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रेम चन्द एवं अवर अभियंता अमित कटारिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। मंच का संचालन डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष डिप्टी कलेक्टर रामानुज एवं निधि पटेल एवं जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन तथा विभिन्न स्कूलों से आये बच्चे उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

## जिले के 70 विद्यालयों की हुई पेयरिंग



संभल। जनपद में कुल 70 विद्यालयों की पेयरिंग की गई जिनमें 40 विद्यालयों में बालवाटिका संचालित की जा रही है जिसमें से 6 मॉडल बालवाटिका बनाए गई है। आज दिनांक 15 अगस्त 2025 को जो 40 बाल वाटिका बनाई गई उनमें जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां की गई।इस सभी (40) विद्यालयों में 6 जिला स्तरीय एवं 34 विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी जिलाधिकारी महोदय द्वारा लगाई गई जिनमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि शामिल हुए।

## चेयरमैन ने नगर पंचायत में किया ध्वजारोहण



पाकबड़ा । स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने नगर पंचायत कार्यालय पाकबड़ा और अपने निजी कार्यालय में ध्वजारोहण किया। यह आयोजन देश की आजादी और संप्रभुता का प्रतीक है और हमें अपने देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना को जगाता है।चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने इस अवसर पर लोगों को आजादी के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का पैगाम दिया और लोगों से अपील की कि वे इस दिन को देशभक्ति और एकता के साथ मनाएं और हमारे देश की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करें।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, सभासदगण, कार्यालय स्टाफ, और सफाई कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ध्वजारोहण समारोह को सफल बनाया और देशभक्ति के इस पर्व को मनाया।चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने नगर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया, जिनमें जूनियर हाई स्कूल नर्सरी, आदर्श जूनियर हाई स्कूल, नई आशा वेलफ़ेयर सोसाइटी, और कैलसा रोड स्थित रज़ा लाइब्रेरी आदि शामिल हैं।स्वतंत्रता दिवस के इस आयोजन से हमें अपने देश की आजादी के महत्व को समझने और उसकी रक्षा करने का संकल्प लेने का अवसर मिलता है। यह आयोजन हमें एकजुट होकर देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

## धूमधाम से मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस

पथरा। डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल पथरा में धूमधाम से मनाया स्वतन्त्रता दिवस कल डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल, पथरा में 79वा स्वतन्त्रता दिवस बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बरेली में सेवा योजन रोजगार कार्यालय में काउंसलर के पद पर कार्यरत मदन पाल जी ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात बच्चों ने राष्ट्रीय गान, झंडा गान, सरस्वती वंदना, भाषण, देशभक्ति गीत, कविताएं आदि विभिन्न कार्यक्रम किए। कार्यक्रम में प्रबंधक ममता रानी, संचालक महानंदन गौतम, प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी, नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, रंजीत कुमार, शिवगणेश शर्मा, अश्विनी शर्मा,सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, आभा रानी, सुशीला, आरती सिंह, रेशमा,शालू, योगेश, अनामिका, रंजीत कौर, दुर्गेशनंदिनी, राजकुमारी क्षमता, सोनी शर्मा,गीता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।अंत में प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी ने सभी को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाओं के साथ आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवीन कुमार एवं नीरज कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## 12 स्कूलों में 72 मेधावी अनुसूचित जाति छात्राओं के खाते में भेजा धनराशि

संभल। 79 वा स्वतंत्रता दिवस की मौके पर केनरा बैंक, लीड बैंक, संभल द्वारा सामाजिक जिम्मेदारी के तहत 12 स्कूलों में 72 मेधावी अनुसूचित जाति छात्राओं को कुल 288000 की धनराशि उनके खाते में प्रदान की गई । इस मौके पर संभल जिले के कुल 12 केनरा बैंक शाखाओ द्वारा 288000 की धनराशि मेधावी छात्राओं को प्रदान की गई । केनरा बैंक हर साल केनरा विद्या ज्योति स्कीम के तहत मेधावी अनुसूचित जाति छात्राओं को हर एक ब्रांच द्वारा 24000 रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है ।इस मौके पर केनरा बैंक के सहायक महाप्रबंधक श्री मलय नीरव , जिला अग्रणी प्रबंधक संभल श्री ललित विजय राय और शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे ।

## आज़ादी का जश्न: बबराला में उत्साह से लहराया तिरंगा

बबराला। आजादी का पर्व क्षेत्र में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। तहसील दफ्तर से लेकर गांव की चौपाल तक तिरंगा पूरे मान और गौरव के साथ लहराता रहा। सुबह स्कूली बच्चों ने तिरंगे की अगुवाई में प्रभात फ़ेरियां निकालीं और विभिन्न स्थानों पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया।तहसील कार्यालय पर उपजिलाधिकारी डॉ. वंदना मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। वहीं सीओ दीपक तिवारी ने सीओ पेशी, थाना गुन्नौर और नवसृजित थाना बबराला में ध्वज फहराया। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने लोहिया कान्वेंट स्कूल में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद किया। विद्यालय निदेशक उमेश यादव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उन लाखों शहीदों की कुर्बानियों की याद दिलाने का दिन है, जिन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर हमें यह अमूल्य स्वतंत्रता दिलाई। नगर पंचायत बबराला कार्यालय पर चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण कर संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय को नई शुरुआत की प्रेरणा देता है। यह दिन 200 वर्षों की गुलामी से मुक्ति और एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, ईओ अमरेश तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश संभली, डीपी गुप्ता, जगदीप गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंधक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल और प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने ध्वजारोहण किया। वहीं भानु आई केयर चेरिटेबल ट्रस्ट पर रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. राहुल यादव ने ध्वज फहराया। इसके अलावा विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल, रामा कान्वेंट स्कूल और संस्कृति पब्लिक स्कूल में भी ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

## आईपीएस कृष्ण कुमार बिश्नोई को उत्कृष्ट सेवा पदक

संभल। स्वतंत्रता दिवस पर उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी कृष्ण कुमार बिश्नोई को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक से नवाजा गया। यह सम्मान पाने वाले वे प्रदेश के पहले आईपीएस अधिकारी बने हैं। बिश्नोई के नेतृत्व में 10 साल से चल रहे फर्जी बीमा रैकेट का खुलासा हुआ। इस गिरोह ने मृत अथवा मरणासन्न लोगों के नाम पर फर्जी बीमा कराकर करोड़ों की राशि हड़प ली थी। इतना ही नहीं, बीमा रकम हड़पने के लिए हत्या तक को अंजाम दिया गया।थ्संभल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक 17 मामलों में 68 आरोपियों को गिरफ्तार कर 100 करोड़ से अधिक की बीमा ठगी का भंडाफोड़ किया। गिरोह से फर्जी दस्तावेजों पर खरीदे गए 27 ट्रैक्टर भी बरामद किए गए। कृष्ण कुमार बिश्नोई ने चर्चित संभल हिंसा के दौरान भी अपनी सूझबूझ से हालात काबू किए और हिंसा को बाजार एवं हिंदू बाहुल्य क्षेत्रों में फैलने नहीं दिया।

# अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के नेतृत्व में मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंदौसी। 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर डॉ अंबेडकर पार्क माल गोदाम रोड चंदौसी पर अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता राजाराम जी तथा संचालन श्री योगेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।कार्यक्रम में ध्वजारोहण जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शकुन प्रेमी एवं डॉ सुशील कुमार व कामरेड भगवानदास शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने कहा कि स्वतंत्रता मिलने का आशय तथा आजादी के लिए अपना सर्वत्र नौछावर करने वाले शहीदों ने जो सपना देखा था वह इस देश के आमजन का सपना था जो जाति धर्म की भावना से परे इस देश के प्राकृतिक संसाधनों में बराबर की भागीदारी कर सके तथा अपने द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत वोट के अधिकार से सरकारों का गठन कर सके लेकिन आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, देश का संविधान ,परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विचारधारा खतरे में है, देश पूंजीपतियों के हाथों गिरवी है,आज हमें इस आजादी को बचाने के लिए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा संविधान को बचाना होगा।कामरेड भगवानदास शर्मा ने कहा कि आज आवश्यकता है कि देश में आम जन के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए संविधान को बचाने के लिए पूंजी पतियों के चंगुल से देश की आर्थिक व्यवस्था को छुड़ाने के लिए उन लोगों को सत्ता तक पहुंचाना होगा जो इस देश के लोकतंत्र, संविधान तथा परम पूज्य बाबा साहब की विचारधारा में विश्वास रखते हों।कार्यक्रम में सर्व श्री योगेश कुमार, राजा राम ,भागवत किशोर,दुर्ग पाल सिंह,अरविंद अंबेडकर, ओम प्रकाश पिपल, हिरदेश अंबेडकर, कैलाश चटवाल राजू अनजान,छाया बौद्ध,गौरी बौद्ध, ममता अंबेडकर, समलेश बौद्ध,शीतल बौद्ध,नरेश भारती,सुरेश मौर्या,रामजी मल एडवोकेट,श्यामवीर सिंह, करन सिंह,महेश चंद्र,चंद्र पाल सिंह,आदि मौजूद रहे।

# लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चन्दौसी। मौहल्ला महाजन स्थित लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर भैया-बहनों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।मुख्य अतिथि चिकित्सा अधीक्षक डॉ खिलेंद्र कुमार सक्सेना,प्रबन्धक कुलदीप वार्ष्णेय,कोषाध्यक्ष डॉ टीएस पाल,उपाध्यक्ष सुरेंद्र रस्तोगी,संरक्षक आमोद कुमार,डॉ राजीव लोचन शर्मा, अनुराग अग्रवाल,हृदेश यादव, आईपीएस चौहान,डॉ गौरव बंसल,इंदुरानी दिवाकर ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ववलन के बाद ध्वजारोहण किया।प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत ने अतिथियों का परिचय एवम अभिनंदन कराया। गणेश वंदना सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ ही राधा कृष्ण स्वरूप में जन्माष्टमी के उपलक्ष में भजन पर नृत्य बच्चों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजीव लोचन शर्मा तथा संचालन आचार्य राजवीर सिंह ने किया। इस दौरान जगभान सिंह,अशोक अग्रवाल,अरुण विपिन शर्मा,राजेश कुमार शर्मा,कुसुमाकर उपाध्याय,आनंदपाल सिंह,रुचि अग्रवाल,अंजना वार्ष्णेय,गौरव वार्ष्णेय,श्रद्धा गुप्ता,दीप्ति वार्ष्णेय,श्रुति अग्रवाल,अविनाश गुप्ता,चन्द्रवती एवम अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बिचपुरी सैलाब में विराट दंगल

**दंगल में आये पहलवानों ने दिखाया अचना दमखम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गुन्नौर। गांव बिचपुरी सैलाब में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रविवार को विराट दंगल का भव्य आयोजन किया गया। इसमें आसपास के सैकड़ों पहलवानों ने शिरकत कर अपने दमखम और दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन किया। पहलवानों की ताकत देखकर दर्शक बार-बार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन करते रहे। छोटे-छोटे बाल पहलवानों ने भी अखाड़े में उतरकर अपना जौहर दिखाया। मुख्य अतिथि डॉ. धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर और पहलवानों से हाथ मिलाकर दंगल का शुभारंभ किया। दंगल अखाड़े में स्थानीय और बाहरी पहलवानों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हुए। आयोजन समिति के मनोज यादव ने बताया कि बिचपुरी सैलाब में हर वर्ष जन्माष्टमी पर कुश्ती दंगल का आयोजन परंपरा के रूप में होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृति की गौरवशाली धरोहर है, लेकिन यह धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। ऐसे आयोजनों से इसे जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है। विकास यादव ने विजेता पहलवानों को इनाम देकर सम्मानित किया। दंगल के रैफरी सुरेश पहलवान रहे जबकि आयोजन में मदन महाराज, राम खिलाड़ी भगतजी और पोशाकी सिंह का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बीरमपुर में हुई मां-बेटी की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**बदायूँ।** तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में रविवार को प्रेसवार्ता कर मां-बेटी की हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि थाना दातागंज क्षेत्र में 16 अगस्त को ग्राम बीरमपुर में मां-बेटी की हत्या करने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। आपको बता दे कि तेजतर्रार एसएसपी के निर्देशन में पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए जहां तीन आरोपियों को अनंत-फानन गिरफ्तार किया वहीं आरोपियों के कब्जे से मृतक के मोबाइल फोन आला कतल चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। वही खुलासा करते हुए बताया कि मृतक जयंती व शांति ने अपनी जमीन बेची थी जिसका पैसा उसके पास था इस पर उनके मौसेरे भाइयों की गिद्ध दृष्टि थी, तथा विपिन ने अपने भाई की शादी के बहाने मृतक से रुपयें भी मांगे थे रुपये न देने पर आरोपियों ने इस घटना को अंजाम देकर मृतक का धन हड़पने की सोची और घटना को अंजाम दिया। वही इंस्पेक्टर दातागंज गौरव बिश्नोई द्वारा विवेचना के दौरान प्रकाश में आये विमल व अवनीश पुत्रगण गजेंद्र सिंह सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं घटना का सफल अनावरण करते हुए एसएसपी ने इंस्पेक्टर दातागंज गौरव बिश्नोई, की प्रशंसा की और खुलासा करने वाली टीम को नगद पुरस्कार भी दिया गया।

## वैश्य एकता मंच ने घर घर वितरित किया राष्ट्रीय ध्वज

चंदौसी, (सम्भल)। वैश्य एकता मंच द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज नगर के ब्रह्म बाजार में डोर 2 डोर तिरंगा वितरित किए गए। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष ने कहा 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज को केवल सरकारी इमारतों और संस्थानों तक सीमित न रखकर, हर भारतीय के घर तक पहुंचाना है। जब हम अपने घर पर तिरंगा फहराते हैं, तो यह हमारी देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बन जाता है। इस मौके पर वैश्य एकता मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन बालाजी, संगठन मंत्री डॉक्टर दिशांत गुप्ता, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष दीपेश वार्ष्णेय सेठ, महामंत्री तुषार क्रिस्टल, मीडिया प्रभारी अनमोल अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# दरोगा की मां का हत्यारोपी पुलिस एनकाउंटर में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। इस्लामनगर थाना क्षेत्र में मौसमपुर गांव निवासी हापुड़ जिले में बहादुरगढ़ चौकी इंचार्ज मनवीर सिंह यादव के मां रातरानी उर्फ ज्ञानदेवी (65 वर्ष) की 11 अगस्त की देर रात घर में चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र रविवार सुबह करीब पांच बजे पुलिस को चकमा देकर जिला अस्पताल से भाग निकला। उसे दो सिपाहियों की अभिरक्षा में अस्पताल के हड्डी वार्ड में भर्ती कराया था। वहीं तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 ब्रजेश सिंह ने लापरवाह सिपाही धर्मेंद्र व कुशहर को निलंबित कर दिया है। एसएसपी आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने लापरवाही बरतने पर दोनों सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी सिपाहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वहीं, एसएसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर सीसी कैमरे की जांच की है। डॉक्टर व मरीज व तीमारदारों से हिस्ट्रीशीटर व सिपाहियों की गतिविधि की जानकारी जुटाई है। एसएसपी ने धीरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगाई है। बता दें कि हॉफ एनकाउंटर में गिरफ्तार धीरेंद्र उर्फ वस्तावैया इस्लामनगर पुलिस ने 15 अगस्त की देर रात क्षेत्र के गांव अलीपुर के जंगल से हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र उर्फ वस्तावैया को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची थी तब उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में धीरेंद्र के बाएं पैर में गोली लगी थी। इससे वह घायल हो गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ जानलेवा हमले का एक और मुकदमा का दर्जकर जिला अस्पताल के हड्डी वार्ड में भर्ती कराया था। इंस्पेक्टर विशाल प्रताप का दावा था कि उसे शनिवार को ही जेल भेज दिया जाएगा। लेकिन पुलिस की कागजी कार्रवाई अधूरी रहने के कारण उसे जेल नहीं भेजा जा सका। इसी का नतीजा रहा की हिस्ट्रीशीटर दोनों सिपाहियों को चकमा देकर फरार हो गया। गला रेतकर दरोगा के मां की थी हत्या, लूट ले गया जेवर इस्लामनगर थाना क्षेत्र में मौसमपुर गांव निवासी मनवीर सिंह यादव हापुड़ जिले में बहादुरगढ़ पुलिस चौकी के प्रभारी है। 11 अगस्त की रात उनकी मां रातरानी उर्फ ज्ञानदेवी (65 वर्ष) की बदमाश ने चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी थी। इसके बाद बदमाश उनके शरीर से सोने के जेवरात लूट ले गए थे। दरोगा ने गांव के ही हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वही गिरफ्तारी के बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हिस्ट्रीशीटर धीरेंद्र भाग गया था। जिसको लेकर तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने स्पेशल टीम लगाकर शेखूपुर स्टेशन सें मात्र दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

## श्री नारायण सेवा समिति द्वारा कला प्रतियोगिता का आयोजन

चंदौसी। श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित ''कला प्रतियोगिता'' आज नगर के 19 विद्यालयों के प्रतिभागियों की परीक्षा तीन केंद्रों-सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगगढ़ी, चंदौसी पब्लिक स्कूल तथा सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई जिसमें रजिस्टर्ड 365 में से 283 उपस्थित जबकि 82 अनुपस्थित रहे । संपूर्ण प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित थी । प्रथम वर्ग में हमारा तिरंगा झंडा या जल बचाओ, द्वितीय वर्ग में वंशी वादक श्रीकृष्ण या वर्षा का दृश्य, तृतीय वर्ग में स्वच्छता अपनाओ रोग भगाओ या सबसे ऊंचा पुल चिनाब तथा चतुर्थ वर्ग में ऑपरेशन सिंदूर या वृक्षारोपण अभियान के चित्र बनाकर अपने मनपसंद रंग भरने को दिए गए । बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार विकल्प का चुनाव कर सुंदर एवं आकर्षक चित्र उकेर कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । कक्ष निरीक्षकों में प्रवीण कुमार, नूपुर अग्रवाल, रमन शर्मा, अभिजीत सिंह, नीरज पाल, योगेश कुमारी, वंदना गर्ग, ललित कुमार, रेखा चक्रवर्ती,बबीता, रणजीत कौर तथा सोम शर्मा ने सहयोग किया ।

# रिजर्व पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया गया कान्हा का जन्मदिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के पावन अवसर पर रिज़र्व पुलिस लाइन, बदायूँ स्थित मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, विधायक दातागंज राजीव सिंह (बब्बू भैय्या), विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता तथा राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर डी0सी0बी0 चेयरमैन जे0के0 सक्सैना, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक भारती एवं रवि प्रताप तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं समस्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। मीडिया बन्धुओं द्वारा भी कार्यक्रम में सहभागिता की गई। बता दें कि एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व रिज़र्व पुलिस लाइन, बदायूँ स्थित मंदिर प्रांगण में पूरे हर्षोल्लास एवं धार्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि माननीय सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता,विधायक दातागंज राजीव सिंह (बब्बू भैय्या), माननीय विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता एवं गणमान्य व्यक्ति डी0सी0बी0 चेयरमैन जे0के0 सक्सैना, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक भारती एवं रवि प्रताप उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना सम्पन्न की गई तथा पुलिस परिवार के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर मथुरा से आए कलाकारों की टीम ने भव्य प्रस्तुतियाँ व रासलीला का मंचन कर सभी को भाव-विभोर किया, वहीं बरेली से आई गायकों की टीम ने श्रीकृष्ण भक्ति के मधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पुलिस मॉडर्न स्कूल के बच्चों ने नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और आकर्षक बनाया तथा रिक्रूट कांस्टेबल द्वारा गाए गए भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# रेलवे स्टेशन पर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे वेंडर

**जिम्मेदार देखकर अनजान..खान पान स्टालों का प्लेटफार्म का लायसेंस, लेकिन ट्रेन में सामग्री बेच रहे वेंडर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। रेलवे स्टेशन में रेलवे के नियमों की खुले आम वेंडर धज्जियां उड़ा रहे है।ट्रेन में प्रतिबंधि त होने के बावजूद प्लेटफार्म में खड़ी ट्रेन में अ वैध रुप से चढ़कर वेंडर सामग्री बेचते है।रेलवे स्टेशन पर करीब दर्जनों से अधिक कैंटीन स्टॉ लों के रोजना करीब दो दर्जन से अधिक वेंडर प्लेटफॉर्म पर सामग्री बेचते हैं।इसके बावजूद आरपी और रेलवे के जिम्मेदार अधिकारी औरएजेंसी इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है।बताया जा रहा है यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे स्टेशन के अंदर बिकने वाले खाद्य व पेय पदार्थो की सूची जारी करता है।रेलवे के अधि कृत खाद्य पदार्थ ही प्लेटफार्म में बिक सकते हैं इसके लिए अधिकृत वेंडर प्लेटफार्म के अंदर फ़ेरी लगाकर स्टॉल की सामग्री बेच सकते हैं। लेकिन आरपीएफ कार्यालय के बगल में चल रहे एक स्टॉल पर दर्जनों से अधिक वेंडर मौजू द रहते हैं किसी भी वेंडर के पास आई कार्ड न हीं होता है और ऐ वेंडर ट्रेन के अंदर अवैध रुप से चढ़कर सामग्री विक्रय करते है।इसके बावजू द इन पर कामर्शियल विभाग एवं आरपीएफ कार्रवाई नहीं करता है।रेलवे एक्ट के तहत इ न्हीं को अधिकार दिया गया है।रेलवे स्टेशन में कैंटीन संचालक व फुड प्लाजा के संचालन अ पने अवैध वेंडरों से ट्रेनों में सामग्रियों को विक्रय करवाते है।इन पर औपचारिकता के नाम पर म हीनें में एक दिन चालान काट कर कार्रवाई पूरी कर ली जाती है।

### रेलवे स्टेशन पर निर्धारित से अधिक वेंडर

गोण्डा रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में एक कैंटीन व एक फुड प्लाजा सहित छह खाने पीने के स्टॉल है।इनमें कैंटीन संचालक एवं फुड प्लाजा अपनी सामग्री को बेचने के लिए प्लेटफार्म में वेंडर नियुक्त कर रखे है।दोनों को मिलाकर लग भग पांच वेंडर की अनुमति ले रखी है।इसके बावजूद यह इससे अधिक संख्या में वेंडर साम ग्री बेचते है।इनसेटबिना रसीद के स्टेशन में खाद्य पदार्थ विक्रयरेलवे स्टेशन में सामग्री की गुणवत्ता एवं ओंवर चार्जिंग को लेकर बिना रसीद खाद पदार्थो का विक्रय प्रतिबंधित कर रखा है।इसका कड़ाई से पालन करने के लिए रेलवे नो बिल नो पेमेंट का नियम बनाया है।इसमें बिल नहीं देने पर यात्रि यों को अधिकार दिया है कि वह सामग्री का पै सा अदा नहीं करे।इसके बावजूद इसका अमल स्टेशन में नहीं हो पा रहा है।स्थित यह है कि म हज तीन फीसदी से कम रसीद कटती है।

### पंद्रह की रेल नीर बॉटल बीस में

रेलवे स्टेशन में रसीद नहीं देने के कारण सबसे अधिक पानी की बोतल में ओवर चार्जिंग वसूल करते है।स्टेशन में पंद्रह रुपए की रेल नीर पानी की बॉटल बीस रुपए में बेचते है।इसके अतिरि क्त कोलड्रिंक व अन्य खान-पान पदार्थ जनता खाना की जगह महंगा खाना व पेय पदार्थों में भी ओवर चार्जिंग वसूल रहे हैं।इसके बावजूद कामिर्शियल विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है।इन सेट रेलवे स्टेशन पर न कोई ड्रेस न नेम प्लेटरेलवे स्टेशन में अधिकृत वेंडर को ड्रेस कोड एवं नेम प्लेट आवंटित किया जाता है, जिससे उन की पहचान हो सके।लेकिन गोण्डा रेलवे स्टेशनके प्लेटफार्म पर घूम में वेंडर अधिकतर बिना ड्रे स व नेम प्लेट लगाए घूम रहे हैं।इससे उनकी पहचान नहीं हो पाती और यात्री जहर खुरानी का शिकार हो जाते है।

## गरीब बच्चों के बीच वेलफ़ेयर सोसाइटी ने किया झंडारोहण



गोरखपुर । गरीब,निराश्रितों व दिव्यांगो के सेवा में सदैव ततपर रहने वाला जन पहल वे ल.फे यर सोसाइटी की अध्यक्ष पूर्व पार्षद कुमकुम सिंह ने पादरी बाजार के जंगल तिकोनिया नम्बर दो स्थित बस्ती में गरीब बच्चों के बीच प्रभातफ़ेरी व झंडारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाई । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सोसाइटी की अध्यक्ष कुमकुम सिंह ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश विकास के प्रति निरंतर अग्रसर है । यह गरीब , निराश्रितों व समाज के बंचितो की सरकार है जो तमाम योजनाएं आप सभी के लिए लाई है । कार्यक्रम में सुप्रिया,परियंका, वेदांत,शिवशंकर यादव व नफीसा ने भी प्रतिभाग किया तथा देश के शहीदों को याद किया । कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को पुरस्कृत कर मिठाईयां बाटी गयी ।

# रोड सेफ्टी बोर्ड के नीचे दबकर तीन वर्षीय मासूम की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परसापुर गांव में सड़क निर्माण के दौरान सड़क पर लगाये गये रोड सेफ्टी बोर्ड के नीचे दबकर एक तीन वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई है। परिजनों ने सडक निर्माण में लगे लोगों पर लाप रवाही का आरोप लगाया है।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने मृतक मासू म बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पूरे मामले की जांच नवा बगंज थाने की पुलिस के द्वारा की जा रही है।परसापुर गांव के राजू पाल ने बताया कि गडरि यन पुरवा में नवाबगंज- गोंडा मार्ग से गांव तक आरसीसी सड़क का निर्माण हो रहा है।शुक्रवारको शाम करीब पांच बजे उनका सबसे छोटा बेटा आशीष पाल उम्र तीन वर्ष वही खेल रहा था।आरोप है कि सड़क निर्माण का काम कर रहे मजदूरों की लापरवाही से रोड सेफ्टी बोर्ड आशीष के ऊपर गिर गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मरणासन्न हो गया।दुर्घट ना के बाद वहां काम कर रहे मजदूर रोड सेफ्टी बोर्ड को लेकर भाग खड़े हुए।आशीष के माता-पिता अपने तीन वर्षीय घायल बेटे को लेकर ए क निजी अस्पताल में ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया है।फिलहाल घटना के बाद से मजदूरों की लापरवाही को लेकर ग्रा मीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# जनता मेडिकल स्टोर पर डॉ.शोएब इकबाल चला रहे अपनी अवैध क्लिनिक

**बुखार होने पर गोण्डा मेडिकल कालेज पहुंची महिला इंजेक्शन लगते ही हुई मौत,कफन में लिपटकर घर पहुंची महिला की लाश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत के बाद परिजनों ने गोंडा मेडिकल कॉलेजके सामने जनता मेडिकल स्टोर पर गोण्डा मेडि कल कॉलेज तैनात डॉ.शोएब इकबाल अवैध तरीके से अपनी क्लीनिक चला रहे थे,जहां परउपचार के दौरान महिला की मौत हो जाने परपीड़ित परिवार में शोर शराबा किया।आरोप है कि मेडिकल स्टोर के पीछे अवैध रूप से संचा लित हो रही क्लिनिक में इलाज के दौरान महि ला ने दम तोड़ दिया है।परिवार के लोगों का आ रोप है कि हल्का बुखार होने पर गोंडा मेडिकल कॉलेज लाया गया था।जहां पर डॉक्टर ने अप ने दलालों के माध्यम से जनता मेडिकल स्टोर पर बुला लिया था।जहां पर डॉक्टर के इंजेक्श न लगाते ही महिला की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।शनिवार देर रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया।जब इला ज के लिए आई 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई।मृतका की पहचान रोली के रूप में हुई है। जो बुखार से पीड़ित थी।जानकारी के मुताबिक वह शुक्रवार देर शाम गोंडा मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने आई थी।लेकिन डॉक्टर के गुर्गो ने गोंडा मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित जन ता मेडिकल स्टोर पर इलाज कराने पहुंचा दियाबताया जा रहा है कि मेडिकल स्टोर के अंदर ही डॉक्टर शोएब इकबाल अवैध तरीके से क्लि निक चलाते हैं।वहीं मरीजों का इलाज करते हैं।वही परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर शोएब इकबाल ने बुखार ठीक करने के नाम पर रोली को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।रात करी ब साढ़े नौ बजे जनता मेडिकल स्टोर के अंदर ही उसने दम तोड़ दिया।घटना के बाद महिला के परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो उ ठे और मेडिकल स्टोर के अंदर व बाहर जमकर हंगामा करने लगे।मौके पर जुटी भीड़ ने आरोप लगाया कि अवैध तरीके से चल रहे इस क्लिनि क में बिना किसी मानक के मरीजों का इलाज किया जा रहा है।जिससे बड़ी लापरवाही सामने आई है।हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्र यास किया लेकिन उसके कुछ देर बाद नगर कोतवाल पहुंचे तो उन्होंने पीड़ित को समझाने के बजाय पीड़ित परिवार को ही धमकाने लगे और कहां की यहां से चले जाओ नहीं तो तुमलोगों के खिलाफ मुकदमा लिख दूंगा। मरता क्या नहीं करता पीड़ित परिवार डर के मारे न गर कोतवाली में लिखा पढ़ी करके जनता मेडि कल स्टोर पर चल रहे अवैध क्लीनिक से मृत का की लाश को एंबुलेंस से अपने घर लेकर चले गए।

### सीएम योगी का आदेश हवा हवाई,धड़ल्ले से निजी प्रैक्टिस कर रहे सरकारी डॉक्टर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फरमान के बा द भी गोण्डा जिले में कई सरकारी डाक्टर नि जी प्रैक्टिस कर रहे हैं।कोई नर्सिंग होम में तो कोई गोंडा मेडिकल कॉलेज के सामने मेडिकल स्टोर पर या फिर अपने आवास पर ही मरीजों को देख रहा है।सरकारी डाक्टर क्लिनिक खोल कर मोटी कमाई करने की यह चाह मरीजों पर भारी पड़ रही है।स्थिति यह है कि सरकारी अ स्पतालों में पहुंच रहे मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है,जिस कारण उन्हें निजी अ स्पतालों और नर्सिंग होम का रुख करना पड़ रहा है।बता दें कि सरकारी चिकित्सक मोटी तनख्वाह लेते हैं।बावजूद पैसा कमाने की भूख कम होने का नाम नहीं ले रही है।जिसका खा मियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। सरका री अस्पतालों में मरीजों के इलाज में महज खा ना पूर्ति की जाती है।वहीं अपनी निजी क्लीनि क व अस्पताल में मरीजों का बेहतर इलाज क रते हैं।गोंडा मेडिकल कॉलेज में तैनात डॉक्टर खुलेआम निजी प्रैक्टिस करते हैं।कुछ ऐसे भी चिकित्सक हैं जो पड़ोसी जिले तक भी निजी प्रैक्टिस करते हैं।कुछ चिकित्सक सप्ताह में कु छ ही दिन ड्यूटी पर आते हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों से सेटिंग होने की वजह से उन पर आं च नहीं आती है।इसी की आड़ में वह दूसरे जिलों में भी निजी प्रैक्टिस करते हैं।हालांकि इ सकी जानकारी स्वास्थ्य महकमे के उच्च अधि कारियों को भी है, लेकिन इन चिकित्सकों के खिलाफ अधिकारी भी उदासीन बने हुए हैं।यह हालात तब है कि योगी सरकार ने आदेश जारी कर साफ कर दिया था कि सरकारी चिकित्सक निजी प्रैक्टिस नहीं करेंगे।लेकिन योगी सरकार में इस तरह के आदेश जारी होते रहे हैं, लेकिन कभी चिकित्सकों पर निगरानी नहीं की जा रहीइस कारण मुख्यमंत्री योगी का आदेश केवल ह वा हवाई साबित हों रहा है।

### अवैध क्लिनिक की जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।अवैध रूप से क्लिनिक चलाने के आरोपों की भी पड़ताल की जा रही है।उधर,मृतका के परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । स्वतंत्रता दिवसके शुभ अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर श्री विनोद राय ने किया एवं संचालन पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री दीपक चौधरी ने किया। कार्यक्रम में संघ के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।इसके पूर्व महामंत्री विनोद राय ने मुख्यालय स्थित लेखा मंडल कार्यालय एवं सिग्नल वर्कशॉप में भी झंडारोहण किया। कार्यक्रम को पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ लेखा मंडल के श्री नवीन मिश्रा कारखाना मंडल के श्री अध्यक्ष श्री ईश्वर चंद विद्यासागर, मंडल मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी ने संबोधित किया। अपने संबोधन में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने सभी भारतवासियों एवं रेल कर्मियों से अपील किया की आजादी हजारों संग्राम सेनानियों के बलिदान से मिला है हम सभी को भारत की एकता अखंडता के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए तथा धर्म, भाषा, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर आपसी प्रेम भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री लक्ष्मी श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह, सतीश श्रीवास्तव, मुख्यालय मंडल के अध्यक्ष श्री संजीवधर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत द्वारा पथ संचलन का किया गया कार्यशंखनाद

**कार्यक्रम की रणनीति पर हुई चर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान जिला कार्यकारिणी बहराइच द्वारा पथ संचलन का कार्य किया गया जिसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ आगामी शंखनाद कार्यक्रम की रणनीति पर चर्चा करना था।आज कार्यक्रम में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से शंखनाद कार्यक्रम के तहत स्वदेशी सामानों की सूची और संकल्प पत्र का प्रकाशन किया गया। जन जागरण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एक पत्रक वितरित किया गया, जिसमें स्वदेशी उत्पादों के महत्व और उनके उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। यह पत्रक समाज में स्वदेशी भावना को मजबूत करने में सहायक होगा और नागरिकों को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रेरित करेगा। स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान के सदस्य इस अभियान को एक राष्ट्रीय आंदोलन में तब्दील करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और समाज के प्रत्येक वर्ग तक इस संदेश को पहुँचाने के लिए कृतसंकल्प है। कार्यक्रम में जिला समन्वकगौरव सिंघानिया, अशोक रस्तोगी, जयन्त सिन्हा , अंशु अग्रवाल , अभिनव गुप्ता , सुरेश शाह,बैजनाथ रस्तोगी , आकाश जायसवाल , अंशुमान यज्ञ सैनी, अभिषेक अग्रवाल , शिवम सैनी , रोहित, आदित्य आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

## जन्माष्टमी पर छपिया थाने में अश्लील गानों पर डांस का वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जले के छपिया थाने में जन्माष्टमी के शु भ अवसर पर एक विवादास्पद घटना सामने आई है।जहां थाने में तैनात पुलिसकर्मी और स्थानीय ग्रामीणों ने भोजपुरी और फिल्मी गानों पर नाचते हुए नजर आए।इस अश्लील गाने के कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैंवीडियो में पुलिस कर्मी और ग्रामीण कई भोज पुरी गानों पर डांस करते दिख रहे हैं।इनमें एक 'चुम्मा ले जा गाल में संगे दिलवा ले जा रुमाल में' 'राणा जी मुझे माफ करना गलती मारे से हो गई' और 'एक चुम्मा तू मुझको उधार देय दे' जै से गाने शामिल हैं।जिले के अन्य 16 थानों में जन्माष्टमी का त्योहार भक्ति भाव से मनाया गया। लेकिन छपिया थाने में इस तरह के गानों का बजना और डांस करना नियम विरुद्ध माना जा रहा है।इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर लोग लोग तरह तरह के सवाल उठा रहे हैं।इस वायरल वीडियो की जानकारी के लिए मन कापुर के क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवा ल से संपर्क का प्रयास किया गया।लेकिन नेट वर्क कवरेज की समस्या के कारण उनसे बात नहीं हो पाई।इस घटना में शामिल पुलिस कर्मि यों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# नगर में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव, देशभक्ति के रंग में रंगा नानपारा शहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। शुक्रवार को नानपारा में आज़ादी का जश्न पूरे जोश और उमंग के साथ मनाया गया। तिरंगे की शान में लाखों दिल धड़क उठे और देशभक्ति के रंगों में रंगा हर गली-मोहल्ला, स्कूल और संस्थान एक नए उत्साह से सराबोर नज़र आया। सरकारी दफ्तरों, स्कूल-कॉलेजों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने मिलकर आजादी के 79वें पर्व को ऐसे मनाया मानो पूरा नगर एक विशाल परिवार हो। नगर के कई इलाकों में प्रभात फ़ेरियां भी निकाली गईं, जिसमें स्कूल व मदरसों के बच्चे शामिल हुए।जगह-जगह पर तिरंगा लहराते हुए युवाओं के जोश ने हर किसी को प्रेरित किया। स्कूल/कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मेरे देश की धरती जैसे देशभक्ति गीतों ने लोगों की आंखें नम कर दीं। स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजादी की असली ताकत एकता में है, और हमें इसे बनाए रखना होगा। इसी क्रम में मुख्य समारोह तहसील परिसर में हुआ जहाँ एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने ध्वजारोहण किया और कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों को अंग वस्त्र भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। तहसील परिसर में ध्वजारोहण के बाद एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया। इस दौरान नगर पालिका ईओ रंग बहादुर सिंह मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद नानपारा में चेयरमैन अब्दुल वहीद व ईओ रंग बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया इस मौके पर पालिकाकर्मी व समस्त वार्ड सभासद मौजूद रहे। ग्राम न्यायालय व बार एसोसिएशन पर ध्वजारोहण किया गया। कोतवाली नानपारा में सीओ प्रद्युमन सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान कोतवाल रामाज्ञा सिंह सहित निरीक्षक, उपनिरीक्षक व समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे। राजा बाजार चौकी में प्रभारी राम गोविन्द वर्मा ने ध्वजारोहण किया। अगैय्या स्थित एसएसबी 59वीं बटालियन व 42वीं बटालियन पर कमांडेंट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सम्मान गार्ड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ0 संदीप कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 पी.के. सिंह, श्रीमती रेनू आर्या, सुनील कुमार, उमेश कुमार, संदीप कुमार गौतम सहित क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे। भारतीय मुस्लिम विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष सै अब्दुल वली ने तिरंगा फहराया। संस्था रियल यूटोपिया गार्डे न फाउंडेशन द्वारा संस्था की संरक्षक डॉ0 हुस्न तबस्सुम ने झंडारोहण किया। नगर के श्री शंकर इंटर कॉलेज, जेपी ग्लर्स इंटर कॉलेज, राहत जनता इंटर कॉलेज, वैद्य भगवानदीन बालिका इण्टर कॉलेज, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल, दादा पब्लिक स्कूल, न्यू पॉयनियर पब्लिक स्कूल, अल हादी प्री स्कूल, किड्स कैम्पस प्री स्कूल, कृपाराम जनजागृति हाईस्कूल अगैय्या, अमीर हसन कॉलेज ऑफ फार्मेसी इमामगंज रोड, लखनऊ पब्लिक स्कूल मोहल्ला किला, रिआन इण्टरनैशनल पब्लिक स्कूल सहित मदरसा अंजुमन इस्लामिया बेलदारन टोला में मौलाना मोहम्मद अफजल नदवी ने ध्वजारोहण किया साथ ही एक जश्ने यौमे आजादी तिरंगा रैली भी निकाली। शाम ढलते ही नगर की गलियां जगमगाती रोशनी और तिरंगे की कतारों से सज गईं। हर कोई अपने कैमरे में इन लम्हों को कैद कर रहा था।

# गोवंश की देखभाल पर जोर, एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने दिए सख्त निर्देश

नानपारा, बहराइच। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने विकास खंड नवाबगंज स्थित वृहद गोसंरक्षण केंद्र चर्दा का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध हरा चारा, भूसा, चोकर आदि के स्टॉक की बारीकी से जांच की। केंद्र पर कुल 292 गोवंश पाए गए। इस दौरान एसडीएम ने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर उपस्थिति चेक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गोवंश को बारिश से बचाने हेतु कवर्ड एरिया में रखा जाए तथा शेड को तीन तरफ से बंद किया जाए, ताकि बारिश का पानी भीतर न जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद केयरटेकर को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी गोवंश को नियमित रूप से भूसा, चोकर और हरा चारा मिलाकर खिलाया जाए। साथ ही, उप-पशु चिकित्सा अधिकारी को समय-समय पर गोवंश का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए।

## बजाज चीनी मिल में हर्षोल्लासपूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस



गोंडा। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, कुंदरखी चीनी मिल के प्रांगण में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर इकाई प्रमुख पी.एन.सिंह ने ध्वजारोहण किया।उन्होंने वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और उद्योग की प्रगति में योगदान देना चाहिए। इकाई प्रमुख ने राष्ट्र की प्रगति में किसानों की भूमिका की भी भूरि-भूरि प्रशंसा किया।कार्यक्रम में 52 किसानों को नवीनतम तकनीकी से खेती करने के लिए शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कारखाना कर्मियों और किसानों से अपील किया कि वे गुणवत्तापूर्ण गन्ना उत्पादन एवं गन्ना क्षेत्र में वृद्धि कर उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएं।

इस अवसर पर विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) डॉ.अनिल कुमार त्रिपाठी ने किसानो के प्रति आभार व्यक्त किया।चीनी मिल कर्मचारियों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेन्द्र कुमार दीक्षित ने किया।इस अवसर पर कारखाने के विभागा ध्यक्ष कर्मचारीगण,चीनी मिल क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक और अनेक कृषकबंधु उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । जनपद में पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । मण्डलायुक्त कार्यालय पर मंडलायुक्त, जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर एसएसपी सहित भटहट के कंपोजिट विद्यालय रामपुर खुर्द में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पाण्डेय और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवधेश सिंह द्वारा किया गया ।

उसके बाद विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसका संचालन डॉ गौरी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज देश के अखंडता को अक्षुण्ण बनाने और महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है ।इस अवसर पर शकुन्तला, अतुल कुमार पाण्डेय, मिथलेश कुमार पाण्डेय, राजेंद्र प्रसाद, प्रियंका त्रिपाठी, अनामिका शर्मा,रेखा, नीलम गुप्ता, अर्पिता, सुनीता आदि लोग मौजूद थे । प्राथमिक विद्यालय कैथवलिया में प्रधानाध्यापक रमेश मणि त्रिपाठी व प्रधानप्रतिनिधि अशोक कुमार द्वारा झंडारोहण किया गया । इस अवसर पर शिक्षिका रचना श्रीवास्तव, ऋतु कोरी,फखरुद्दीन खान , राजाराम गुप्ता,विनय गुप्ता,सूर्यभान,आंगनवाड़ी कार्यकत्री,सहायिका,रसोइया सहित अनेकों गणमान्य अभिभावक उपस्थित रहे । विद्यालय के बच्चों ने मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुत किये । प्रधानाध्यापक ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया ।

# जीवन जीने की कला में प्रोत्साहन व पुरस्कार से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। जीवन जीने की कला में प्रोत्साहन व पुरस्कार आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते हैं । जीवन में शिक्षा उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शरीर को जिंदा रखने के लिए आक्सीजन के रूप में उर्जा की । उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ परामर्श चिकित्सक डा. यूएस तिवारी ने शुक्रवार को जंगल धूसड़ स्थित श्री विरेन्द्र कुमार इंटर कालेज में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान कही । स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यूपी बोर्ड की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाली रितिका चौहान, अंशिका निषाद, अनामिका चौहान व प्रिया चौहान को प्रोत्साहन के रूप में पांच-पांच हजार रुपए व 70 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले को दो हजार व 60 फ़ीसदी से ज़्यादा अंक पाने वाले को पन्द्रह सौ रुपए का चेक प्रदान किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को कलम, डायरी व योगा मैट तथा विद्यालय को भार मापक यंत्र प्रदान की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुधाकर लाल, आभार प्रबंधक प्रभावती वर्मा व संचालन प्रधानाचार्य रेखा तिवारी व चित्रा ने किया । इस अवसर पर साधना श्रीवास्तव, पूर्व उप संपादक उपेन्द्र पाण्डेय, वीके श्रीवास्तव, बबिता, संतोष, अवधेश, विकास, पद्मा दुवे, चन्दा, रजनी, सुनीता, शालिनी, आकांक्षा, विजय लक्ष्मी, कविता व विकास सहित तमाम लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए ।

# राज्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में राज्यमंत्री तथा कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण

## स्कूली बच्चों एवं पुलिस विभाग द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमेठी । स्वतंत्रता दिवस जनपद में हर्षोल्लास एवं पूर्ण गरिमामयी तरीके से मनाया गया।समस्त सरकारी गैर सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों पर ध्वजारोहण के साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को याद किया गया। आज स्वतंत्रता दिवस पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह तथा कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी संजय चौहान ने ध्वजारोहण किया इसके उपरांत झंडा अभिवादन के साथ ही भावपूर्ण राष्ट्रगान का गायन किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य को शपथ दिलाई गई।हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं पुलिस विभाग द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली को मा. राज्य मंत्री जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इसके उपरांत विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर लगाई गई पोस्टर अभिलेख एवं पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। डीपीआरसी परिसर में राज्यमंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।राज्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वारा की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं राज्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अशोक कुमार द्विवेदी, राजेश सिंह, परमानंद मिश्रा, संजय सिंह, इंद्रदत्त उपाध्याय, मथुरा प्रसाद, श्यामसुंदर गुप्ता, चंद्रभान यादव, रामसागर शुक्ला व देवराज सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है इसके लिए हम सभी को मिल जुल कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं जिनका लाभ हर जरूरतमंद व पात्र व्यक्ति को दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आजादी हमें कितनी मुश्किल से मिली है इसे संजोकर रखें अपने कार्य क्षेत्र में हमें एहसास होना चाहिए कि हम आजाद भारत के अंदर कार्य कर रहे हैं और हम अपने कार्य के माध्यम से इंसाफ करें, कोई भी ऐसा कृत्य ना करें जिससे किसी को पीड़ा हो। उन्होंने कहा कि हम जिस भी पद पर बैठे हैं उसे पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर एडीएम अर्पित गुप्ता, अनिल चतुर्वेदी, एएसपी शैलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव रितेश राज, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी, जिला पर्यटन अधिकारी पारिजात पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, छात्र छात्राएं एवं जन सामान्य मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने नलों की टोटी और क्षतिग्रस्त सड़कों को देखकर अधिशासी अभियंता पर जताई नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## राज्यमंत्री ने जल निगम की टंकी का उदघाटन के बजाय गांव का स्थलीय निरीक्षण किया

## जल निगम द्वारा बनाये गये मंच के बजाय गांव की गलियों का राज्यमंत्री ने किया निरीक्षण

अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत रमई में रविवार को जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित पेयजल टंकी का उदघाटन करने पहुंचे राज्यमंत्री ने जल निगम के अधिशाषी अभियंता को खूब खरी खोटी सुनाई। राज्यमंत्री ने गांव के गली गलियारों का भ्रमण कर घर घर जमीनी हकीकत जांची इस दौरान क्षतिग्रस्त गलियों और पानी की कई टोटियों में पानी न आने पर मंत्री जी इतना नाराज हुये कि जल निगम द्वारा बनाये गये मंच पर ही नही चढ़े और राज्यमंत्री ने गांव की खराब गलियों,इंटर लॉकिंग मार्गों और खड़ंजा मार्गों में पाइप लाइन डालने के दौरान क्षतिग्रस्त हुए रास्तों को लेकर अधिशाषी अभियंता को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें चेतावनी दी कि जैसे पूर्व में रास्ते थे उसी तरह एक महीने में बनाकर गांव सभा को दें। रविवार को चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह तिलोई के रमई गांव में हर घर जल योजना का कार्य पूर्ण होने पर पानी की टंकी का शुभारंभ करने पहुंचे थे।लेकिन गांव पहुंचते ही इंटरलॉकिंग रास्ते क्षतिग्रस्त नजर आये इसी को लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे मंत्री जी काफी नाराज हो गये और ग्राम पंचायत के रमई,पूरे मुकुंद और पूरे गडरिया का ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, ग्राम प्रधान पति बबलू सिंह के साथ निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में टोटियों में पानी नहीं आ रहा था साथ ही गांव के पाइप डालने के लिए खोदे गए इंटरलॉकिंग और खड़ंजा मार्गों की मानक के अनुसार मरम्मत नहीं हुई है। राज्य मंत्री ने ग्रामीणों के बीच अधिशाषी अभियंता अनिल राव की क्लास लगाते हुए कहा कि जब टेंडर में पूरा कार्य शामिल था तो कराया क्यों नहीं गया।राज्य मंत्री ने सिंहपुर क्षेत्र के वतिया गांव में भी हर घर जल योजना की जमीनी हकीकत देखी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, एसडीएम अमित सिंह,क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र,रमई के प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूल प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस बच्चों ने प्रस्तुत किए कई कार्यक्रम



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड मरौरी की ग्राम पंचायत चंदोई में स्थित कंपोजिट विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून और अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर तिरंगा फहराया गया और देशभक्ति के नारे लगाए गए।सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे समारोह में चार चांद लग गए।देशभक्ति का जज्बा बच्चों और स्टाफ ने देशभक्ति का जज्बा दिखाया और स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चर्चा की। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है और वे अपने देश के प्रति गर्व महसूस करते हैं।

## सीडीपीओ ने बाल वाटिका का किया उद्घाटन



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर में स्थित परिषदीय विद्यालय मुख्तियार कालोनी में सीडीपीओ अनीता चौधरी द्वारा बाल वाटिका का किया गया उद्घाटन है। सीडीपीओ अनीता चौधरी ने बताया कि इस बाल वाटिका में 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्री-स्कूल कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें शारीरिक,मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास शामिल है। अध्यापक मोहम्मद मियां वारसी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाल वाटिका में पढ़ने वाले बच्चों के शारीरिक,मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान पंकज सरदार,आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता, कृष्णा, हेमा, कुसुम,अध्यापक मोहम्मद मियां बरसी,रीना मंडल सहित विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित रहे हैं।

## राज्यमंत्री ने ब्लाक प्रमुख के घर पहुंचकर शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है। विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत मत्तेपुर के गांव सरदारगंज निवासी ब्लाक प्रमुख अंकित पासी की पत्नी लवली का बीते दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। इसकी जानकारी मिलने पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने उनके पैतृक आवास पर पहुंचकर नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इसके अलावा भाजपा नेता दया शंकर यादव, राकेश त्रिपाठी सहित अन्य तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।इस मौके पर भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा, ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, सत्य नारायण सिंह, रियाज अहमद, मोहम्मद इलियास सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने स्मैक के साथ दो युवकों को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों पर शिकंजा कसते हुये पैंतालिस ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटर साइकिल नम्बर यूपी 72 ए डब्ल्यू 7510 पर सवार सैफ पुत्र मोहम्मद शमीम निवासी हटिया जेर मस्जिद थाना जायस व कैफ पुत्र अब्दुल रशीद निवासी मोहल्ला शेखाना थाना जायस को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में सैफ के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक एवं कैफ को कब्जे से बीस ग्राम स्मैक बरामद किया गया और बाइक के कागजात मांगने पर दिखा नही सके। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है और बाइक को सीज कर दिया गया है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस पुलिस ने एक तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जायस के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर कासिम पुत्र सलीम निवासी नई बस्ती कंचाना थाना जायस को एक अदद तमंचा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## हिन्दू संगठनों ने गैर समुदाय के युवक संग पकड़ी हिन्दू युवती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के पंकज कॉलोनी की रहने वाली युवती को हिन्दू संगठनों ने गैर समुदाय के युवक संग बाल कटिंग की दुकान पर रंगे हाथों पकड़ा हिन्दू युवती और गैर समुदाय का युवक बाल कटिंग की दुकान के अन्दर बन्द होने की जानकारी लगने पर भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा और टीम के साथ पहुंच गए मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरनपुर निवासी हैदर की कोतवाली रोड पर ही अंदर गली में बाल कटिंग की दुकान है। दुकान पर काम करने वाला उसका भाई दोनों को दुकान के अन्दर बन्द करके चला गया। कुछ ही देर में युवक और युवती के दुकान में होने की सूचना नगर में आग की तरफ फैल गई मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। कुछ ही देर में युवती के परिवार के लोग भी आ गए और थाने ले आये युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सीडीओ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोवंश आश्रय स्थल में किया पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिये पोल्ट्री फार्म का किया औचक निरीक्षण

अमेठी । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा विकास खण्ड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय भागमानी में संचालित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धा भाव से गोपूजन कर संरक्षित गोवंशों को पुष्पमाला पहनाई, खाद्यान्न खिलाया एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ल, संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी, पंचायत सचिव एवं एडीओ पंचायत अपने अधीनस्थ कर्मियों सहित उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ सूरज पटेल ने निर्देशित किया कि गोवंशों के खाद्यान्न की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न हो तथा आश्रय स्थल पर प्रतिदिन साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाय सभी गोवंशों का समय समय पर टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग की जाय और उनकी गणना पूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से अभिलेखों में दर्ज हो। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में हरे चारे की बुवाई की गई है, इसलिए गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था निरंतर बनी रहे। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित पोल्ट्री फार्म का भी निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण बर्ड फ्लू की रोकथाम की दृष्टि से किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में अब तक बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नही आया है। उन्होंने यह भी बताया कि रोकथाम के लिए समिति का गठन किया जा चुका है और इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि बर्ड फ्लू की रोकथाम हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि जनपद में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर जनपद के सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर भी श्रद्धा और उल्लास के साथ पर्व का आयोजन किया गया। सभी केंद्रों पर संरक्षित गोवंशों का पूजन कर उन्हें विशेष आहार प्रदान किया गया और स्थानीय स्तर पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पर्व का आयोजन सम्पन्न हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ने बाल वाटिका का किया उद्घाटन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय में पहुंची जिला पंचायत सदस्य रेनू राज किया ध्वजारोहण जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री रेनू राज ने प्राथमिक विद्यालय विलेइया मकरंदपुर में स्थित बालवाटिका का किया उद्घाटन बच्चों एवं ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की है।यह अनोखी पहल बालवाटिका में 3 साल से 6 साल तक के बच्चे करेंगे शिक्षा ग्रहण जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को और अच्छा एवं प्रभावशाली बनाने के लिए बालवाटिका की योजना लागू की गई हैं।बालवाटिका में पढ़ने वाले बच्चों का होगा शारीरिक,मानसिक, सामाजिक विकास साथ ही जिला पंचायत सदस्य ने ग्राम वासियों से अपने 3 से 6 साल तक के बच्चों को बाल वाटिका में प्रवेश करने हेतु की अपील इस अवसर प्रधान,आंगनबाड़ी कार्यकत्री, विद्यालय स्टाफ सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे है।

## विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस उपस्थित रहे ग्रामीण और अभिभावक

पूरनपुर। प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने का आदेश मिला था, जिसके बाद विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। गांव वालों और प्रधान की सक्रियता से यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा हैं।स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य बिंदु देशभक्ति का जज्बा बच्चों और ग्रामीणों में दिखाई दिया है।तिरंगा फहराया। बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिससे माहौल और भी आकर्षक हो गया।इंचार्ज प्रधानाध्यापिका प्रिया गुप्ता और समस्त गांव वासियों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस तरह के आयोजनों से है बच्चों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है और वे अपने देश के प्रति गर्व महसूस करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान पुत्र शोभित गिरी सहित ग्राम वासी एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने खंड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापिका का आभार व्यक्त किया हैं।

# सदर विधायक पर रंगदारी मांगने का आरोप

## सड़क निर्माण कंपनी की डायरेक्टर का दावा-25 लाख रुपए की मांग, विरोध पर कर्मचारियों से मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। सुलतानपुर में एक सड़क निर्माण कंपनी की डायरेक्टर ने स्थानीय विधायक और उनके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सिद्धार्थ इन्फ्राहाइट प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। कंपनी को पीडब्ल्यूडी से वित्तीय वर्ष 2024-25 में विरसिंहपुर-पापरघाट शाहपुर हरवंशपुर मार्ग का निर्माण कार्य मिला है। यह काम बाबा चौरासी आश्रम धाम तक मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का है। शिकायत के अनुसार, स्थानीय विधायक राज बाबू उपाध्याय ने कंपनी के मैनेजर अनिल वर्मा को बुलाकर 25 लाख रुपए की मांग की। कंपनी द्वारा इनकार करने पर 16 अगस्त 2025 को विधायक ने साइट पर जाकर कर्मचारियों को धमकी दी। 17 अगस्त को विधायक के सहयोगी भूपेंद्र पांडेय, सर्वेश मिश्रा, आलोक पांडेय, सीटू पांडेय और 10-15 अन्य लोग साइट पर पहुंचे। उन्होंने मैनेजर और कर्मचारियों से मारपीट की। मैनेजर का मोबाइल और 1.5 लाख रुपए छीन लिए। भूपेंद्र पांडेय ने धमकी दी कि विधायक की मांगी गई रकम दिए बिना काम नहीं करने दिया जाएगा। कंपनी को यह प्रोजेक्ट 12 महीने में पूरा करना है। घटना की सूचना 112 पर दी गई है। कंपनी की डायरेक्टर ने अपने और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## सोशल मीडिया से कमाई के चक्कर युवक ने टाइगर रिजर्व मे उड़ाया ड्रोन

पूरनपुर। सोशल मीडिया से कमाई का ख़ुमार लोगों के सर पर इस क़दर चढ़ा हुआ है। कि लोग सोशल मीडिया से कमाई के चक्कर मे आए दिन कुछ ना कुछ कारनामा करते रहते हैं एक ऐसा ही कारनामा पीलीभीत टाइगर रिज़र्व से सामने आया है।जहां एक युवक अरबाज अंसारी जो पीलीभीत ज़ोन के नाम से इंस्टाग्राम पेज चलाता है।जिसने जंगल के नियमों को ताक पर रख कर जमकर धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं।वहीं प्रशासन मौन होकर देख रहा हैं।फिलहाल मीडिया के दबाव के बाद युवक की तलाश तेज कर दी है।आपको बताते चले कि अरबाज द्वारा ड्रोनसे बनाये गये वीडियो से बन्यजीवो को खतरा है और उनकी गतिविधियां प्रभावित होती हैं।माला रेंज पहले से ही संवेदनशील इलाका है। यहां पहले भी शिकारियों की मौजदगी और शिकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इस हरकत से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है।

# वतन के वास्ते सरहद पे जो कुर्बान होता है मन के मंदिर का वही भगवान होता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। पंद्रह अगस्त की पावन वेला व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर क्षेत्र में संचालित राम मिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज बल्दीराय के सभागार में एक साहित्यिक कवि गोष्ठी व स्वतंत्रता संग्राम परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि कर्म राज शर्मा तुकांत की वाणी बंदना से हुआ। तत्पश्चात वरिष्ठ कवि पुष्कर सुल्तानपुरी ने अपना काव्यपाठ करते हुए पढ़ा-कैसे कोसूं तुझको क़िस्मत, तुझसे टूटे साज मिले। कहर, टीस, नफ़रत में मुझको, जीने के अंदाज़ मिले। कौन करिश्मा कर देते हो, जमीं फ़लक सब एक किए। मैं भी उड़ सकता हूं मुझको, पंख मिले परवाज़ मिले। पढ़कर वाहवाही बटोरी। इसके बाद शिक्षक व साहित्यकार मास्टर शिव कुमार गुप्ता ने अपनी कविता-मैं एक दरख्त हूँ, सह लेता हूँ मौसम की मार को, आंधियों की फटकार को, दामिनी की ललकार को, फिर भी फलता हूँ, फूलता हूँ, मुस्कराता हूँ। विडम्बना यह कि मैं कुल्हाड़ी से नहीं, उसके बेंट से डर जाता हूँ।पढ़कर आज की सामाजिक व पारिवारिक विसंगति पर प्रहार किया। युवा कवयित्री अखिलेश तिवारी डॉली ने अपनी गज़लों से लोंगों को मंत्रमुग्ध करते हुए पढ़ा-वतन के वास्ते सरहद पे जो कुर्बान होता है। हमारे मन के मंदिर का वही भगवान होता है।। कहा जज़्बात की मानूं तो छलकेंगे मेरे आंसू। मगर रोना शहादत का यहां अपमान होता है। पढ़कर शहीदों को नमन किया। कुशीनगर से आये युवा गीतकार विकास वैभव ने अपनी इन पंक्तियों से शहीदों को नमन किया-जमीं दे दिया जो मकाँ दे दिया।कभी ना मिटे वो निशां दे दिया। उसे हम ना भूलेंगे मरने तलक। वतन के लिए जिसने जां दे दिया।पर श्रोता वाह वाह कर उठे। वरिष्ठ कवि एडवोकेट राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल ने विभिन्न सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए पढा-धर्म सनातन पर टिप्पणियां, करना जिनका सौक रहा है। उनको कुछ मत कहो, ये समझो,कोई कुत्ता भौक रहा है।उनका कोई धर्म नहीं है, धर्म का उनको ज्ञान नहीं। वो खुद हैं, अज्ञानी, पापी, नीच, पतित, पद मान नहीं। आखिर उनको क्या कुछ कहना, समझो गदहा रेंक रहा है। पढ़कर कार्यक्रम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया। संचालन कर रहे कवि कर्म राज शर्मा तुकांत ने पढ़ा-आज़ादी के हवन कुंड में, जिसने जीवन दान किया हैं। मातृभूमि की स्वत्रंता में, खुद को ही बलिदान किया है। उन वीरों को नमन हमारा, उनका वंदन अभिनंदन। जिनकी अमर सहादत ने, यह उन्नत हिंदुस्तान किया है। तो पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कवियों की कविताओं पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग बलिदान पर अपना विचार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, आर टी आई एक्टिविस्ट इम्तियाज खान, डॉ शादाब मुस्तफा, आशीष तिवारी, रंजीत सिंह, पत्रकार रूपेश दूबे, पीर मुहम्मद, कंस राज जायसवाल, सहित कई साहित्य प्रेमी मौजूद रहे।

# नाबालिग बालिका को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश मे आया है। पुलिस मामले को डकारने में जुट गई है और पीड़िता को न्याय मिलना कड़ी चुनौती है।थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने स्थानीय थाने पर पहुंचकर पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उसकी नाबालिग बेटी बीती सोलह सत्रह अगस्त की रात लगभग सवा बारह बजे गांव के बाहर शौच के लिये गयी थी तभी रंजिशन गांव के ही तीन युवकों ने उसके हाथ पैर बांधकर मुंह मे कपड़ा ठूंसकर बंधक बनाते हुये उठा ले गये और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। रात मे ही काफ़ी ढूढ़ने के बाद उसकी बेटी का लोटा व चप्पल थोड़ी दूर पर बाग मे पड़ी मिली तथा उससे कुछ दूरी पर पुत्री बेहोशी की हालत मे मिली। परिजनों द्वारा उक्त घटना के बारे में स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।परिजन रात मे ही बेटी को अस्पताल ले गए जहां होश मे आने पर बेटी ने गांव के ही तीन युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का बात बतायी। घटना के बारे मे किसी और से बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता न्याय के लिये दर दर भटक रही है लेकिन अपराध को छिपाने में माहिर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है फिलहाल थाना इन्हौना की पुलिस इस सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को संदिग्ध मानकर रविवार की देर शाम तक अभियोग दर्ज नही किया है। इस सम्बंध में तिलोई के क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है जांचोपरांत विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## अतीत के आईने में भाजपा

प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद से देश में जो महत्वपूर्ण बदलाव या फैसले लिए गए, उनमें एक है 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाना। 18वीं सदी के कवि गिरिधर ने अपनी कुण्डलियों में समझाया है कि बीती ताहि बिसारि दे, आगे की सुधि लेइ। मतलब अतीत की बातों को पकड़ कर बैठने का कोई लाभ नहीं होता, उन्हें भूल कर या सबक लेकर आगे यानी वर्तमान और भविष्य की फिक्र करना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार के पास भारत के वर्तमान के लिए सांप्रदायिक, धर्मांध एजेंडे के अलावा कोई नजरिया नहीं दिखता और भविष्य के नाम पर वे सीधे 2047 की बात करते हैं। वर्तमान और भविष्य को लेकर सरकार में स्पष्ट सोच की कमी साफ झलकती है, इसलिए वे अतीत की बात करते रहते हैं। देश की समस्याओं पर बात करनी हो तो बिजली से तेज गति में चलकर नेहरू युग में पहुंच कर वहां की कमियां दिखाने लगते हैं। इससे भी काम न बने तो मुगल काल की तकलीफें याद आती हैं और फिर भी जनता का ध्यान न भटके तो सीधे त्रेतायुग, द्वापर युग की कहानियों से लोगों को बहलाने का काम शुरु हो जाता है। ध्यान देने वाली बात ये है कि मोदी सरकार जब अतीत में लौटती भी है तो बड़ी चालाकी से अपनी सुविधा के लिए ब्रिटिश शासनकाल को दरकिनार कर देती है। जैसे स्पीड ब्रेकर से बचने के लिए कई बार गाड़ी चालक उसके किनारे से गाड़ी निकालता है, वही काम मोदी सरकार कर रही है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस इसका एक बड़ा उदाहरण है। 18 जुलाई 1947 को ब्रिटिश संसद ने भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया था जिसमें विभाजन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच की सीमा रेखा ब्रिटिश वकील सर सिरिल रैडक्लिफ ने तय की थी, जिसमें हिन्दू बहुमत वाले इलाके भारत में और मुस्लिम बहुमत वाले इलाके पाकिस्तान में शामिल किए गए। अतीत की बात करने वाली मोदी सरकार को अगर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाना ही है तो उसके लिए 14 अगस्त से बेहतर 18 जुलाई की तारीख उपयुक्त होती। गौर करने वाली बात ये भी है कि मोदी सरकार विभाजन के लिए नेहरू पर तो ठीकरा फोड़ती है, लेकिन कभी भी ब्रिटिश राज को कभी दोषी नहीं ठहराती। इसी तरह द्विराष्ट्र का सिद्धांत देने वाले वी डी सावरकर का भी जिक्र इस संदर्भ में नहीं करती। अतीत प्रेमी भाजपा के लिए इतिहास के ही कुछ उदाहरण पेश किए जा सकते हैं। हिन्दू महासभा के 1937 के अहमदाबाद में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में अध्यक्ष की आसंदी से सावरकर ने कहा था कि भारत में मुख्यतः दो राष्ट्र बसे हैं, हिंदू और मुस्लिम। (समग्र सावरकर वाङ्गमय, हिन्दू राष्ट्र दर्शन, खंड 6, महाराष्ट्र प्रांतिक हिन्दू सभा पूना, 1963, पृष्ठ 296)। संघ परिवार से प्रशंसित इतिहासकार आर सी मजूमदार ने भी लिखा है कि - साम्प्रदायिक आधार पर बंटवारे के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार एक बड़ा कारक हिन्दू महासभा थी, जिसका नेतृत्व महान क्रांतिकारी नेता वी डी सावरकर कर रहे थे। (स्ट्रगल फॉर फ्रीडम, भारतीय विद्या भवन, 1969, पृष्ठ 611)। डा. अंबेडकर ने भी अपनी पुस्तक पाकिस्तान ऑर द पार्टीशन ऑफ इंडिया(1946) में सावरकर के द्विराष्ट्र सिद्धांत और अखंड भारत की उनकी अवधारणा के छद्म को उजागर किया है।

> 18वीं सदी के कवि गिरिधर ने अपनी कुण्डलियों में समझाया है कि बीती ताहि बिसारि दे, आगे की सुधि लेइ। मतलब अतीत की बातों को पकड़ कर बैठने का कोई लाभ नहीं होता, उन्हें भूल कर या सबक लेकर आगे यानी वर्तमान और भविष्य की फिक्र करना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार के पास भारत के वर्तमान के लिए सांप्रदायिक, धर्मांध एजेंडे के अलावा कोई नजरिया नहीं दिखता और भविष्य के नाम पर वे सीधे 2047 की बात करते हैं।

## कर्तव्य भवन: संकल्प से सिद्धि की ओर

**''कर्तव्य भवन'' का विचार केवल पत्थरऽमिट्टी का ढांचा खड़ा करने की योजना नहीं है, बल्कि यह भारत के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। जैसे हर परिवार अपने घर को सपना और सुरक्षा मानता है, वैसे ही राष्ट्र का भी अपना घर होना आवश्यक है। यही घर होगा, जहाँ सरकार की नीतियाँ और निर्णय केवल काग़ज़ों पर नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और आकांक्षाओं के साथ गढ़े जाएंगे। आर्थिक दृष्टि से भी यह कदम दूरदर्शी है, क्योंकि इसकी लागत कुछ ही वर्षों में पूरी हो जाएगी। इसका असली मूल्य उस भावनात्मक शक्ति में है, जो यह आने वाली पीढ़ियों को दे जाएगा। यह भवन हमारे लोकतंत्र का आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल स्वरूप होगा, जहाँ फैसले तेजी, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ लिए जाएंगे। वास्तव में, यह भवन केवल प्रशासन का केंद्र नहीं होगा, बल्कि हर भारतीय के स्वाभिमान और संकल्प का घर होगा। 'कर्तव्य भवन' वह जगह होगी, जहाँ प्रशासन एक साथ बैठेगा, सोचेगा और काम करेगा, तो संवाद आसान होगा और जवाबदेही स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। अब तक, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालय दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में फैले हुए थे। नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, शास्त्री भवन, निर्माण भवन, उद्योग भवन, कृषि भवन, रेल भवन और भी बहुत कुछ। ये सिर्फ़ पतों का अंतर नहीं था, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में देरी का अंतर था। प्रशासन में एक मंत्रालय दूसरे के सहयोग के बिना नीति नहीं बना सकता। निर्णय प्रक्रिया में समन्वय की ज़रूरत और विचारों का आदान-प्रदान ज़रूरी होता है। अब, चूँकि ये सब एक ही जगह पर है, तो ये कुछ ही मिनटों में संभव हो जाएगा। कभी मीटिंग के लिए आना-जाना पड़ता था, आज वो समय बचेगा। इससे न सिर्फ़ समय की बचत होगी बल्कि ऊर्ज़ा, आर्थिक व मानवीय संसाधन की भी काफ़ी हद तक बचत होगी। जहाँ मंत्रालय एक-दूसरे के बगल में स्थित होते हैं, वहाँ 'समस्याओं' की बजाय 'समाधान' तेज़ी से मिलते हैं। तकनीकी दृष्टि से भी ये एक डिजिटल-फर्स्ट इंफ्रास्ट्रक्चर होगा।**

भारतीय जनमानस के लिए ''कर्तव्य'' की अवधारणा प्राचीन काल से ही कर्तव्य के आदर्श में गहराई से निहित रही है। भगवान श्री रामचंद्र की राज्य के प्रति निष्ठा, भगवान श्री कृष्ण का कूटनीतिक कौशल, आचार्य चाणक्य की अद्वितीय राजनीतिक बुद्धिमत्ता, सम्राट अशोक का धर्म-प्रचार, गुप्त वंश का ज्ञान और ऐश्वर्य का स्वर्णिम युग, चोल साम्राज्य की सामुद्रिक शक्ति की गाथा और छत्रपति शिवाजी महाराज का लोकहितकारी शासन, भारतीय परंपरा की अमर महानताएँ हैं। आज यही मूल्य आधुनिक रूप में ''कर्तव्य भवन'' नाम से परिलक्षित हो रहा है। अभी तक, केंद्र सरकार के कई महत्वपूर्ण कार्यालय दिल्ली में विभिन्न भवनों में किराए पर चल रहे थे, जो केवल एक अस्थायी व्यवस्था थी। हम कितने साल किराए का घर चलाएंगे? एक दिन, हम तय करते हैं, ''हमें अपना घर चाहिए'' केंद्र सरकार के मामले में, वह कदम है- ''कर्तव्य भवन।'' वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सरकार हर साल लुटियंस ज़ोन और दिल्ली के आसपास के इलाकों में किराए के भवनों पर एक बड़ी रकम खर्च करती है। अकेले किराए पर 1100 से 1500 करोड़ रुपये और इसके अलावा रखरखाव और मरम्मत पर 400 से 600 करोड़ रुपये। यानी कुल मिलाकर हजारों करोड़ की राशि सिर्फ भवनों के उपयोग पर खर्च होती है। अब यह सारे कार्यालय कर्तव्य भवन में स्थानांतरित हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 06 अगस्त को कर्तव्य भवन का लोकार्पण किया। पहले राजपथ को गुलामी का प्रतीक मान उसका नया नामकरण कर्तव्य पथ करने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने ही इस कर्तव्य भवन की संकल्पना की और फिर उसे साकार भी कर दिखाया। ''कर्तव्य भवन'' का विचार केवल पत्थरऽमिट्टी का ढांचा खड़ा करने की योजना नहीं है, बल्कि यह भारत के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। जैसे हर परिवार अपने घर को सपना और सुरक्षा मानता है, वैसे ही राष्ट्र का भी अपना घर होना आवश्यक है। यही घर होगा, जहाँ सरकार की नीतियाँ और निर्णय केवल काग़ज़ों पर नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और आकांक्षाओं के साथ गढ़े जाएंगे। आर्थिक दृष्टि से भी यह कदम दूरदर्शी है, क्योंकि इसकी लागत कुछ ही वर्षों में पूरी हो जाएगी। इसका असली मूल्य उस भावनात्मक शक्ति में है, जो यह आने वाली पीढ़ियों को दे जाएगा। यह भवन हमारे लोकतंत्र का आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल स्वरूप होगा, जहाँ फैसले तेजी, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ लिए जाएंगे। वास्तव में, यह भवन केवल प्रशासन का केंद्र नहीं होगा, बल्कि हर भारतीय के स्वाभिमान और संकल्प का घर होगा। 'कर्तव्य भवन' वह जगह होगी, जहाँ प्रशासन एक साथ बैठेगा, सोचेगा और काम करेगा, तो संवाद आसान होगा और जवाबदेही स्वाभाविक रूप से बढेगी। अब तक, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालय दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में फैले हुए थे। नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, शास्त्री भवन, निर्माण भवन, उद्योग भवन, कृषि भवन, रेल भवन और भी बहुत कुछ। ये सिर्फ़ पतों का अंतर नहीं था, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में देरी का अंतर था। प्रशासन में एक मंत्रालय दूसरे के सहयोग के बिना नीति नहीं बना सकता। निर्णय प्रक्रिया में समन्वय की ज़रूरत और विचारों का आदान-प्रदान ज़रूरी होता है। अब, चूँकि ये सब एक ही जगह पर है, तो ये कुछ ही मिनटों में संभव हो जाएगा। कभी मीटिंग के लिए आना-जाना पड़ता था, आज वो समय बचेगा। इससे न सिर्फ़ समय की बचत होगी बल्कि ऊर्ज़ा, आर्थिक व मानवीय संसाधन की भी काफ़ी हद तक बचत होगी। जहाँ मंत्रालय एक-दूसरे के बगल में स्थित होते हैं, वहाँ 'समस्याओं' की बजाय 'समाधान' तेज़ी से मिलते हैं। तकनीकी दृष्टि से भी ये एक डिजिटल-फर्स्ट इंफ्रास्ट्रक्चर होगा। सभी मंत्रालयों की नेटवर्किंग, क्लाउड-आधारित फाइलें, सुरक्षित संचार चैनल, एआई और डेटा एनालिटिक्स नीति निर्माण में तेजी लाएंगे। ''डिजिटल इंडिया'' का नारा, साकार होगा। इससे नागरिकों को भी लाभ होगा। जब यह सब एक ही स्थान पर होगा, तो प्रशासनिक तंत्र अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेगा। इसके प्रत्यक्ष लाभ हैं - एक आधुनिक सरकारी भवन, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और भारतीय बौद्धिकता का स्पर्श। 'कर्तव्य भवन' केवल इमारत नहीं है, बल्कि यह 21वीं सदी में भारत के कार्यसंस्कृति और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस नए परिसर में लगभग 1500 चार पहिया और हजारों दो पहिया वाहनों के लिए बहु-स्तरीय भव्य पार्किंग की सुविधा है। 'कर्तव्य भवन' आधुनिकता का एक आदर्श होगा। इस भवन का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुसार किया गया है। इसमें सौर ऊर्ज़ा प्रणाली, प्राकृतिक प्रकाश और हवा का अधिकतम उपयोग, ऊर्ज़ा कुशल उपकरण, जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन और ग्रे वाटर रीसाइक्लिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इससे बिजली की लागत में भारी बचत होगी। एक अनुमान के अनुसार, 'कर्तव्य भवन' पूरी तरह से चालू होने पर हर साल लगभग 25-30 करोड़ रुपये बिजली की बचत करेगा। यह क्षेत्र प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), संसद भवन, रक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और अन्य केंद्रीय कार्यालयों के बहुत करीब है। इससे प्रशासनिक कार्यों की गति कई गुना बढ़ जाएगी। हमें याद रखना चाहिए कि अब तक मंत्रालय दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में बिखरे हुए थे। इस बिखराव के कारण निर्णय लेने में देरी होती थी, फाइलों के संचालन में समय की बर्बादी होती थी और अक्सर समन्वय की समस्याएँ भी होती थीं। 'कर्तव्य भवन' इस समस्या को दूर करता है। क्योंकि यह परिसर एक Administrative Spine यानी प्रशासनिक रीढ़ का काम करेगा। यहाँ 30 से ज़्यादा मंत्रालय और उनकी 52 शाखाएँ एक साथ एक ही जगह पर काम करेंगी। इससे प्रशासन में एक नई ऊर्ज़ा का संचार होगा। नीतियाँ बनाने और उनके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए तेज़ समन्वय की आवश्यकता होती है। कोई भी महत्वपूर्ण प्रस्ताव अब विचार-विमर्श, परामर्श और अनुमोदन की प्रक्रिया में बिना किसी देरी के तुरंत पूरा किया जा सकेगा। यह निकटता प्रधानमंत्री कार्यालय के लिए भी एक बड़ी सुविधा साबित होगी। प्रधानमंत्री विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों से तुरंत संवाद कर सकेंगे, उनकी विभागीय बैठकें नियमित रूप से होंगी और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी। मंत्रियों और अधिकारियों को अक्सर संसद और मंत्रालयों के बीच भागदौड़ करनी पड़ती है। अब यह आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। संसद भवन के निकट स्थित 'कर्तव्य भवन', प्रशासन और विधानमंडल के बीच समन्वय को और सुगम बनाएगा। इन सभी का एक ही स्थान पर होना केवल सुविधा ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और रणनीतिक आवश्यकता भी है। 'कर्तव्य भवन' भारत की निर्णय प्रक्रिया का केंद्र बन रहा है। आज का भारत अंतरिक्ष में नई ऊँचाइयाँ छू रहा है, डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है और उद्यमिता के मार्ग प्रशस्त कर रहा है। ऐसे भारत की राजधानी में खड़ा होने वाला 'कर्तव्य भवन' उस नए भारत का मूर्त प्रतीक है, जिसका सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिखाया है। इस भवन की नींव दूरदर्शिता, सुविचारित योजना और नैतिकता पर टिकी है। यही वे आदर्श हैं जिनका प्रतिपादन आचार्य चाणक्य ने 'अर्थशास्त्र' में 'सप्तांग राज्य' के सिद्धांत के माध्यम से किया था। सात अंग - राजा, मंत्री, जनपद, किला, कोष, शिक्षा और मित्र, किसी भी राष्ट्र की स्थिरता और शक्ति का आधार माने गए हैं। 'कर्तव्य भवन' इन्हीं तत्वों का आधुनिक, समन्वित और सशक्त रूप है। मोदी जी का यह सपना है कि शासन केवल दीवारों में सीमित न रहे, बल्कि जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सहयोग की जीवंत संस्कृति बने। 'कर्तव्य भवन' इसी सपने को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। -श्याम जाजू

## स्वतंत्रता की शताब्दी में समृद्ध, शक्तिशाली और विकसित भारत सुनिश्चित

**मनोज कुमार अग्रवाल**

भारत न झुकेगा न दबेगा न किसी अंतरराष्ट्रीय महाशक्ति से ब्लैकमेल होगा और स्वतंत्रता की शताब्दी तक भारत सुनिश्चित रुप से एक समृद्ध, शक्तिशाली और विकसित देश होगा। यही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए संबोधन का सारतत्व या लब्बोलुआब। प्रधानमंत्री ने लालकिले की प्राचीर से कई साहसिक घोषणाएं कीं, जो एक ऐसे राष्ट्र का संकेत देती हैं, जो भविष्य में ऊर्ज़ा, सेमीकंडक्टर, सामरिक सुरक्षा से लेकर हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा। बिना नाम लिए प्रधानमंत्री ने ट्रंप के टैरिफ से निबटने के लिए स्वावलंबी स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपने कार्यकाल का लालकिले से यह बारहवाँ संबोधन था। प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपना सबसे लंबा और निर्णायक भाषण दिया, जो 103 मिनट का था और जिसने विकसित भारत 2047 के लिए एक साहसिक रोडमैप तैयार किया। आत्मनिर्भरता, नवाचार और नागरिक सशक्तिकरण पर ज़ोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने दूसरे देशों पर निर्भर राष्ट्र से लेकर विश्व स्तर पर आत्मविश्वासी, तकनीकी रूप से उन्नत और आर्थिक रूप से सुदृढ़ देश बनने तक की भारत की यात्रा पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले, सिंधु जल विवाद, सेमीकंडक्टर निर्माण, घुसपैठ से डैमोग्राफी बदलाव के खतरे समेत सभी मुद्दों पर बेबाक राय रखी। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए इसे भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का प्रदर्शन बताया। भारत में निर्मित हथियारों का इस्तेमाल करते हुए, इस ऑपरेशन ने आतंकवादी नेटवर्क और पाकिस्तान स्थित बुनियादी ढाँचे को ध्वस्त कर दिया, जिससे एक नए युग का संकेत मिला, जहाँ भारत अब विदेशी शर्तों पर परमाणु ब्लैकमेल या धमकियों को स्वीकार नहीं करेगा। सिंधु जल संधि के मुद्दे पर, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा भारत ने अब निर्णय ले लिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। लोगों को एहसास हो गया है कि सिंधु जल संधि अन्यायपूर्ण थी। सिंधु नदी प्रणाली के पानी से दुश्मन की जमीनों की सिंचाई होती रही, जबकि हमारे किसान कष्ट झेलते रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दूसरों पर निर्भरता किसी राष्ट्र की स्वतंत्रता पर सवाल उठाती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण होता है, जब निर्भरता एक आदत बन जाती है, एक खतरनाक आदत। इसलिए हमें आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक और प्रतिबद्ध रहना चाहिए। आत्मनिर्भरता केवल निर्यात, आयात, रुपये या डॉलर के बारे में नहीं है। यह हमारी क्षमताओं, अपने पैरों पर खड़े होने की हमारी ताकत के बारे में है। उन्होंने घोषणा की कि भारत 2025 तक अपनी पहली मेड-इन-इंडिया सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च करेगा। देश परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोल रहा है, जिससे ऊर्ज़ा और प्रौद्योगिकी में अभूतपूर्व अवसर पैदा होंगे। भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप बनाने से लेकर जेट इंजन बनाने तक, दस गुना परमाणु ऊर्ज़ा विस्तार से लेकर युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपये के रोज़गार प्रोत्साहन तक, उनका संदेश स्पष्ट था कि भारत अपना भाग्य स्वयं परिभाषित करेगा, अपनी शर्तें स्वयं निर्धारित करेगा और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत अब मिशन मोड में है। इस वर्ष के अंत तक, देश अपनी पहली मेड इन इंडिया चिप का शुभारंभ करेगा। अगले दो दशकों में परमाणु ऊर्ज़ा उत्पादन क्षमता को दस गुना से अधिक बढ़ाने के भारत के मिशन के तहत 10 नए परमाणु रिएक्टरों पर काम चल रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का दिवाली पर अनावरण किया जाएगा, जिसके तहत आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स कम होंगे और एमएसएमई, स्थानीय विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए एक समर्पित सुधार कार्य बल के गठन की घोषणा की। इसका कार्यादेश होगा - आर्थिक विकास में तेज़ी लाना, लालफीताशाही कम करना, शासन का आधुनिकीकरण करना और 2047 तक भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ज़रूरतों के लिए तैयार करना। पीएम मोदी ने 1 लाख करोड़ रुपये की एक बड़ी रोज़गार योजना की शुरुआत की, जिसके तहत नए रोज़गार पाने वाले युवाओं को प्रति माह 15,000 रुपये मिलेंगे। इस योजना का उद्देश्य 3 करोड़ युवा भारतीयों को लाभान्वित करना है, जिससे स्वतंत्र भारत से समृद्ध भारत तक का सेतु मज़बूत होगा।

### सेहत मंत्र

## साइलेंट किलर है हाइपरटेंशन


आज की तेज रफ्तार जिंदगी में ज्यादातर लोग अवसाद और तनाव से घिरे रहते हैं। नतीजतन चुपके से कब हाइपरटेंशन जकड़ लेता है और मानसिक उलझन, शारीरिक रोग में बदल जाती है पता ही नहीं चलता। इसका सीधा संबंध हमारे हृदय से है। शहरों में यह रोग 30 से 40 फीसदी में, जबकि गांवों में 15 फीसदी को ही है। आनुवंशिक कारण के अलावा खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान भी है। इससे हार्ट अटैक से लेकर लिवर डैमेज और आंखों की रोशनी जाने का खतरा होता है। इस पर विस्तृत जानकारी होना बहुत जरूरी है। हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है, जो बिना लक्षण के ही प्राण घातक होता है। इसमें कुछ लोगों में सिर दर्द, धड़कनों का तेज होना, चलते समय सांसों का फूलना, थकान और असहजता देखी जाती है। यह लकवा और हार्ट अटैक का प्रमुख कारण है। यह किडनी व आंखों पर भी असर डालता है। इससे बचाव के लिए नियमित जांच जरूरी है। हृदय शरीर के सभी अंगों को नलिकाओं द्वारा रक्त को पहुंचाने का कार्य करता है। रक्त प्रवाह के समय हृदय दबाव पैदा करता है, जो नलिकाओं के अंदरूनी भाग पर पड़ता है। इस दबाव को रक्तचाप कहते हैं। रक्तचाप से शरीर में रक्त संचरण में सहायता करता है। धमनियों में रक्त के दबाव के बढ़ने को उच्च रक्तचाप कहते हैं। एक सेहतमंद आदमी के लिए रक्तचाप 120/80 होता है। जब आपका सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर (ऊपर का रक्त चाप) 140 और डायास्टोलिक ब्लड प्रेशर (नीचे का रक्त चाप) 90 या इससे ऊपर हो, तो तब उसे उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन कहते हैं। बल्डप्रेशर की जांच कराते समय कुछ बातें ध्यान रखें जैसे, जांच से तीन घंटे पहले तक रोगी ने चाय, कॉफी या सिगरेट का सेवन न किया हो। शोध में यह भी पता चला है कि शुरुआती उम्र में यह पुरुषों में ज्यादा और 60 साल की उम्र के बाद यह महिलाओं में ज्यादा होता है। ऐसे तो यह बीमारी किसी भी कारण से हो सकती है जो लोग मोटे हों या किसी कारण अवसाद से ग्रसित हों, फास्ट फूड और मांसाहारी भोजन ज्यादा करते हों उनमें यह ज्यादा देखने को मिलता है। इसका एक कारण शारीरिक श्रम कम करना है। जब रक्तचाप बढ़ने लगे, तो सतर्क हो जाना चाहिए।

### धर्म मंत्र

## हर दुख का अंत करती हैं मां पीतांबरा

वैशाख शुक्ल अष्टमी को देवी बगलामुखी का अवतरण दिवस कहा जाता है, जिस कारण इसे मां बगलामुखी जयंती के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार माता बगलामुखी ने इसी 'राजी' में रात्रि के समय प्रकट होकर विष्णु को इच्छित वर दिया और ब्रह्मा द्वारा रचित सृष्टि के विनाश को रोका। बगलामुखी साधना की सिद्धि के लिए 'वीर राजी' विशेष महत्वपूर्ण है, सूर्य मकर राशिस्थ हो, मंगलवार को चतुर्दशी हो उसे 'वीर राजी' के नाम से जाना जाता है। मां बगलामुखी को पीले रंग से विशेष प्रेम है, जिसके कारण इनको मां पीताम्बरा भी कहा जाता है। माता बगलामुखी का रंग चमकते हुए स्वर्ण के समान है इसलिए माता की पूजा-अर्चना के लिए पीले रंग की सामग्री, फल-फूल आदि पीले रंग के ही होने चाहिएं और स्वयं साधक भी पीले रंग के वस्त्र धारण करने चाहिए। घर की उत्तर दिशा में पीले वस्त्र पर देवी बगलामुखी का चित्र स्थापित करके देवी का विधिवत पूजन करें। घी में हल्दी मिलाकर दीपक करें, चंदन से धूप करें, हल्दी चढ़ाएं, दूध-शहद का भोग लगाएं, पीले फूल चढ़ाएं, बेसन के लड्डू का भोग लगाकर 108 बार विशिष्ट मंत्र का जाप करें। इसके बाद भोग गरीबों में बाटें। देवी बगलामुखी दसमहाविद्या में आठवीं महाविद्या हैं। संपूर्ण ब्रह्मांड की शक्ति का समावेश उनमें है। माता बगलामुखी की उपासना शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद विवाद में विजय के लिए की जाती है। इनकी उपासना से शत्रुओं का नाश होता है तथा भक्त का जीवन हर प्रकार की बाधा से मुक्त हो जाता है। बगला शब्द संस्कृत भाषा के वल्गा का अपभ्रंश है, जिसका अर्थ दुलहन होता है।

### पर्यटन



## खूबसूरत तीर्थस्थल है गंगोत्री, मंत्रमुग्ध कर देता है प्राकृतिक नजारा

गंगोत्री हिमालय की गोद में स्थित है। हिंदू धर्मग्रंथों में 'मां गंगा' के रूप में जिस नदी का जिक्र आता है, यह उसका उद्गम स्थल है इसलिए इसका धार्मिक महत्व भी खूब है। यहां के दर्शनीय स्थलों में 18वीं शताब्दी के दौरान गोरखा कमांडर अमर सिंह द्वारा बनवाया गया गंगोत्री मंदिर प्रमुख है। गंगोत्री के प्राकृतिक सौंदर्य की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। यह स्थान अपने अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। गंगोत्री की यात्रा पर आए सैलानियों को यहां का अलौकिक सौंदर्य मंत्रमुग्ध सा कर देता है। गंगोत्री चूंकि एक खूबसूरत तीर्थस्थल है सो इसके आसपास का वातावरण बहुत ही शांतिमय है। गंगोत्री के आसपास में स्थित तपोवन, नंदनवन तथा गोमुख स्थलों का जब आप पैदल भ्रमण करेंगे तो आपको अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त होगा। लंबे-लंबे देवदार वृक्ष और उनके मध्य से बहती हुई ठंडी हवा सैलानियों का मन बरबस ही मोह लेती है और उन्हें एक सुखद अहसास भी कराती है। यदि आप पर्वतारोही हैं तो आपके लिए यह स्थल और भी बढ़िया है। यहां आप न सिर्फ अपनी पर्वतारोहण की इच्छा पूरी कर सकते हैं अपितु प्रकृति के अलौकिक सौंदर्य का दर्शन भी कर सकते हैं। वैसे तो सर्दियों के मौसम में यह स्थल बर्फ से ढंका रहता है इसलिए यहां सैलानियों की संख्या कम ही रहती है। लेकिन यदि आप अभी युवा हैं और अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की योजना बना रहे हैं, तो आप सर्दियों में गंगोत्री जरूर जाइए। यहां के लोगों का भी कहना है कि सर्दियों में यहां युवा सैलानियों की संख्या अधिक रहती है तो अन्य मौसम में सामान्य तीर्थयात्रियों की। यहां के दर्शनीय स्थलों में गंगोत्री मंदिर, नंदनवन, तपोवन, मनेरी, गंगनानी और गोमुख के साथ ही केदारताल आदि प्रमुख हैं। वैसे इन सबकी यात्रा करने से पहले आइए आपको लिए चलते हैं हरसिल। यह स्थल स्वादिष्ट सेबों और अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर पर्यटन विश्रामगृह के साथ ही लोक निर्माण विभाग का विश्रामगृह एवं विल्सन काटेज भी मौजूद है जिसमें सैलानी आराम फरमा सकते हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन्स में हुआ भव्य आयोजन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अनुपम अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन में दीप प्रज्जवलित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया तथा जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की उपस्थिति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रिजर्व पुलिस लाइन्स में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों, पुलिस परिवार के बच्चों तथा रिक्रूट आरक्षीगण द्वारा भजन, भक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस अपराधी की 'याराना पार्टनरशिप' वायरल, मोमेंटो बना बवाल का टॉपर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। थाना कुर्सी की पुलिस इन दिनों चर्चा में है वजह कोई बड़ी कामयाबी नहीं, बल्कि 'दोस्ती की अनोखी मिसाल'। जी हाँ, वही अपराधी, जो कुछ महीने पहले अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ सलाखों के पीछे भेजा गया था, अब राष्ट्रीय पर्व पर थाना परिसर में 'सम्मानित अतिथि' की तरह खड़ा मुस्कराता दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में पुलिस और अपराधी की यह अनोखी 'गांठ' जमकर चर्चा का विषय बनी हुई है। एक तस्वीर में पुलिस और अपराधी हाथों में मोमेंटो थामे खड़े हैं। सवाल बड़ा है कि यह मोमेंटो पुलिस ने अपराधी को दिया, या अपराधी ने पुलिस को भेंट किया? जनता अब इसे ृसम्मान५सम्मान का खेलˆ कह रही है। दूसरी तस्वीर में चौकी पर तैनात कांस्टेबल साहब अपराधी के कंधे पर हाथ रखकर सेल्फी लेते नज़र आते हैं, मानो किसी बाल-वीर को 'गुड टच' का अनुभव करा रहे हों। तीसरी फोटो तो और भी गजब–थाना प्रभारी के कार्यभार ग्रहण दिवस पर अपराधी मालाओं से लदा पुलिस संग 'स्टेज शेयर' करता दिख रहा है। जनता का कहना है ृवाह री पुलिस! जिनके हाथों में हथकड़ी होनी चाहिए, वे फूल-माला और मोमेंटो पकड़े थाना परिसर की शान बढ़ा रहे हैं।ˆ आम धारणा है कि अपराधियों की जगह जेल होनी चाहिए, मगर तस्वीरों में वे थाने की शोभा बढ़ाते 'स्पेशल गेस्ट' नजर आते हैं। व्यंग्य यह कि अगर यही ट्रेंड चलता रहा तो अगली 15 अगस्त पर अपराधी ध्वजारोहण भी कर सकते हैं और पुलिस तालियाँ बजाएगी। उधर, थाना प्रभारी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा ृअरे भाई, स्वतंत्रता दिवस पर किसी को भगाना उचित नहीं लगा। और जो मोमेंटो दिख रहा है, वह अपराधी खुद लेकर आया था।ˆ अब जनता के मन में सवाल है कि ृक्या अब अपराधियों को भी वीआईपी ट्रीटमेंट मिलेगा।

# जनपद न्यायाधीश ने किया ध्वजारोहण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायालय में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण, जिला बार के पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण और जनपद न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# जनपद में श्रद्धा, सम्मान, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**यह आजादी हजारों अमर बलिदानों की देन है, हमें उनके त्याग को कभी नहीं भूलना चाहिए'': सतीश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । 79वें स्वतंत्रता दिवस पर जनपद का कोना-कोना देशभक्ति की धुनों से सराबोर रहा। सुबह की पहली किरण के साथ ही गलियों और मोहल्लों में नन्हें-मुन्ने बच्चे हाथों में तिरंगा थामे ''भारत माता की जय'' और ''वंदे मातरम्'' के उद्घोष करते निकले। मानो पूरा जिला आजादी के रंग में डूब गया हो।

**कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण, गूंजा राष्ट्रगान**



कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद नगर पालिका सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री श्री शर्मा ने जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह व विधायक हैदरगढ़ श्री दिनेश रावत समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह आजादी हजारों अमर बलिदानों की देन है। हमें उनके त्यागज्ञ को कभी नहीं भूलना चाहिए और देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी हमें एक लम्बे संघर्ष के बाद मिली है, हमें अपने वीर शहीदों, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को हृदय में सजोकर नये भारत को आगे बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

## प्रेम प्रसंग में युवती ने की आत्महत्या

सरोजनी नगर। इलाके में 24 वर्षीय युवती ने दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव की 24 वर्षीय युवती अपने घर के बगल में ही प्रेमी के साथ अक्सर उसके कमरे पर रहती थी। यहां पर गुरुवार की रात युवती ने कमरे में ही दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका अंकिता की मां दरोगा खेड़ा स्थित एक कॉलोनी में किराए पर रहती है। यहीं पर दोनों मां बेटी मेहनत मजदूरी करके गुजर बसर कर रहे थे। मृतका का उसके बगल के कमरे में रहने वाले एक युवक विकाश से उसका प्रेम प्रसंग हो गया था। अंकिता अक्सर प्रेमी के कमरे में ही रहने लगी थी। बीते गुरुवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद विकास कमरे से कहीं चला गया। युवती ने इसी दौरान कमरे में पंखे के हुक से दुपट्टा के सहारे आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह घटना की सूचना मिलने पर सरोजनी नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से युवक फरार है। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मृतका के परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। परिजन तहरीर देंगे तो रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्व. चंद्रशेखर शुक्ल 'बेबी भईया' मरणोपरांत महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। लोकाधिकार सेवा समिति के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एव श्री रामलीला उत्सव समिति पार्कसाईट विक्रोली के पूर्व अध्यक्ष/विख्यात लोकप्रिय, जनप्रिय समाजसेवी स्व.श्री चंद्रशेखर शुक्ल को मरणोंपरांत विधायक राम कदम के द्वारा घाटकोपर में भारत की सबसे बड़ी दही हंडी में महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार, विधायक प्रवीण दरेकर मौजूद रहे। यह महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार स्व.श्री शुक्ल के बड़े सुपुत्र श्री रामलीला उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल को देकर सम्मानित किया गया। दही हंडी में नगरसेवक सूर्यकांत गवली, निल किरीट सोमैया, चंद्रकांत मालकर, अशोक दुबे, अरुण एखंडे, अनिल निर्मले, विजय पुराणिक, गणेश भगत, राजन बोराटे, पूनम नायर बोराटे, पत्रकार दयाशंकर पांडेय, टीवी9 न्यूज के आनंद पांडेय और सुरेश सोनी, मनोज सिंह, संतोष गांजले, जे पी मिश्रा, अवधेश तिवारी, आदेश मिश्र, रामतीरथ शर्मा सहित तम्मा इलेक्ट्रॉनी मीडिया प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु, जनप्रतिनिधि तथा तमाम गोविंदा पथक मौजूद रहे।

## शहीदों की याद में निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदो की याद में ग्राम मसौली में चेहल्लुम पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। गुरूवार की देर रात्रि चौको एव पिंडालो में रखी गयी ताजियों की जियारत के लिए रात्रि भर जायरीन चलते रहे। तथा भोर में निकाला गया ताजियों का जुलुस देर शाम कर्बला पहुँचा जहाँ पर नम आँखों के साथ ताजियों को दफन किया गया। पैग़म्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लाह वालेवसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि0) एव उनके 72 साथियों की शहादत की याद में ग्राम मसौली में गुरुवार की शाम को चौको एव भव्य पिंडालो में ताजिये रखे गये और शुक्रवार की भोर सादगी एव अक़ीदत के साथ ताजियों का जुलुस निकाला गया। जुलुस निर्धारित मार्गो से घूमता हुआ देर शाम को कर्बला पहुँचा जहाँ नम आँखों के साथ ताजियों को दफन किया गया। इस दौरान अंजुमन गुलाम माने अब्बास द्वारा नॉहेख्वानी की गयी। इसके आलावा ग्राम बड़ागाँव की अंजुमन गुलाम जाने हुसैन सहित , बांसा, जकरिया जैदपुर की अंजुमनों द्वारा नोहेख्वानी की गयी तथा अकीदतमंदों द्वारा जगह जगह शबील व पुलाव सहित खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। चेहल्लुम के जुलुस के दौरान. क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, कस्बा प्रभारी राहुल शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## प्राथमिक विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

पूरनपुर प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित करने का आदेश मिला था, जिसके बाद विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। गांव वालों और प्रधान की सक्रियता से यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा हैं।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शान से फहरा तिरंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट, बाराबंकी। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तहसील क्षेत्र देशभक्ति की भावना से सराबोर रहा। मस्तान आश्रम सेवा समिति, इमलिहा सूपामऊ के तत्वावधान में शुक्रवार को एक भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा, व्यापारी, छात्र-छात्राएँ तथा भाजपा पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

यात्रा का शुभारंभ मस्तान आश्रम इमलिहा सूपामऊ चौराहे से किया गया। इस दौरान हाथों में लहराता तिरंगा लिए जनसमूह राष्ट्रप्रेम के नारे लगाता आगे बढ़ता रहा। तिरंगा यात्रा का मार्ग गनी पुलिया, शिव धाम बेलिया, पूरे पाठक बाजार, श्रीराम चौराहा, धारूपुर, टिकरा बाजार, दुल्लापुर, रामपुर व देवीगंज होते हुए पुनः मस्तान आश्रम सेवा समिति परिसर में सम्पन्न हुआ। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया तथा पुष्प वर्षा कर राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को और प्रबल किया।



आयोजक मंडल के प्रतिनिधि ओंकार पाल एवं इंजीनियर अखिलेश ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान की स्मृति को जीवित रखना और नई पीढ़ी को देशभक्ति के संदेश से प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि हमारी अस्मिता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह मुन्नू तथा मंडल महामंत्री सतीश रावत रहे। इस अवसर पर अनुज पाल, कल्लू नेता सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की पूरी टीम एवं भारी संख्या में राष्ट्रभक्त मौजूद रहे। संपूर्ण क्षेत्र में निकली इस तिरंगा यात्रा ने स्वतंत्रता दिवस के जश्न को और अधिक उल्लासपूर्ण एवं यादगार बना दिया। हर गली, हर चौराहे पर गूंजते भारत माता के जयघोष और तिरंगे के रंग में रंगा जनसमूह स्वतंत्रता पर्व की महत्ता को सजीव कर रहा था।


# कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड–बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक मेमो0/ मनरेगा / निविदां / 2025–26 — दिनांक – 17/08/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025–26 में निम्नलिखित कार्य हेतु प्राप्त वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18/08/2025 से दिनाक 25/08/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 25/08/2025 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय/ पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति / फर्म के समक्ष खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण मूल्य 500 रुपए निर्धारित है।

| क्र. स. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य खड़ंजा से अचल साहब तक इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य | मौरंग सीमेंट बालू पत्थर गिट्टी सरिया इंटरलॉकिंग ईट प्रथम श्रेणी अव्वल ईट ईटा गिट्टी | 1483855 | 500 | तीन माह |

**नियम व शर्तें –**

1– निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।
2– आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थानया आपूर्ति करना होगा।
3– आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्व आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। 4–जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।
5–विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
6–आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
7– आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा।
8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्वन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत मे उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/ स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
9– निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10–निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा।
11–निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा।
12–बिना कारण बताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार, सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | | |
|---|---|---|
| मीरा देवी | शिवकुमार | अमरेंद्र सिंह |
| ग्राम प्रधान | तकनीकी सहायक | ग्राम विकास अधिकारी |
| ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया | ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया | ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया |
| वि0ख0 बनीकोडर, बाराबंकी | वि0ख0 बनीकोडर, बाराबंकी | वि0ख0 बनीकोडर, बाराबंकी |



# बिजनेस/स्पोर्ट्स



# स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करें : मांडविया

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइक्लिंग के 36वें संस्करण में सभी नागरिकों से सक्रिय जीवनशैली के लिए फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने आह्वान किया।

डा. मांडविया ने आज गुजरात के पालीताणा स्थित अपने गृह ग्राम हनोल से फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल में भाग लेकर सभी नागरिकों से एक सक्रिय जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। संडे ऑन साइकिल के 36वें संस्करण में राष्ट्रीय कैडेट कोर के युवाओं की भी भागीदारी रही। डॉ. मांडविया ने गांव के पुरुषों और महिलाओं से फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने और कार्बन क्रेडिट सुविधा का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ‟मैं सभी से फिट इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने और यह देखने का आग्रह करता हूं कि साइकिल से काम पर जाने या गांव में घूमने से कितना कार्बन बच रहा है। इस ऐप को इस तरह से विकसित किया गया है कि यह आपको दूरी और लगने वाले समय से लेकर हृदय गति आदि तक, आपके स्वास्थ्य के बारे में सभी जानकारी देता है, जो आपके स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए फायदेमंद है। साइकिल चलाना मोटापे से लड़ने और प्रदूषण से निपटने का एक बेहतरीन साधन है। मैं सभी से हमारे फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह करता हूं। एक स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण के अपने मिशन को जारी रखते हुए, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने आज राष्ट्रीय कैडेट कोर के साथ मिलकर देश भर में 5000 स्थानों पर ‘फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल’का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 3000 नमो फिट इंडिया क्लबों ने भी भाग लिया। दिल्ली में आयोजित कार्यकम में 1200 से अधिक उत्साही साइकिल चालकों ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम का चक्कर लगाया और डॉ. शिखा गुप्ता द्वारा आयोजित रस्सी कूदने की गतिविधि के अलावा ज़ुम्बा, ध्यान और योग सत्रों का आनंद लिया। इसके अलावा, तलवारबाज नाजिया शेख और बेनी क्वेभा ने साइक्लिंग अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि यह टियर 1 और टियर 2/3 शहरों में मोटापे और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में बहुत जरूरी जागरूकता फैला रहा है। इस अवसर पर तलवारबाज बेनी क्वेभा ने कहा, इतनी बड़ी भीड़ के साथ साइकिल चलाने का यह मेरा पहला अनुभव है। मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल लोगों को मोटापे और प्रदूषण जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूक करने की एक बेहतरीन पहल है। लोगों को एक ही जगह पर ज़ुम्बा, योग, रस्सी कूदने से लेकर बैडमिंटन, नेट क्रिकेट आदि जैसी विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का आनंद लेते देखना बहुत अच्छा लगा। सुबह की शुरुआत ऊर्जा से भरपूर रही और सभी के लिए यह संदेश स्पष्ट था कि हमें फिट और स्वस्थ रहने के लिए एक सक्रिय जीवनशैली अपनानी होगी। इस बीच, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) के 100 से अधिक राइडर्स ने पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स (पीएलडब्ल्यू) में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल्स में सक्रिय रूप से भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस साइक्लिंग पहल का अब तक 46 हजार से अधिक स्थानों पर आयोजन किया जा चुका है, जिसमें कुल मिलाकर आठ लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया है।

## नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम स्टैंडिंग के अनुसार स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होने वाली डायमंड लीग 2025 फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया डायमंड लीग में भाग नहीं लिया था, लेकिन इस वर्ष दो डायमंड लीग मैचों में 15 अंक हासिल करने के साथ वह 27 और 28 अगस्त को स्विट्जरलैंड में होने वाले ग्रैंड फाइनल के लिए पहले ही स्थान बना चुके हैं। 2025 डायमंड लीग चैंपियन का फैसला करने के लिए पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी।

इस सीजन में अपने दो डायमंड लीग मुकाबलों में 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पेरिस चरण में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की, जबकि दोहा में उन्होंने 90.23 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

चोपड़ा और वेबर दोनों 15 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जबकि त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट तीन स्पर्धाओं में 17 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। 2012 लंदन ओलंपिक चैंपियन वाल्कॉट सिलेसिया में 82.54 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा के भी ज्यूरिख में होने वाले ग्रैंड फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद है। नीरज चोपड़ा ने अभी तक ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।

## रुआत्किमा के दो गोलों से डायमंड हार्बर जमशेदपुर को हराकर सेमीफाइनल में

एजेंसी

जमशेदपुर। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए एक शानदार क्वार्टर फाइनल में, डायमंड हार्बर एफसी ने 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के सबसे बड़े झटकों में से एक में जमशेदपुर एफसी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुआत्किमा के पहले हाफ में किए गए शानदार दो गोलों और बेहतरीन रक्षात्मक प्रदर्शन से प्रेरित होकर, बंगाल की पहली टीम ने अपने आईएसएल प्रतिद्वंद्वियों को मात दी, जिससे घरेलू टीम और उनके प्रशंसक स्तब्ध रह गए। जहां जेएफसी ने दूसरे हाफ में गेंद पर कब्जा जमाया और पूरी ताकत झोंक दी, वहीं डायमंड हार्बर के संयम, अनुशासन और जवाबी हमले ने उन्हें एक यादगार जीत दिलाई।

जेएफसी के अंतरिम मुख्य कोच स्टीवन डायस ने 4-3-3 की एक स्थापित लाइनअप उतारी और अपनी शुरुआती लाइनअप में तीन बदलाव किए। उन्होंने सुहैर वीपी, कार्तिक चौधरी और विंसी बैरेटो की जगह जापानी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी री ताचिकावा, श्रीकुट्टन वीएस और निखिल बारला को शामिल किया। जबकि डायमंड हार्बर एफसी के मुख्य कोच जोस एंटोनियो विकुना ओचांडोरेना ने अपनी शुरुआती लाइनअप में पांच बदलाव किए। उन्होंने क्लेटन दासिल्वा, सुसनाता मलिक, मेलरॉय मेलविन असीसी, गिरिक महेश खोसला और नरेश सिंह की जगह रोबिलाल मंडी, सैरुआतकिमा, मिरशाद कूट्टप्पुन्ना, सैमुअल लालमुआनपुइया और हाली चरण नारज़ारी को शामिल किया। 4-3-3 की इस फॉर्मेशन में लुका माजसेन, हाली चरण और जॉबी जस्टिन की घातक तिकड़ी आक्रमण पंक्ति में शामिल है।

जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुए क्वार्टर फ़ाइनल मुक़ाबले में डायमंड हार्बर एफसी ने आत्मविश्वास से भरी घरेलू टीम जमशेदपुर एफसी को चकनाचूर करते हुए शानदार शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। सिर्फ तीन मिनट में, रुआत्किमा ने एक सेट-पीस का फ़ायदा उठाया। एक लंबे थ्रो ने जेएफसी की रक्षा को हिला दिया और डिफेंडर को कोई मार्कर नहीं मिला और उन्होंने पहला गोल कर दिया। डायमंड हार्बर ने गति पर अपना दबदबा बनाए रखा। लुका माजसेन और जॉबी जस्टिन की मदद से एक तेज मूव के बाद पॉल ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया, हालाँकि इसमें सटीकता की कमी थी।

## जीएसटी सुधार के साथ वैश्विक कारकों का दिखेगा बाजार पर असर

एजेंसी



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों का रुख मुख्य रूप से घरेलू स्तर पर जीएसटी सुधारों की घोषणा के साथ वैश्विक कारकों से प्रभावित होगा।

उम्मीद की जा रही है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में होने वाले बड़े बदलावों की घोषणा का बाजार पर अनुकूल प्रभाव होगा, हालाँकि निवेशक और ज्यादा विवरण की प्रतीक्षा कर सकते हैं।

इसके अलावा ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में गति तेज होने की उम्मीद जगी है। देखने वाली बात होगी की दुनिया भर के शेयर बाजारों में इस पर कैसी प्रतिक्रिया रहती है।

ट्रंप-पुतिन वार्ता से पहले बीते सप्ताह शेयर बाजारों में तेजी रही। बाजार में चार दिन कारोबार हुआ जिसमें सोमवार, बुधवार और गुरुवार को तेजी रही जबकि मंगलवार को गिरावट रही। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बाजार बंद रहे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 739.87 अंक (0.93 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 24,631.30 अंक पर पहुँच गया। लगातार छह साप्ताहिक गिरावट के बाद शेयर बाजारों में तेजी आयी है। वहीं, 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 1.17 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.89 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में साप्ताहिक तेजी रही जबकि सात अन्य कंपनियों में गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 5.83 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स में 4.93 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.79 फीसदी और सनफार्मा में 3.52 फीसदी की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 2.75 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 2.72 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.18 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गयी। अडानी पोर्ट्स ने सबसे ज्यादा 1.79 प्रतिशत का नुकसान उठाया। बजाज फाइनेंस में 1.76 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.71 प्रतिशत और आईटीसी में 0.72 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टीसीएस के शेयर भी गिर कर बंद हुये।

### शीर्ष 10 में शामिल पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 60,675 करोड़ रुपये बढ़ा

मुंबई। शेयर बाजारों में बीते सप्ताह लौटी तेजी से बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल पाँच कंपनियों का बाजार पूँजीकरण (एम-कैप) 60,675 करोड़ रुपये बढ़ गया। वहीं, अन्य पाँच कंपनियों का एम-कैप 39,610 करोड़ रुपये कम हुआ। उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, सप्ताह के दौरान शेयर में 2.75 प्रतिशत उछाल के कारण भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 20,445 करोड़ रुपये बढ़ा। इसी प्रकार एचडीएफसी बैंक का एम-कैप 14,083.51 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 9,887 करोड़ रुपये बढ़ गया। भारती एयरटेल के एम-कैप में 8,411 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज के एम-कैप में 7,849 करोड़ रुपये की साप्ताहिक बढ़त रही। बाजार पूंजीकरण में सप्ताह के दौरान सबसे अधिक नुकसान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुआ। उसका एमकैप 15,306 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस का एम-कैप 9,601 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 6,513 करोड़ रुपये कम हुआ। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 4,558.79 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलिवर का 3,630 करोड़ रुपये घट गया। बाजार पूंजीकरण के मामले में गत शुक्रवार को कारोबार की समाप्ति पर 18,59,023 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक का एमकैप 15,28,387 करोड़ रुपये और टीसीएस का 10,93,350 करोड़ रुपये रहा और वे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## ‘भारत’ तक पहुंच बनाने के लिए स्वदेशी एलएलएम की तलाश में कंपनियां

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रौद्योगिकी और ऐप आधारित सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां अब देश के अंदरूनी हिस्सों यानी ‘भारत‘ तक पहुंच बनाने के लिए स्वदेशी लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) की तलाश में हैं और वैश्विक कंपनियों के साथ घरेलू कंपनियों से भी समझौते कर रही हैं।

देश के छोटे शहरों और ग्रामीण इलाके के लोग ऐप का इस्तेमाल करते समय या इंटरनेट पर प्रश्न पूछते समय अपनी मातृभाषा में ज्यादा सहज महसूस करते हैं। इसके अलावा, यदि वे हिंदी या अंग्रेजी बोलते भी हैं तो उसका अंदाज देशी होता है जिससे विदेशी एलएलएम के लिए उनकी बात को सही ढंग से समझ पाना आसान नहीं होता। यही कारण है कि कंपनियाँ स्वदेशी एलएलएम की तरफ रुख कर रही हैं। हाल ही में छुट्टियों की प्लानिंग के लिए बहुभाषाई जेनरेटिव एआई (जेन-एआई) सहायक लॉन्च करने वाली मेकमाई ट्रिप के मुख्य तकनीकी अधिकारी (सीटीओ) संजय मोहन ने बताया कि फिलहाल इसे हिन्दी और अंग्रेजी में शुरू किया गया है आगे जाकर इसमें और भी भाषाओं को जोड़ने की योजना है। उन्होंने कहा कि अगली भाषा कौन सी होगी यह अन्य कारकों के साथ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि उस भाषा में कितना डाटा उपलब्ध है। श्री मोहन ने कहा कि एलएलएम के लिए विदेशी के साथ दो-तीन भारतीय भाषाओं की कंपनियों से भी करार किया गया है क्योंकि ‘भारत‘ कारोबार करने के लिए सिर्फ विदेशी एलएलएम के साथ काम नहीं चलाया जा सकता। यूनिसेफ इंडिया में आईटी एवं डिजिटल नवाचार के प्रमुख गिबसन रिउन्गावा ने पिछले दिनों उद्योग संगठन फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा था कि 10 में से नौ इंटरनेट यूजर अपनी भाषा में इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि आप जिस भाषा में जानकारी मांग रहे हैं आपको उसी भाषा में उसका उत्तर मिलना चाहिये। सरकार ने आम लोगों की इसी जरूरत को समझते हुए इंडियाएआई मिशन के तहत इस साल 26 अप्रैल को सर्वम् एआई नाम की कंपनी को भारत के स्वदेशी एलएलएम पारिस्थितिकी तंत्र के विकास की जिम्मेदारी दी है। उसे 120 अरब पैरामीटर पर आधारित ओपन सोर्स एआई मॉडल विकसित करने के लिए कहा गया है ताकि प्रशासन और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच आसान हो सके। ओपन सोर्स होने के कारण इस एलएलएम का इस्तेमाल कोई भी कर सकता है। इसके अलावा सॉकेट एआई को देश का पहला 120 अरब पैरामीटर वाला ओपन-सोर्स फाउंडेशन मॉडल विकसित करने की जिम्मेदारी दी गयी है जो रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के लिए देश की भाषाई विविधता के अनुकूल हो।

### विकसित राष्ट्र की बुनियाद कारोबार की स्वतंत्रता पर : अनिल अग्रवाल

नयी दिल्ली। खनिज और धातु कारोबार जगत के दिग्गज उद्यमी और वेदांता लिमिटेड के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बुनियाद देश में कारोबार की आजादी से हो कर ही निकलेगी। इसके लिए उन्होंने अनुकूल नीति पर बल दिया है। उन्होंने एक बयान में रविवार को कहा , ‘आर्थिक स्वतंत्रता सबसे महत्वपूर्ण कारक है जो यह तय करेगा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनेगा या नहीं।’ भारत को ‘उद्यमियों का देश’ बताते हुए, उन्होंने ऐसी नीतियों और अवसरों का आग्रह किया जो नवप्रवर्तकों को अपनी ऊर्जा और दूरदर्शिता को देश के विकास में लगाने की स्वतंत्रता प्रदान करें। श्री अग्रवाल ने भारत के प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदारी युक्त दोहन और रक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में अपनी क्षमता का दोहन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र देश को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर सकते हैं। वेदांता प्रमुख ने भारत की संभावनाओं के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुये कहा ‘‘ सामूहिक दृढ़ संकल्प के साथ, भारत 2047 तक सबसे मजबूत और सबसे समृद्ध राष्ट्रों में से एक बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।

## अगस्त में एफपीआई ने बाजार से निकाले 11,792 करोड़ रुपये

एजेंसी




मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में घरेलू पूँजी बाजार से 11,792 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की।

यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई ने भारतीय पूँजी बाजार से पैसे निकाले हैं। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा (सीडीएसएल) के आँकड़ों के अनुसार, अगस्त में उन्होंने शुद्ध रूप से 20,975 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। हाइब्रिड में भी उन्होंने 156.42 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। वहीं, डेट और म्युचुअल फंड में एफपीआई लिवाल बने हुये हैं। डेट में उन्होंने 7,828 करोड़ रुपये और म्यूचुअल फंड में 1,511 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

इससे पहले एफपीआई ने शुद्ध रूप से जुलाई में 5,261 करोड़ रुपये और जून में 7,769 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। इस साल मार्च और मई को छोड़कर अन्य सभी महीनों में उन्होंने बाजार से पैसे निकाले हैं। कुल मिलाकर साल 2025 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय पूँजी बाजार से 63,196 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार के अनुसार, पिछले छह सप्ताह में घरेलू संस्थागत निवेशकों की भारी खरीददारी के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन कमतर रहा है। अगस्त के पहले पखवाड़े में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शेयर बाजारों में 24,190 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची है लेकिन घरेलू निवेशकों ने 55,790 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदकर उस असर को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर भारी आयात शुल्क लगाने और अमेरिका-भारत के रिश्ते बिगड़ने से बाजार में निवेश धारणा प्रभावित हुई है। इसके साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणामों के कमतर रहने से भी निवेशक सतर्क हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की आईटी सेक्टरों में लगातार बिकवाली से आईटी कंपनियों के शेयर टूट गये। श्री विजयकुमार ने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी आयात शुल्क पर क्या कार्रवाई होती है इसका असर विदेशी संस्थागत निवेशकों के रुख पर देखा जायेगा। उन्होंने उम्मीद जतायी कि यूक्रेन युद्ध पर बात बनने से भारत को 27 अगस्त से प्रस्तावित अतिरिक्त 25 फीसदी आयात शुल्क का सामना नहीं करना पड़ेगा जिसके लिए आदेश पहले ही जारी किया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ और दिल्ली अगले वर्ष के लिए डिवीजन ‘ए’ में पदोन्नत

**जालंधर (पंजाब)।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन रविवार को बिहार और बंगाल ने अपने-अपने मैच जीतकर डिवीजन ‘बी’ का समापन किया। वहीं ओडिशा, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब ने अपने डिवीजन ‘ए’ मैच जीते। चंडीगढ़ और दिल्ली क्रमशः पूल ए और पूल बी में जीत दर्ज करते हुए अगले वर्ष के लिए डिवीजन ‘ए’ में पदोन्नत हुए, जबकि हिमाचल और असम को डिवीजन ‘सी’ में स्थानांतरित कर दिया गया। आज यहां दिन के पहले डिवीजन ‘बी’ मैच में बिहार ने पूल बी में असम को 4-3 से हराया। बिहार के लिए नंदलाल शाह ने (18वें, 47वें) मिनट में गोल किए, साथ ही मोहम्मद अलीशान अहमद ने (पहले) और रंजन कुमार ने (छठे) मिनट में गोल किए। असम के लिए सादिक अहमद (छठे), आशीष कुमार (26वें) और रोहन एक्का (57वें) मिनट में गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। डिवीजन ‘बी’ के आखिरी मैच में बंगाल ने उत्तराखंड पर 4-1 से आसान जीत हासिल की। बंगाल के लिए बिजय शॉ (तीसरे), कैप्टन प्रिंस गब्रियाल धन ने (सातवें), अमन कुमार ठाकुर ने (36वें) और करण शॉ ने (37वें) मिनट में गोल किए, जबकि उत्तराखंड के लिए नवीन प्रसाद ने (60वें) मिनट आखिरी क्षणों में एकमात्र गोल किया। दिन के पहले डिवीजन ‘ए’ मुकाबले में ओडिशा ने पूल डी में कर्नाटक को 2-1 के मामूली अंतर से हराया। कर्नाटक के लिए नितेश शर्मा ने (37वें) मिनट में पहला गोल किया, लेकिन ऋतिक लाकड़ा ने (50वें) और आर्यन जेस ने (51वें) मिनट अंतिम क्वार्टर में लगातार दो गोल दागकर ओडिशा को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में तीन अंक दिलाने में मदद की। अगले डिवीजन ‘ए’ मैच में हरियाणा ने पूल सी में मणिपुर पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। हरियाणा के लिए सुनील ने (15वें), चिराग ने (27वें), नवराज सिंह ने (50वें), राहुल ने (56वें) और अंश कंबोज ने (59वें) मिनट में गोल किए। दिन के अगले मैच में उत्तर प्रदेश ने पूल बी में झारखंड को 2-0 से हरा दिया। दूसरे क्वार्टर में उज्जवल पाल ने (26वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया और तीसरे क्वार्टर में सत्यम पांडे (32वें मिनट) ने मैदानी गोल करके उत्तर प्रदेश की जीत सुनिश्चित की। दिन के अंतिम डिवीजन ‘ए’ मैच में पंजाब ने पूल ए में मध्य प्रदेश को 3-2 से मामूली अंतर से हराया। पंजाब के लिए ओम रजनीश सैनी ने (तीसरे मिनट), लवनूर सिंह ने (14वें मिनट) और जपनीत सिंह ने (41वें मिनट) ने गोल किए। मध्य प्रदेश के लिए मोहम्मद अनस ने (19वें मिनट) और सोहिल अली ने (39वें मिनट) ने दो गोल किए।

### देविका सिहाग ने जीता मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 का खिताब

**इपोह (मलेशिया)।** भारतीय शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। आज यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे। इससे पहले मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में देविका ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर वन और चौथी वरीयता प्राप्त तस्नीम मीर को 11-15, 15-9, 16-14 से मात दी थी। क्वार्टर फाइनल में देविका सिहाग ने जापान की शीर्ष वरीय और दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी मनामी सुइजु को 15-10, 15-11 से हराकर सुर्खियां बटोरी थीं। पहले दो राउंड में, देविका सिहाग ने गैर-वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों मैक्सिको की क्रिस्टीना पेरेज और मलेशिया की ली मुन को सीधे गेमों में शिकस्त दी थी। अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों में, छठी वरीयता प्राप्त इरा शर्मा और अश्मिता चालिहा महिला एकल के राउंड ऑफ 16 में हारकर बाहर हो गईं। इसके अलावा पुरुष एकल में, मिथुन मंजूनाथ ने सेमीफाइनल में बनाई, जबकि शीर्ष वरीय मनराज सिंह को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### अल्काराज फाइनल में, खिताबी भिड़ंत सिनर से

**ओहियो (अमेरिका)।** स्पेन के स्टार कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन में अस्वस्थ एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर लगातार सातवें टूर-लेवल फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी जैनिक सिनर से होगा। शनिवार रात खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने जर्मनी के अस्वस्थ चल रहे ज्वेरेव पर 6-4, 6-3 से जीत दर्ज की। शुरुआती सेट का निर्णय अल्काराज के शानदार प्रदर्शन से हुआ। लेकिन पसीने से लथपथ ज्वेरेव को दूसरे सेट में शारीरिक रूप से संघर्ष करना पड़ा। शुक्रवार को बेन शेल्टन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में अपनी प्रभावशाली जीत के दौरान फिजियो द्वारा उपचार प्राप्त करने वाले जर्मन खिलाड़ी को दूसरे सेट में 2-1 के स्कोर पर मेडिकल टाइमआउट के लिए कोर्ट छोड़ना पड़ा और मैच के बाकी हिस्से में उनकी स्थिति स्पष्ट रूप से कमजोर रही। मैच के बाद अल्काराज ने कहा, किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता जिसके बारे में आपको पता हो कि वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं है। यह और भी मुश्किल हो जाता है जब यह पता हो कि वह शानदार खिलाड़ी है और कोर्ट के बाहर इतना अच्छा इंसान है। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। दूसरे सेमीफाइनल में सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमैन को 7-6 (7-4), 6-2 से हराया, जिससे उनकी हार्ड-कोर्ट जीत का सिलसिला 26 मैचों तक पहुंच गया। ये दोनों युवा सितारे इस खेल की सबसे कड़ी नई प्रतिद्वंद्विता के रूप में उभरे हैं, और सिनर ने विंबलडन में अपने पिछले मुकाबले में जीत हासिल की थी। दोनों ने अपने सेमीफाइनल मुकाबलों की कठिनाई को स्वीकार किया। सिनर ने कहा, ‘‘यह बहुत मुश्किल था, खासकर टाईब्रेक में। टूर्नामेंट के इस चरण में जब भी आप उनसे खेलते हैं, दबाव बहुत ज्यादा होता है। सिनसिनाटी फाइनल में प्रशंसक अल्काराज-सिनर प्रतिद्वंद्विता के एक और अध्याय के लिए तैयार हैं।

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 3 जगह बादल फटा, 7 लोगों की मौत

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। आज कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा।


जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी।

लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा- लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। आज सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है। उन्होंने कहा, ''सड़कों पर पानी भर गया है और बाढ़ का पानी पुराने कठुआ शहर के कई घरों में भी घुस गया है। पुलिस और सेना की टीमों के साथ-साथ एसडीआरएफ को भी बचाव अभियान में लगाया गया है और प्रभावित परिवारों तक पहुँचने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया है। घायलों को अस्पताल पहुँचाया जा रहा है, और उन्हें निकालने के लिए हेलीकॉप्टर की भी व्यवस्था की गई उन्होंने बताया कि कठुआ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राहुल चरक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर पुलिस, एसडीआरएफ और सीआरपीएफ के जवानों की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और जंगलोट के भांगर गांव के दिलवाने इलाके में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। यहां एक मां-बेटी की इस आपदा में मौत हो गई है।

पुलिस, सेना और एसडीआरएफ ने कठुआ के राजबाग के जोडे इलाके में प्रभावित परिवारों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान शुरू किया गया है, जहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित पांच लोगों की इस त्रासदी में मौत हो गई। मृतकों की पहचान गांव भांगर, जंगलोट, कठुआ निवासी रेणु देवी (39), पत्नी प्रवीण सिंह और उनकी बेटी राधिका (9 वर्ष) के रूप में हुई है। इसके अलावा जोडे, घाटी, तहसील राजबाग, कठुआ के निवासी सुरमू दीन (30), उनके बेटे फानू (6), शेदू (5), हबीब दीन के पुत्र ताहू (2 वर्ष), बशीर अहमद की बेटी जुल्फान (15) मृतकों में शामिल हैं। जबकि घायलों की पहचान करूम बेगम (26), राफिया बेगम (4), अर्शिया बेगम (6), परवीन अख्तर (8), गोगली बेगम (26) और नगीना (3 महीने) के रूप में हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा पर प्रतिक्रिया जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया, ''कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन का राहत और बचाव कार्य जारी है और एनडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर पहुँच गई हैं।

# 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत पर बोले राहुल गांधी
# बिहार में 'चुनाव चोरी' नहीं होने देंगे

एजेंसी



सासाराम। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कथित वोट चोरी के खिलाफ यहां से 'वोटर आधिकार यात्रा' शुरू की और इस मौके पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बिहार में चुनाव चोरी करने की साजिश की जा रही है, लेकिन विपक्ष इसे सफल नहीं होने देगा।

उन्होंने यह दावा भी किया कि अब सबको पता चल गया है कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर पूरे देश में वोट की चोरी कर रहा है। यात्रा की शुरुआत से पहले सासाराम के बिआडा मैदान में 'इंडिया' गठबंधन (महागठबंधन) के नेताओं की एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव , भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी और महागठबंधन के कई अन्य नेता शामिल हुए। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा संविधान को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या बढ़ने का फिर से हवाला दिया और दावा किया कि सारे नए मतदाताओं के वोट भाजपा को मिले। राहुल गांधी ने कहा कि इसके बाद बेंगलुरु की महादेवपुरा सीट पर मतदाता सूची के बारे में जानकारी एकत्र की गई। उन्होंने कहा, जब कुछ दिन पहले मैने संवाददता सम्मेलन को संबोधित किया तो निर्वाचन आयोग ने मुझसे हलफनामा मांग। जब कुछ दिन पहले भाजपा के लोगों ने संवाददता सम्मेलन को संबोधित किया तो उनसे कोई हलफनामा नहीं मांगा गया। उनका कहना था, ल्लचुनाव आयोग कहता है- आप हलफनामा दें कि आपका डेटा सही है। ये डेटा तो चुनाव आयोग का है, मुझसे हलफनामा क्यों मांगा जा रहा है? भाजपा के लोगों से कोई हलफनामा नहीं मांगा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब इनकी आखिरी साजिश यह न कि एसआईआर के जरिए मतदाता सूची में नाम जोड़कर और नाम काटकर बिहार में चुनाव की चोरी की जाए, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा, जहां भी वोट की चोरी हो रही है, वहां हम यह चोरी पकड़कर जनता को बताएंगे। राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दबाव में आकर जाति जनगणना कराने की बात कर दी, लेकिन यह पता है कि वह सच्ची जाति जनगणना नहीं कराएंगे। राहुल गांधी ने कहा, ल्लकांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन जातिगत जनगणना करवाएंगे और आरक्षण में 50 प्रतिशत की दीवार तोड़ेगी। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मोदी सरकार का एजेंट बन गया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार 2023 में एक कानून लेकर आई। इस कानून के तहत चुनाव आयोग के प्रमुख या सदस्य कोई गड़बड़ करें, तो भी उन पर प्राथमिकी या आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावा किया, मतलब सरकार ने 2023 में तैयारी की और 2024 में धोखाधड़ी की। इन लोगों ने वोट चोरी की है, इसलिए हमें इन चोरों को हटाना है। राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने आह्वान किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) एकजुट हो और भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंके। उन्होंने कहा, इस बार किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। सब एकजुट हो जाइए और भाजपा को उखाड़ के फेंकिए, ताकि हमारा लोकतंत्र मजबूत हो सके। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कथित ल्लवोट चोरीङ्क के मुद्दे को लेकर भाजपा एवं चुनाव आयोग पर निशाना साधा और कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार से लोकतंत्र खत्म नहीं करने दिया जाएगा। 'इंडिया' गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत के मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि वोट की चोरी नहीं, बल्कि डकैती की जा रही है। यात्रा में बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएआईआर) के मुद्दे को भी उठाया जाएगा। इस यात्रा में 16 दिन में 20 से अधिक जिलों में कुल 1,300 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के कई अन्य घटक दलों ने एसआईआर तथा कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ यह यात्रा बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले निकाली है। सासाराम से शुरू हो रही इस यात्रा का समापन एक सितंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'वोटर अधिकार रैली' के साथ होगा। इस जनसभा में 'इंडिया' गठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल होंगे। यह यात्रा औरंगाबाद, गयाजी, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, छपरा और आरा से होकर गुजरेगी।

# सचदेवा ने द्वारका एक्सप्रेसवे और यूईआर-2 को लेकर जताया मोदी का आभार

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने 11,000 करोड़ रुपये की लागत से बने राष्ट्रीय राजधानी के दो सड़क मार्गों का उद्घाटन करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

श्री सचदेवा ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि केन्द्र सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर)-2 जैसे हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण का कार्य प्रदेश की पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के समय शुरू किया था और आज उसका लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि श्री मोदी ने हमेशा दिल्ली के विकास की चिंता की है।

उन्होंने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड, जो शिव मूर्ति से दिल्ली-हरियाणा सीमा तक जाता है और अर्बन एक्सटेंशन रोड-II (यूईआर-II) का लोकार्पण किए जाने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी आभार जताया और कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर का गवाह दिल्ली के लाखों लोग हुए जिन्होंने एक सुर में बोला धन्यवाद मोदी जी। श्री सचदेवा ने कहा कि पिछले 10 सालों से जो विकास के अधूरे काम दिल्ली में रुके हुए थे अब वह भाजपा की डबल इंजन की सरकार पूरा करने का काम कर रही है। दिल्ली को विकास की नयी रफ्तार देने का काम आज श्री मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि राजधानी में भीड़भाड़ कम करने के लिए विकसित मार्गों से यातायात में व्यापक सुधार, समय में बचत और दिल्ली तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 10.1 किलोमीटर लंबा द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि 3.6 किलोमीटर का लंबा एक शानदार टनल भी दिल्ली वालो को भेंट किया गया है। यह खंड यशोभूमि, डीएमआरसी की ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन, आगामी बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। श्री सचदेवा ने कहा कि यूईआर -2 का अलीपुर से दीछाऊं कलां तक का हिस्सा, बहादुरगढ़ और सोनीपत से नए संपर्कों के साथ, लगभग 5,580 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह दिल्ली की इनर और आउटर रिंग रोड तथा मुकर्बा चौक, धौला कुआं और एनएच-09 जैसे व्यस्त स्थानों पर ट्रैफिक को कम करने में मदद करेगा।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने आर्थिक विषयों पर चर्चा के लिए 19-20 को बैठक

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने राजधानी दिल्ली में आगामी 19-20 अगस्त को आर्थिक विषयों चर्चा के लिए अचानक बैठक बुलाई है। संघ सूत्र के अनुसार इस बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत और सभी पदाधिकारियों के भाग लेने की संभावना है। हालांकि सूत्र ने बताया कि संघ की तरफ से आर्थिक विषयों पर काम करने वाले संगठन समय-समय पर बैठक कर आपस में चर्चा करते हैं। यह भी उसी तरह की बैठक का हिस्सा है। हालांकि यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद के मामले पर भी चर्चा होगी क्योंकि संघ ने अमेरिका के टैरिफ लगाने का संघ ने अपने मुखपत्र में विरोध जताया था। बैठक में आगामी भाजपा अध्यक्ष और उपराष्ट्रपति उम्मीदवार पर भी चर्चा के कयास लगाए जा रहे हैं।

# ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से लौटे शुक्ला का स्वदेश आगमन पर भव्य स्वागत

एजेंसी



नयी दिल्ली। महत्वाकांक्षी एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का रविवार तड़के अमेरिका से यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा जितेन्द्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा शर्मा और इसरो के शीर्ष वैज्ञानिक नेतृत्व ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। ग्रुप कैप्टन शुक्ला की पत्नी भी इस अवसर पर मौजूद थी। ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस महत्वपूर्ण मिशन पर 25 जून को नासा के फ्लोरिडा स्थित केन्द्र से रवाना हुए थे। अंतरिक्ष में 18 दिन के अभियान के दौरान सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के बारे में सफल प्रयोग करने के बाद वह 15 जुलाई को पृथ्वी पर वापस लौटे थे। पिछले चार दशकों में वह अंतरिक्ष में जाने वाले वह पहले भारतीय हैं। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने आईएसएस की यात्रा को गौरव का क्षण बताते हुए इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन से मुलाकात की और आईएसएस में अपने अनुभव साझा किए। ग्रुप कैप्टन शुक्ला के आज या कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की उम्मीद थी। डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक्स पर लिखाा, ल्लभारत के लिए गौरव का क्षण! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इसे संभव बनाने वाली व्यवस्था के प्रति कृतज्ञता का क्षण। डॉ. सिंह ने कहा भारत का अंतरिक्ष गौरव। भारत की धरती को छू रहा है... क्योंकि भारत माता के प्रतिष्ठित सपूत, गगनयात्री शुभांशु शुक्ला आज सुबह-सुबह दिल्ली पहुंचे हैं। स्वदेश लौटने के लिए उड़ान में सवार होने के बाद ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने मिशन के दौरान अपने एक साल के अनुभव को याद करते हुए एक भावुक नोट लिखा और कहा कि वह भारत लौटने और अपने अनुभव सभी के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने लिखा, ल्लभारत वापस आने के लिए विमान में बैठते ही मेरे दिल में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझे उन शानदार लोगों को पीछे छोड़कर बहुत दुख हो रहा है जो इस मिशन के दौरान पिछले एक साल से मेरे दोस्त और परिवार रहे हैं। मैं मिशन के बाद पहली बार अपने सभी दोस्तों, परिवार और देश के सभी लोगों से मिलने के लिए भी उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि ज़िंदगी यही है - सब कुछ एक साथ। मिशन के दौरान और बाद में सभी से अविश्वसनीय प्यार और समर्थन मिलने के बाद, मैं आप सभी के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए भारत वापस आने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। अलविदा कहना मुश्किल है लेकिन हमें ज़िंदगी में आगे बढ़ते रहना चाहिए। जैसा कि मेरी कमांडर स्नेह के साथ कहती हैं, 'अंतरिक्ष उड़ान में एकमात्र स्थिर चीज़ परिवर्तन है'। मेरा मानना है कि यह बात ज़िंदगी पर भी लागू होती है। हिन्दी फिल्म के एक गाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा ,मुझे लगता है कि दिन के अंत में - यूं ही चला चल रही - जीवन गाड़ी है समय पहिया।

# राहुल के किसी भी प्रश्न का जवाब नहीं मिला : जयराम

एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि आयोग ने रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठाए गए किसी भी प्रश्न का सार्थक जवाब नहीं दिया। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने एक्स पर जारी अपने पोस्ट में कहा कि असली सवाल सिर्फ यह है कि क्या चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त 2025 के आदेशों को बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया में अक्षरशः लागू करेगा? उन्होंने कहा कि ऐसा करना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है और पूरा देश इसे देख रहा है और इंतजार कर रहा है। श्री रमेश ने लिखा है कि ये संवाददाता सम्मेलन ऐसे समय पर आयोजित किया गया जब तीन दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की हर एक दलील को खारिज करते हुए बिहार में एसआईआर के दौरान हटाए गए 65 लाख मतदाताओं की सूची प्रकाशित करने का आदेश दिया है। श्री जयराम ने लिखा कि जहाँ तक राहुल गांधी को मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा दी गई धमकियों का सवाल है, तो इतना कहना काफ़ी है कि उन्होंने केवल वही तथ्य रखे हैं जो चुनाव आयोग के अपने आँकड़ों से सामने आए हैं। चुनाव आयोग अब न केवल अपनी अक्षमता बल्कि खुली पक्षपात के लिए भी पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उचित यही होगा कि चुनाव आयोग डराने-धमकाने की जगह जांच करे।

# पेज एक का शेष

## वोट चोरी का...

खड़ा है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल चुनाव आयोग के पंजीकरण के साथ बनते हैं। आयोग न तो किसी के पक्ष में हो सकता है और न विपक्ष में। आयोग के लिए सभी समकक्ष हैं। उन्होंने महाराष्ट्र की मतदाता सूची के बारे विपक्ष के आरोपों को लेकर कहा कि वहां पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव से पहले सूचियों की सरसरी समीक्षा का मसौदा और चुनाव के समय हर उम्मीदवार को पक्की सूची दी गयी थी, लेकिन आठ महीने तक किसी ने उस पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं करायी थी और अब उसे मुद्दा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भी हलफानामा देने के लिए कोयी तैयार नहीं है। श्री कुमार ने एक मतदाता द्वारा एक से अधिक स्थानों पर वोट देने, मतदाता सूचियों में पते में शून्य अंकित होने जैसे मुद्दों पर पूछे गये सवालों के जवाब में कहा कि सूची में नाम होने और न होने तथा वोट देने का मुद्दा अलग-अलग है, इन्हें एक साथ जोड़कर चुनाव आयोग के बारे में भ्रम फैलाया जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि एक व्यक्ति का चुनाव में दो जगह वोट देना अपराध है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस तरह की बात कर मतदाताओं को बिना किसी साक्ष्य या शपथ-पत्र के अपराधी नहीं बताया जा रहा है? उन्होंने कहा कि सूची में त्रुटि संभव है पर ''मतदान की चोरी का आरोप संविधान का अपमान है। घर के पते के स्थान पर शून्य दर्ज होने के मामले में उन्होंने कहा, ल्लदेश में ऐसे बहुत से नागरिक है, जिनके पास घर नहीं है। वे किसी पुल के नीचे, किसी लैंप पोस्ट या बिना पते की जगह पर रहते हैं। वे भारत के नागरिक हैं और उन्हें मतदाता के तौर पर पंजीकरण करवाने का संवैधानिक अधिकार है। ऐसे लोगों के लिए आयोग की कम्प्यूटर प्रणाली में घर के पते की जगह शून्य दर्ज हो जाता है। श्री कुमार ने कहा कि मलिन बस्तियों या गांव में मकानों पर नंबर नहीं पड़े हैं और उनमें रहने वालों के पते के स्थान पर भी शून्य दर्ज किया जाता है। उन्होंने कहा कि घर के पते के स्थान पर शून्य दर्ज किये जाने को लेकर आपत्ति उठाना गरीबों का अपमान है। आयोग ने बिहार में मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे राज्य की सूची के नये मसौदे में किसी भी कमी में सुधार के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करें और दावे तथा आपत्तियों के लिए इस महीने के अंत तक बचे समय का उपयोग करें। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, ल्लविशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सारी त्रुटियों का यही जवाब है कि सभी राजनीतिक दल और सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर काम करें। बिहार में अभी सूची के मसौदे पर दावे और आपत्तियों के लिए 15 दिन का समय बाकी है। इस दौरान यदि वे त्रुटियों को दूर कराने में सहयोगी होंगे, तो आयोग उनका शुक्रगुजार होगा।ङ्क उन्होंने कहा कि आयोग का नारा है कि मतदाता सूची में किसी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे और किसी अपात्र का नाम न बचे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने का तरीका ही एसआईआर है। इसमें मतदाताओं से छपे हुए गणना फॉर्म भरवाए जाते हैं और उसके आधार पर बनी सूची बिल्कुल नयी होती है। उन्होंने बताया कि पिछला एसआईआर दो दशक से भी पहले हुआ था। इसलिए बिहार से शुरू करायी जा रही एसआईआर में बड़ी संख्या में ऐसे नाम उजागर हुए हैं जो मर गये हैं, स्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं या वे राज्य में ही एक से अधिक जगह पर मतदाता के तौर पर पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोग, मतदाताओं और राजनीतिक दलों की साझा जिम्मेदारी है कि सूचियां शुद्ध हों। उन्होंने कहा कि बिहार में एक सितंबर से पहले आने वाली आपत्तियों पर अधिकारी सुनवाई कर त्रुटि निकाल सकते हैं। उसके बाद अपील में ही जाना होगा। उन्होंने कहा कि आयोग ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 56 घंटे के अंदर ही जिला स्तर की सूचियां तैयार कर दी हैं।

## संविधान के झंडाबरदार...

नाचते हैं ना, वो संविधान को कैसे कुचलते थे, वे बाबा साहब की भावनाओं को कैसे दगा देते थे थे, मैं आज वो सच्चाई आपको बताने जा रहा हूं। मैं कहता हूं आप यह सुनकर सन्न रह जाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली में सफाईकर्मियों के लिए ऐसे कानून बना रखे थे कि यदि कोई सफाईकर्मी एक दिन काम पर नहीं आता था तो उसे एक महीने के लिए जेल में डाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने इन कानूनों को समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा ,ल्ल मेरे सफाई कर्मी भाई बहन जो दिल्ली में काम करते हैं । उनके लिए एक खतरनाक कानून था इस देश में। दिल्ली नगर निगम अधिनियम में एक बात लिखी थी कि यदि कोई सफाई कर्मी मित्र बिना बताए एक दिन काम पर नहीं आता तो उसे एक महीने के लिए जेल में डाला जा सकता था। आप बताइए, खुद सोचिए कि सफाई कर्मियों को लोग क्या समझते थे। क्या आप उन्हें जेल में डाल देंगे वह भी एक छोटी सी गलती के कारण। आज जो सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उन्होंने ऐसे कई नियम कानून देश में बने हुए रखे थे। यह मोदी है जो इस तरह के गलत कानून को खोज खोज कर के खत्म कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा पिछली सरकारों ने दिल्ली को गढ्ढे में गिरा दिया था। दिल्ली को उस गर्त से निकालने और विकास के धरातल पर आगे बढाने के कठिन काम को भाजपा सरकार पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली और आसपास के सभी राज्यों में भाजपा की सरकारें है और इसलिए एनसीआर का विकास करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि कुछ दलों को भाजपा को मिल रहे जन विश्वास पर भरोसा नहीं है। उन्होंने यमुना के पानी में हरियाणा में जहर मिलाने के दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार के नेताओं के बयानों का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि जनता ही हमारी हाई कमान है, हम जनता के जीवन को बेहतर बनायें, यही हमारी नीति और संकल्प है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में युवाओं को पारदर्शिता से नौकरी दी जा रही है। दिल्ली में झुग्गी वालों को पक्के घर, गैस कनेक्शन और बिजली दी जा रही है। पिछले 11 साल में देश में रिकार्ड सड़कें , स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम और अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है। हिंडन (गाजियाबाद) से विभिन्न शहरों को उड़ानें परिचालित की जा रही है। नोएडा एयरपोर्ट भी जल्दी ही शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के समय में दिल्ली में योजनाएं तो बहुत बनी लेकिन काम नहीं किया गया । जनता ने भाजपा को मौका दिया तो काम शुरू हुआ और अब हर क्षेत्र में काम हो रहा है। द्वारका एक्सप्रेस - वे जैसी परियोजनाएं शुरू हुयी हैं और उनकी सरकार ने अवसंरचना विकास का बजट बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री ने आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया उनमें द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग-2 भी शामिल है। इस अवसर पर केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, राज्य मंत्री अजय टमटा और हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना,मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली सरकार के मंत्रीगण, सांसद तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सी.पी. राधाकृष्णन...

नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा बोर्ड के अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि श्री राधाकृष्णन को सर्व सम्मति से राजग का उम्मीदवार चुना गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राजग में शामिल अन्य दलों से भी चर्चा हो गयी है और विपक्षी दलों से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि उपराष्ट्रपति निर्विरोध चुने जाएं। उन्होंने सभी सांसदों से श्री राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील की।

